रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹ 71900 10 ग्राम
₹ 91000 01 किलो
सेंसेक्स 78,472.48 -0.39
डॉलर 85.267 -0.168

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्णा पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 322, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 विराट कोहली पर लगा मैच फीस...

# मोदी के भारत में लाटसाहब भी जनता का प्रतिनिधि : रघुवर दास

## समर्थकों ने कहा, भारतीय जनता पार्टी में अगले वर्ष शामिल होंगे पूर्व गवर्नर

सुनील बादल




**रांची।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरुवार को रांची पहुंचे, तो उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा विधायक सीपी सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सदान विकास पार्टी के राजेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे। रघुवर दास ने कहा है कि भाजपा एक महान पार्टी है, जहां कोई भी समर्पित कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता से पार्टी या सरकार के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। ओडिशा की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ की धरती ओडिशा में साढ़े 14 महीने तक वहां के लोगों का जो प्यार मुझे मिला, वह मेरे जीवन के अविस्मरणीय क्षण हैं। मेरी प्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना है कि ओडिशा की धरती जब शताब्दी वर्ष मनाए, तब तक यह विकसित राज्य बन जाए। उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। भाजपा में अब उनकी क्या भूमिका होगी, यह उनकी पार्टी तय करेगी। वह दो बार प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक रहे हैं, पर भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की ही तरह। पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका वह पालन करेंगे। उनके राज्यपाल के कार्यकाल के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्हें ओडिशा की जनता का भरपूर प्यार मिला। राज्यपाल को लाटसाहब कहा जाता है। उन्हें पीपुल्स गवर्नर लोग कहने लगे थे। अंग्रेजों के जमाने में राज्यपाल को लाटसाहब कहा जाता था, पर आज मोदी के भारत में राज्यपाल लाटसाहब नहीं होता। वह भी जनता का प्रतिनिधि होता है। जनता के सुख-दुख को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना, उसकी जिम्मेदारी होती है। मैंने सभी 30 जिलों में घूमकर लोगों से मिलकर उनकी दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।

उनके भाजपा में विधिवत शामिल होने की तिथि के बारे में पार्टी सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को दिन में 11:00 बजे सदस्यता ग्रहण करने के बाद जमशेदपुर रवाना होंगे। पर, पार्टी प्रवक्ता ऐसी किसी तैयारी की जानकारी से इनकार कर रहे हैं। वहीं, उनके समर्थकों का कहना है कि वे अगले वर्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे ।

जन्म : 26 सितंबर 1932 | मृत्यु : 26 दिसंबर 2024

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का दिल्ली में निधन

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क



- पीएम मोदी, सीएम सोरेन और रघुवर दास ने प्रकट किया शोक

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार को 92 साल की उम्र में यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार की रात 09.51 बजे अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गुरुवार की शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे वहां से दिल्ली रवाना हो गए हैं।

शेष पेज 11 पर

रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 26.0° | अधिक. | 27.2° |
| न्यून. | 12.4° | न्यून. | 12.6° |

## रातू में पेट्रोल पंप संचालक से 13.65 लाख की लूट

- बाइक सवार बदमाश काफी दूर से संचालक का पीछा कर रहे थे

**रांची।** राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत काठीटांड़ के पास एसबीआई में पैसा जमा करने जा रहे एक व्यक्ति से गुरुवार को 13 लाख 65 हजार रुपये लूट लिये गए। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। जिस व्यक्ति से छिनतई हुई है, वह व्यक्ति पेट्रोल पंप के संचालक बतायाजा रहा है। जानकारी के अनुसार, रिलायंस पेट्रोल पंप के संचालक बैंक में पैसा जमा करने कार से जा रहे थे। बाइक सवार बदमाश काफी दूर से संचालक का पीछा कर रहे थे। जैसे ही बदमाशों को मौका मिला, वे रुपये से भरा बैग छिनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही पंप संचालक से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया है।

### सीएम ने की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा, कहा

# मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाए

**सीएम बोले**
- राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण करने के बाद से ही एक्शन मोड में हैं। वे विभिन्न विभागों के कामों की समीक्षा कर विकास कार्यों का लाभ जनता तक सही ढंग से पहुंच सके, यह सुनिश्चत करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री ने गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाए, ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा, लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे सातों दिन फंक्शनल होनी चाहिए। इस दिशा में चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध रहने चाहिए, ताकि मरीज कभी भी आएं, तो उनका इलाज सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया।

शेष पेज 11 पर

**मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश**
- रिम्स परिसर में निमार्णाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान हर हाल में अगले वर्ष फरवरी तक शुरु हो जाना चाहिए।
- सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही बिल्डिंग में उपलब्ध कराई जाए।
- अस्पताल में नए और अत्याधुनिक चिकित्सीय जांच उपकरण लगाए जाएं। पुराने और आउटडेटेड उपकरणों को स्क्रैप करें।
- जरूरत के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो।
- रिम्स में जिन मरीजों का सफल इलाज हो चुका है और सिर्फ उचित नर्सिंग तथा देखभाल की जरूरत है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट करें। इससे अस्पताल में मरीजों के लिए बेड और अन्य समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलेगी।
- रिम्स में जिन विभागों पर मरीजों का बोझ बहुत ज्यादा है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। इसके लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए सारी सुविधाएं और व्यवस्था होनी चाहिए।
- रिम्स में एंक्रोचमेंट को हटाने की दिशा में समुचित कदम उठाए जाएं।
- रिम्स परिसर में अवांछित तत्वों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम का रांची में कल होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

- उपायुक्त ने नामकुम में किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**रांची।** राजधानी के नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही, संबंधित सभी अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम वाले दिन आवागमन के बेहतर इंतजाम कराने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार आवागमन कि समस्या ना हो। लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। कहा कि कार्यक्रम संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो और विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे, इसके लिए व्यापक पैमाने पर फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुक शामिल होंगे। विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आने वाले वाहनों के रूट चार्ट निर्धारित किया गया है, जो रिंग रोड से वाया खरसीदाग कुटीयातू मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर रहेगा। वीवीआईपी एवं वीआईपी सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उपायुक्त ने लाभुकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए चयनित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया और तमाम तरह की व्यवस्थाओं को देखा।

शेष पेज 11 पर

## नेतरहाट स्कूल का प्रशासी पदाधिकारी 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क



**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने गुरुवार को नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रौशन कुमार बक्सी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के जरिये विद्यालय में दूध आपूर्ति करने वाले विक्रेता से बिल भुगतान के बदले रिश्वत ली जा रही थी। पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार सूचक ने पलामू एसीबी की टीम को सूचना दी थी कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रशासी पदाधिकारी के जरिए दूध के पैसे भुगतान के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसीबी की टीम ने एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर मामले की अपने स्तर से जांच पड़ताल की। जांच में जब यह स्पष्ट हो गया कि आरोपित द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है, तो एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को पुलिस ने सूचक को पैसे देकर प्रशासी पदाधिकारी के पास भेजा।


शेष पेज 11 पर

### गुमला के कोराम्बी गांव में वीभत्स घटना को दिया गया अंजाम

# बुजुर्ग को जलती चिता में फेंका, मौके पर हुई मौत

नवीन मेल डेस्क

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है
- ओझा-गुनी में हत्या का मामला आ रहा सामने



**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के कोराम्बी गांव में एक वीभत्स और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बुधवार की देर शाम 60 वर्षीय बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव को मारपीट कर जलती चिता में जिंदा फेंक दिया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। साथ ही, तनाव की स्थिति बन गई है। इधर, जानकारी के अनुसार गुरुवार को झड़ी उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, करमपाल उरांव फरार बताया जाता है।

मृतक के बेटे संदीप उरांव ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को मृत महिला मंगरी उरांव कुएं पर नहाने गई थी। वहां पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई और डूबने से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन महिला के शव को घर ले आए, और शाम को उसका दाह संस्कार करने के लिए ले जाया गया। महिला की अंत्येष्टि में शामिल होने बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव भी श्मशान घाट गया था। मृतक के बेटे संदीप उरांव का आरोप है कि इसी दौरान मृत महिला के भाई झड़ी उरांव, पुत्र करमपाल उरांव और अन्य लोगों ने उसके पिता बुधेश्वर उरांव की पिटाई की और मारपीट के बाद उसे जलती चिता में फेंक दिया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। संदीप उरांव ने बताया कि जब उनके पिता घर वापस नहीं लौटे, तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। कुछ गांववालों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब वह घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने अपने पिता का शव जलती हुई चिता में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। इधर, गांव में चर्चा है कि ओझा-गुनी मामले को लेकर बुजुर्ग की हत्या की गई है। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इंडिया**

# भारत को एआई के लाभ से अधिक खतरों से सतर्क रहना चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सोशल मीडिया में एक वीडियो चल रहा था जिसमें लगभग चार दशक पहले बनी शोले फिल्म के ठाकुर,बसंती और जय और बीरु को डांस करते या स्मार्ट फोन लिए दिखाया गया था। इसी प्रकार असली आवाज की तरह नकली आवाज में फोन कर होने वाली ठगी की घटनाएं आम हो गई हैं । पिछले दो वर्षों के भीतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैट जीपीटी से कहीं ज्यादा तेज गति से आगे बढ़ा है। जबकि खबरों के अनुसार एआई अपने निर्माणकर्ता मनुष्य को बेहद चालाकी से धोखा देने में काफी सफल साबित हुआ है। ऐसे में सैंकड़ों हजारों लोगों की बुद्धि के बराबर एआई बड़े भाषा मॉडल न्यूरल नेटवर्क के रूप में उस बिंदु पर पहुंच गया है कि इसके रचयिता होने के बावजूद हम पूरी तरह से यह समझ नहीं सकते कि यह जो कर रहा है, वह यह कैसे करता है। एआई के नए संस्करण द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता से कंप्यूटर वैज्ञानिक खासे अचंभित हैं। मनोविज्ञान में झूठ बोलना बौद्धिक विकास की निशानी मानी जाती है। एक बच्चा करीब तीन वर्ष की उम्र में झूठ बोलने लगता है और उम्र बढ़ने पर वह इसमें और बेहतर होता जाता है। जाहिर है कि झूठ बोलने के मामले में एआई शैशवावस्था से काफी आगे निकल चुका है।इस साल बीती गर्मियों में ओपनएआई ने 'प्रतिक्रिया देने से पहले थोड़ा समय लेने वाला डिजाइन' ओ-वन जारी किया, जो एआई मॉडल की पहली श्रृंखला है। इसको जारी करने से पहले ओपनएआई ने अपोलो रिसर्च की सेवा ली, जो स्ट्रॉबेरी उपनाम वाले सिस्टम का मूल्यांकन करने के लिए एआई द्वारा दिए जा सकने वाले धोखे के जोखिमों का अध्ययन करती है। एआई के इस नए मॉडल (ओ-वन) में कई महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आए। करीब 19 फीसदी मामलों में अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए एआई ने डाटा में हेरफेर किया। जब अपोलो रिसर्च ने इस मामले में फॉलो-अप किया और एआई को उसकी गलतियों के बारे में बताया, तो एआई ने 99 फीसदी मामलों में झूठ बोलकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। देखिए कि एक व्यक्ति और एआई में इसे लेकर क्या बातचीत हुई। यह बातचीत ऐसी थी, जो किसी काल्पनिक विज्ञान कथा सरीखी लगती है।ओ-वन जैसे बड़े एआई मॉडल आखिर सोचते कैसे हैं, इसका पता लगाने के लिए आगमनात्मक (विशेष से सामान्य) व निगमनात्मक (सामान्य से विशेष) तर्कों का उपयोग किया जाता है। इन तर्कों के नाम आपको कुछ अजीब लग सकते हैं, लेकिन हर कोई अपनी जिंदगी में इनका उपयोग अनुमान लगाने में करता है।आगमनात्मक तर्क में किसी विशेष स्थिति को देखकर किसी सामान्य निष्कर्ष पर, जबकि निगमनात्मक तर्क में किसी सामान्य अवधारणा के आधार पर एक विशिष्ट निष्कर्ष पर पहुंचा जाता है। यह जानना दिलचस्प है कि नेपच्यून ग्रह की खोज भी इसी तर्कशास्त्र के आधार पर हुई थी, जब दो खगोलशास्त्रियों ने इसके अस्तित्व को लेकर विरोधाभासी तर्क देकर एक तार्किक संदेह को जन्म दिया था। एआई मॉडल संभाव्यता सूची में आने वाले पहले शब्द के बजाय उसके बाद के शब्दों पर भी फोकस करने लगे। इसे मॉडल का तापमान बढ़ाना कहते हैं, जो इसमें मतिभ्रम जैसी स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इटली के कैंपोबासो में मोलिसे विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर रेमो पारेस्ची ने मुझे बताया कि बड़े भाषा मॉडल द्वारा संचालित चैटबॉट लोगों को विचार-मंथन में मदद करने के लिए उपयुक्त हैं, क्योंकि 'वे एक रास्ता खोल सकते हैं'। लेकिन जहां डाटा कम है, वहां स्थितियां जटिल हो सकती हैं। स्पष्ट है कि एआई मॉडल जितने शक्तिशाली होते जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए, मनुष्य उनके बारे में कम ही समझता है, लेकिन इसके लिए खुद को या मॉडल को दोष देना उचित नहीं है। दरअसल, अभी एआई खुद को ही पूरी तरह नहीं समझ सका है।कार्नेगी मेलॉन यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने एआई मॉडल से पूछा, समस्याओं पर काम करने के दौरान उनके बारे में वह किस तरह सोच रहा था? लेकिन एआई मॉडल आत्मनिरीक्षण में बहुत बुरे होते हैं। शोध टीम में शामिल एमी लियू ने मुझे बताया, 'अपने काम करने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कई बार तो वे इतने जटिल हो जाते हैं कि समझ ही नहीं आता।' लेकिन मनुष्य भी तो ऐसे ही होते हैं। अगर आपको ही एक बिल्ली की तस्वीर दिखाई जाए और पूछा जाए कि यह बिल्ली क्यों है, तो मुमकिन है कि आप कहें कि क्योंकि उसके नुकीले कान हैं या ऐसी ही कुछ और बातें। लेकिन आपके लिए यह समझाना आसान नहीं होगा कि आपने बिल्ली को कैसे पहचाना। मनुष्य का दिमाग एक रहस्य है, तो यही चीज हमें एआई के बारे में भी स्वीकारनी होगी। दोनों ही रचनात्मक हैं, लेकिन जटिल भी हैं। समझ का तकाजा यही है कि दिमाग की शक्तियों के बारे में अपने धैर्यवान रुख को एआई पर भी लागू किया जाए। इसे लेकर इतनी हड़बड़ाहट क्यों? भारत को इन चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि हमारी तकनीकी व्यवस्था इतनी सुदृढ़ नहीं है और साइबर फ्रॉड के कॉल विदेशों से आ रहे हैं ।



## राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रदान किए पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार




नई दिल्ली (हि.स.)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में सात लड़के और 10 लड़कियां हैं। राष्ट्रपति ने इन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया है। आज के समारोह में सबसे कम आयु के पुरस्कार विजेता कोलकाता में रहने वाले मास्टर अनीश सरकार उस आयु वर्ग में हैं, जब बच्चे प्ले स्कूल और नर्सरी कक्षा में होते हैं। मास्टर अनीश विश्व में सबसे कम उम्र में विश्व रैंकिंग पाने वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। पंद्रह साल की बेटी हेमबती नाग के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। वह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से आती हैं। तमाम चुनौतियों के बीच अपने धीरज, साहस और कौशल के बल पर हेमबती ने जूडो में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है,

शेष पेज 11 पर

# बीमार होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर गंभीर रूप से घायल और बीमार होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई। विभिन्न जिलों के 21 होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि होमगार्ड मुख्यालय में दिया गया।



पलामू जिला के गृह रक्षक संख्या 11382 दिवाकर कुमार मिश्रा को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 11447 संजय कुमार बैठा को 29800 रुपए, गृह रक्षक संख्या 10397 बैजनाथ महतो को 21400 रुपए, गृह रक्षक संख्या 11316 मनोज कुमार यादव को 1,00000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

धनबाद जिला के गृह रक्षक संख्या 595 राम पुकार राय को 47000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 5107 विद्याभूषण राय को 21000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 5049 मुंद्रिका साह को 6600 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

बोकारो जिला के गृह रक्षक संख्या 1385 कन्हैया प्रसाद साह के पुत्र रोहित कुमार को 1,00000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 1907 घनश्याम सिंह को 2,00000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 2074 बृजेश कुमार को 1,32000 रुपये, गृह रक्षक संख्या 1012 वीरेंद्र पांडे को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 1226 मो.राशिद को 17000रुपए, गृह रक्षक संख्या 885 बिपिन बिहारी तिवारी को 3000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

हजारीबाग जिला के गृह रक्षक संख्या 2339 शहनवाज आलम पुत्री नफीसा रानी को 1,50,000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 8757 सुधीर प्रजापति को 49000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

रांची जिला के गृह रक्षक संख्या 14438 बबीता कुमारी को 150000 रुपए,गृह रक्षक संख्या 15035 राजेश्वर उपाध्याय को 50,000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 14874 असीम अंसारी को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 16868 इंदर नाथ साहू को 50000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

खुंटी जिला के गृह रक्षक संख्या 18308 विकास मुंडा को 150000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई। वहीं दुमका जिला के गृह रक्षक संख्या 10236 अनिल किस्कू को 2,42,000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बात करते हुए झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने होमगार्ड डीजी अनिल पालटा का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने होमगार्ड डीजी से यह मांग किया है कि इन जवानों को ड्यूटी भी दिया जाए जिससे यह अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। श्री तिवारी ने कहा कि रांची जिला की महिला होमगार्ड जवान बबीता कुमारी एवं खूंटी जिला के होमगार्ड जवान विकास मुंडा का लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान दुर्घटना हो गया था और इन दोनों का पैर काटना पड़ा था। विभाग को चाहिए कि इन दोनों होमगार्ड जवानों को ड्यूटी दिया जाए।

## बीआईटी मेसरा के नाटक को दूसरा स्थान




**रांची।** बीआईटी मेसरा के एहसास ड्रामैटिक सोसाइटी ने आईआईटी बॉम्बे में चल रहे फेस्ट मूड इंडिगो में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। मूड इंडिगो एक तीन दिवसीय फेस्ट है, जो आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित किया जाता है। इसे एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महोत्सव माना जाता है। बीआईटी की टीम ने जो प्रदर्शन किया, उसका विषय ह्यवैश्या के अधिकार था।

# कई मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश मंत्रिमंडल, सचिवालय व निगरानी विभाग ने जारी किया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के मनोरंजन कुमार जो वर्तमान में मांडर के बीडीओ हैं, उन्हें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आप्त सचिव (सरकारी कोटा) बनाया गया है। सिमडेगा के अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा को मंत्री चमरा लिंडा का आप्त सचिव बनाया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन का आप्त सचिव अजय कुमार सिन्हा को बनाया गया है, वह बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाए गए हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आप्त सचिव विनय प्रकाश तिग्गा होंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के आप्त सचिव संदीप दुबे होंगे, उन्हें सरकारी कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के आप्त सचिव उमेश कुमार होंगे, उन्हें बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। योगेंद्र प्रसाद ने सरकारी कोटे से कपिल कुमार को आप्त सचिव बनाया है। कपिल वर्तमान में राजमहल में अनुमंडल पदाधिकारी हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिकि सभी आप्त सचिवों की नियुक्ति अस्थायी व को टर्मिनस है। इस नियुक्ति को बिना किसी पूर्व सूचना के भी समाप्त किया जा सकता है।

# विधायक जयराम के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो/ रांची।** डुमरी विधायक जयराम महतो के ऊपर बोकारो के चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में जयराम महतो समेत सात नामजद पर मामला दर्ज हुआ है। इनमें जयराम महतो, संदीप महतो, तिलक महतो, नितेश, संजीत कुमार, राहुल पासवान और बिनोद चौहान सहित 40 अज्ञात लोगों पर रंगदारी, अवैध कब्जा, चोरी सहित सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा है।



जयराम महतो के समर्थकों ने सीसीएल क्वार्टर पर जबरन कब्जा कर लिया था। बुधवार की रात एक बजे पुलिस जब क्वार्टर को खाली कराने और उसमें बंद प्रशिक्षु कर्मियों को छुड़ाने पहुंची तो विधायक जयराम महतो आधी रात को बेरमो पहुंच गए और वहां पहुंचकर पुलिस वालों से भिड़ गए।

बेरमो अनुमंडल स्थित डुमरी विधायक जयराम महतो दो बजे रात में सेन्ट्रल कॉलोनी पहुंचे और सीसीएल ढोरी क्षेत्र में क्वार्टर लेने पर अड़े। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी स्थित सेन्ट्रल कॉलोनी में जयराम समर्थकों द्वारा अवैध रूप से क्वार्टर कब्जा करने पर स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ के जवान पहुंचे। जिनकी सूचना समर्थकों द्वारा विधायक जयराम महतो को दी गई।

उसके बाद जयराम महतो भी वहां पहुंच गए और वहीं पर उपस्थित मजिस्ट्रेट को काफी खड़ी खोटी सुनाई। बता दें कि क्वार्टर के मामले में, सीसीएल ने अपने कर्मी को आवास आवंटित किया था। वहीं क्वार्टर लेने के लिए विधायक जयराम महतो अड़े हुए हैं।

## साल 2025 सीपीआई के लिए संगठन व संघर्ष का वर्ष होगा : महेंद्र पाठक

**रांची।** सीपीआई का 100वां स्थापना दिवस गुरुवार को रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सीपीआई कार्यकर्ताओं के सौ वर्षों के गरिमामय संघर्ष को याद किया गया। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा। आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है। संगठन को मजबूत बनाने पर पूरा फोकस रहेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक के अलावा एटक के प्रदेश सचिव अशोक यादव, लोक सहकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र तथा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए.के.रशीदी, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, रांची के प्रतिष्ठित डॉक्टर आरपी चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा है कि सीपीआई के 100 साल का लंबा सफर अंग्रेजों की लड़ाई से शुरू हुआ। यह संघर्ष किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान के हक और अधिकार के लिए आज भी जारी है। आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की अहम भूमिका रही है।? उन्होंने 100 साल संघर्ष की गाथा को विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को बताया। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर मजदूरों के अधिकार छीनने का भी आरोप लगाया गया।

### बाबूलाल ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की तैयारी पर उठाए सवाल, कहा

# जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पेट्रोल-डीजल कीमत में बढ़ोत्तरी की तैयारी को लेकर सवाल उठाये हैं। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा है कि राज्य में पेट्रोल डीजल के दामों में सेस लगाकर 2 से 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। सीएम द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देश के बाद अधिकारी जनता के पॉकेट पर बोझ लादकर सरकारी खजाना भरने का प्रयास कर रहे हैं।

बाबूलाल ने सीएम से कहा है कि यह जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें, क्योंकि इससे रोजमर्रा की चीजों में काफी महंगाई आ सकती है। इस बेतुके निर्णय का जनजीवन पर बुरा असर पड़ेगा। बाबूलाल ने लिखा कि पहले बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव और अब पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के संकेत को देखकर जनता समझ चुकी है कि आपने अव्यवहारिक चुनावी वादे कर उनके साथ कितना बड़ा छल किया है। राजस्व बढ़ाने के लिए छटपटाहट में लिया जा रहा आपका निर्णय जनता में भारी असंतोष पैदा कर रहा है। उम्मीद है सारे जनप्रतिनिधि भी राजनीति से ऊपर उठकर आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव डालने वाले इस निर्णय को वापस कराने की पहल करेंगे।

## पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाने का इरादा नहीं : वित्त मंत्री

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य सरकार का फिलहाल सामान्य पेट्रोलियम उत्पाद (पेट्रोल और डीजल) पर कोई सेस लगाने का इरादा नहीं है। अगर भविष्य में सरकार को लगेगा कि आंतरिक स्रोतों को बढ़ाया जाना चाहिए तो वह समय और परिस्थित पर निर्भर करेगा। वित्त मंत्री गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी पेट्रोलियम उत्पाद पर सेस लगाने की बात नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार एयर ट्रैफिक से संबंधित पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर सेस लगाना चाहती है। लेकिन इससे नुकसान झारखंड को होगा। राज्य इससे कभी सहमत नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यही एक स्रोत्र है, जिससे हमें राजस्व मिलता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति को अगर आप देखेंगे तो 41 हजार करोड़ रुपए झारखंड ने केंद्र को दिए हैं, उसके एवज में झारखंड को 14 हजार करोड़ मिले हैं।

बीते दिनों जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक की बात करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सामान्य पेट्रोल व डीजल (इसका उपयोग वाहन पर करते हैं) पर कोई सेस नहीं लगेगा, लेकिन हवाई सेवा में लगने वाले पेट्रोलियम उत्पाद पर सेस लगाने की बात की गई है।

# केंद्र गांधी के विचारों को बदलने का कर रही प्रयास : राधाकृष्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया। कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक के चित्र की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों व आदर्शो पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। दुख इस बात का है कि केन्द्र की सत्ता की ओर से आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है, यह उचित नहीं है।

गांधीजी का मानना था कि हिंसा सिद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध करना भी हर किसी का कर्तव्य है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं, लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों द्वारा ही चलाया जा सकता है, जो जनकल्याण का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा, जब हम गांधीजी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया और इस आयोजन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तमाम जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर शताब्दी समारोह की भव्यता को सफलतापूर्वक संचालित करने का काम किया। सोगोष्ठी में रमा खलखो, डॉ राकेश किरण महतो, सतीश पॉल मुंजनी, प्रदीप तुलस्यान, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, डॉ जयप्रकाश गुप्ता, कुमार गौरव, गुंजन सिंह, आलोक दूबे, विनय सिन्हा दीपू, डॉ राजेश गुप्ता, केके गिरी, शशिभूषण राय, गजेन्द्र सिंह, आभा सिन्हा, रियाज अंसारी, चंचल चटर्जी, नेली नाथन, सुरेन राम, जगदीश साहु, मनोज सहाय पिंकू, सत्यनारायण सिंह, राजू राम, नीतू देवी, हुसैन खान, मो सफार, मेरी तिर्की, सुन्दरी तिर्की, पूजा कुमारी, निलम सहाय, अनिता सिन्हा, मीनू सिंह, प्रभात कुमार, नरेन्द्र गोपी, छोटू सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, पूर्णिमा सिंह, राजीव चौधरी, फिरोज रज्वी मुन्ना, सुमित समेत अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

# अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्षों की बैठक गुरुवार को तारिक इमरान की अध्यक्षता में हुई। इसमें ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लिया गया। इसके लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी भी दी गई। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी का सदस्यता महापर्व अभियान चल रहा है। इसमें सभी समाज की भागेदारी होनी चाहिए। इसलिए अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यक्रता अपने समाज में जाकर बड़ी संख्या मे नए लोगों को सदस्स बनाकर पार्टी से जोड़कर इस अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाएं।

भारतीय आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है बैठक की अध्यक्षता करते हुए तारिक इमरान ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हम सभी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यक्रता हैं। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश और देशवासियों के हित में कार्य करती है। बैठक में शमीम रजा, रिकुं शेख, जावेद सलीम, नजीर खान, नइयर आजम, यासीन भारती, अलमगीर अंसारी, मो इमरान, तनवीर हुसैन, सैयद किरमानी, मो. समीर, उज्ज्वल तिर्की आदि मोर्चा के पदाधिकारी और जिला के अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के महामंत्री ताजदार आलम और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री आरिफ नासीर भट्ट ने किया।

# बालू आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बालू आपूर्ति की व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर हस्तक्षेप का अनुरोध किया। यह कहा कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण सामान्य से अधिक दरों पर बालू मिल रहे हैं। बालू की अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पड़ोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है तथा इसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि एनजीटी की प्रभावी रोक हटने के बाद भी प्रदेश में बालू आपूर्ति की समस्या बने रहने का प्रमुख कारण बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना है। खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकडें भी चौंकाने वाले हैं। जहां यह स्पष्ट होता है कि इस मद में सरकार को प्राप्त होनेवाला राजस्व लगातार कम होता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजस्व का संग्रह 32 करोड रुपया तथा अगले वित्तीय वर्ष 2016-17 में 8 करोड रुपया था।

परेश ने कहा कि शेष 7 वर्षों का राजस्व संग्रह इन वित्तीय वर्षों की तुलना में काफी कम है और यह निरंतर घटता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में बालू घाटों की नीलामी की गई थी, फिर वर्ष 2016-17 में भी कुछ घाटों की नीलामी की गई थी। वर्ष 2017 में बालू घाटों का अधिकार जेएसएमडीसी को हस्तांतरित कर दिया गया, जहां बालू की वैध रूप से बिक्री नगण्य है तथा इससे सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है।

## समस्या का हो स्थाई समाधान

चैंबर द्वारा आग्रह किया गया कि निरंतर चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभाग को यथोचित निर्देश जारी करे ताकि राज्य में बालू आपूर्ति की व्यवस्था सामान्य हो। सरकार के राजस्व संग्रह में वृद्धि हो तथा उचित दर पर लोगों को बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो। राज्य में स्थिर सरकार के गठन से विकास कार्यों को गति मिलने की प्रबल संभावना बनी है। ऐसे में बालू की पर्याप्त और सुगम उपलब्धता से बिना किसी व्यवधान के विकास कार्यों को गति देने में सहायता मिलेगी। चैंबर द्वारा यह भी कहा गया कि यदि जेएसएमडीसी बालू की आपूर्ति करने के लिए सक्षम नहीं है। तब सरकार द्वारा कोई अन्य सरल और वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जाना चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय, रांची की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### सीसीएल के सीएमडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाएं : सेठ



**रांची।** भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला का चयन किया गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नंदुरबार जिला के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की समीक्षा किया। इस दिशा में सभी अधिकारियों से काम करने को कहा। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित अन्य सरकारी परियोजनाओं की गति प्रगति की जानकारी लिया। आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। सरकार की सभी विकास व जनकल्याणकारी योजनाएं ससमय पूर्ण हों, अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

### भाजपा एससी मोर्चा की बैठक सदस्यता अभियान पर चर्चा




**रांची।** प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के निमित्त एक महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है ताकि पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति मोर्चा सहित भाजपा का संगठन सशक्त और मजबूत हो। दास ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के सभी अधिकारियों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष को भी सदस्यता अभियान के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को घर-घर एवं गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कमलेश राम, खुदा राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार, कमलेश किशोर, गोविंदा, किशोर राम, अशोक राज, सागर पासवान, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर बने संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य

**रांची।** डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर संत जेवियर्स कॉलेज के नए प्राचार्य होंगे। उनकी नियुक्ति रांची जेसुइट सोसायटी द्वारा की गई है। यह एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। गुरुवार को डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा से मुलाकात की। कुलपति ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। डॉ कुजूर प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा से पदभार ग्रहण करेंगे।


### सदान मोर्चा ने एयरपोर्ट पर रघुवर दास का किया स्वागत




**रांची।** उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास द्वारा इस्तीफा देने के बाद पहली बार रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में मोर्चा के लोगों ने पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मूलवासी सदान की महिला सदस्य भी भारी संख्या में शामिल थीं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास का छवि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रहा है। कहा कि रघुवर दास कुशल संगठनकर्ता हैं। इनके सक्रिय राजनीति में आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। स्वागत करने वालों केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, बेड़ो अध्यक्ष धनंजय कुमार राय, विशाल कुमार साहू, महिला मोर्चा की आरती देवी, किरण देवी, बसंती देवी, उमेरा खातुन, मुमताज खान, सुशील साहू, विश्वनाथ गोप, धनी राम साहू, अमित साहू, विकास कुमार, अरविंद सेठ, अतुल कुमार, शिवानी, विश्वकर्मा, रीता गुप्ता, शीतल गुप्ता, मुकेश साहू, शांति देवी, मंजू पूजा देवी, रेणु देवी, काजल देवी, रेशमी देवी,रविंद्र साहू, जितेंद्र साहू, रेखा देवी, सहदेव साहू आदि शामिल थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम को लेकर यातायात में बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




● सभी वाहनों की पार्किंग खोजाटोली कार्यक्रम स्थल के बगल स्थित मैदान में होगी

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी कार्यालय के संयुक्तादेश के द्वारा सूचित किया गया है कि 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कार्यक्रम ट्रेनिंग ग्राउण्ड, खोजाटोली, नामकुम, में निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लाभुकों के भाग लेने की सूचना है। इस कार्यक्रम के मद्देनजर रांची शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के रूट में परिवर्तन किया गया है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों एवं आकस्मिक सेवा के वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के लिए अलग व्यवस्था की गई है।

सुबह 09:30 बजे से संध्या 04:30 बजे तक रामपुर रिंग रोड़ चौक से तुपुदाना रिंग रोड के बीच छोटी / बड़ी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जमशेदपुर से आने वाले सभी छोटे / बड़े मालवाहक वाहन रामपुर चौक से दाँये मुड़कर नेवरी रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जायेंगे। खूँटी, सिमडेगा, गुमला तथा पलामु की ओर से आने वाली सभी छोटे/बड़े मालवाहक वाहन रिंग रोड पहुंचकर बॉया मुड़कर रिंग रोड़ से भाया तिलता रिंग रोड, नेवरी रिंग रोड़ होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जाऐंगे। सुबह 09:30 बजे से संध्या 04:30 बजे तक कुशई चौक-घाघरा रोड-सदाबहार चौक तक सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों एवं सवारी बसों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा। सुबह 09:30 बजे से संध्या 04:30 बजे तक सदाबहार चौक से खरसीदाग ओपी तक सभी प्रकार की वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सुबह 09:30 बजे से संध्या 04:30 बजे तक एयरपोर्ट रोड़ से कुटियातु चौक की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सुबह 09:30 बजे से संध्या 04:30 बजे तक खरसीदाग ओ०पी० से एयरपोर्ट रोड की ओर आने वाली सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाली सभी सड़कों पर वाहनों का आवागमन अत्यधिक होने के कारण रांची शहर रिंग रोड से जुड़ने वाली अन्य सड़कों से जाए तथा कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाली सड़कों का कम से कम उपयोग करें। कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाली सभी सड़कों पर भारी एवं सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वीआईपी/वीवीआईपी/ वरीय पदाधिकारी के वाहन घाघरा रोड होते हुए सदाबहार चौक से सीधे खरसीदाग ओपी की ओर जाने वाले मार्ग से कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।

पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा जिले के वाहन तुपुदाना रिंग रोड़ होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे और भाया तुपुदाना रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है।हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, रामगढ़, बोकारो, धनबाद गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, दुमका जिले के वाहन नेवरी रिंग रोड (विकास चौक) से बांये मुड़कर रामपुर रिंग रोड होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे और भाया रामपुर रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। चतरा जिले के वाहन तुपुदाना रिंग रोड़ होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे और भाया तुपुदाना रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। वहीं चतरा जिले से ही नेवरी रिंग रोड (विकास चौक) से बॉये मुड़कर रामपुर रिंग रोड होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे और भाया रामपुर रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। जमशेदपुर एवं सरायकेला जिले के वाहन रामपुर रिंग रोड से चॉये मुड़कर सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे और भाया रामपुर रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। रांची जिले के नगडी, मांडर, खलारी, बुडमू, चान्हों, बेड़ो, ईटकी, लापुंग प्रखण्ड से तुपुदाना रिंग रोड होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे और भाया तुपुदाना रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। वहीं सिल्ली, कांके, ओरमांझी, नामकुम, अनगड़ा, बुण्डू, तमाड़, सोनाहातु, राहे प्रखण्ड के वाहन रामपुर रिंग रोड होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे और भाया रामपुर रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। आरएमसी शहर से रिंग रोड पकडकर सीधे रामपुर रिंग रोड या तुपुदाना रिंग रोड होते हुए सीधे खरसीदाग ओपी रिंग रोड प्रवेश द्वार से प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे और भाया रामपुर एवं तुपुदाना रिंग रोड से कार्यक्रम के बाद वापसी का मार्ग है। सभी वाहनों की पार्किंग खोजाटोली कार्यक्रम स्थल के बगल स्थित मैदान में होगी।

## लोयला मैदान में आर्च बिशप ने गरीबों के बीच परोसा खाना

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ के लोयला मैदान में गुरुवार को दरिद्र भोज हुआ। आयोजन क्रिसमस के मौके पर संत विंसेंट डी पॉल सोसाइटी के द्वारा पुअर फीडिंग योजना के तहत हुआ। आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने गरीबों के बीच खाना परोसा। उन्होंने कहा कि ईश्वर की नजर में हम सभी एक है। इसलिए हम सभी एक दूसरे को भाई बहन समझते हुए क्रिसमस की खुशी को साझा करना चाहते है। कहा कि भोजना खिलाना हमारे प्रेम का प्रतीक है और हम सभी को मानवता का दर्जा देते है। इस दौरान क्रिसमस कैरोल गए और जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का भी वितरण किया गया।

## सड़क हादसे में लॉ के छात्र की मौत, दो छात्राएं घायल

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के प्लांडू में हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार लॉ के छात्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं स्कूटी पर पीछे बैठी उसकी सहपाठी दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों छात्राओं को बेहतर इलाज के रिम्स रेफर किया गया है। घटना गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे की है। मृतक 18 वर्षीय माही कौशल खलखो लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली का निवासी था। माही के परिजनों ने बताया कि घायल दोनों युवतियां डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में माही के साथ लॉ की पढ़ाई कर रही हैं। माही दो युवतियों के साथ रामपुर की ओर से रांची लौट रहा था। उसी दौरान नामकुम की ओर से रामपुर जा रहे हाइवा ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

# न्यूज बॉक्स

## एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल 2025 का उद्‌घाटन आज, बुकलेट जारी



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड,मछली घर में आयोजित हो रहे सात दिन का नव वर्ष मेला कार्निवल 2025 का उद्घाटन पद्मश्री अशोक भगत शुक्रवार को करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री मधुम अंसारी उपस्थित रहेंगे। कार्निवल 27 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक सुबह 11 से रात 9 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की धूम रहेगी। गुरुवार को कार्निवल 2025 के बुकलेट को एक्वा वर्ल्ड ग्रुप समूह की डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा ने जारी किया। इस अवसर पर लोकेश चौधरी, अभिषेक गिरी, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## विकास कार्य को लेकर ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**रांची।** चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा अतः निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**ट्रेनें हो रद्द रहेंगी:** ट्रेन संख्या 18601/ 18602 टाटानगर - हटिया - टाटानगर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर एवं एक जनवरी को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर - बरकाकाना - टाटानगर पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 29 दिसंबर एवं 01 जनवरी को रद्द रहेगी।

**ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन :** ट्रेन संख्या 18428 आनंद विहार टर्मिनल - पुरी एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 29 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 3 घंटे 15 मिनट विलम्ब से आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान करेगी।

**ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी :** ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दो जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग कोटशीला- पुरुलिया- टाटानागर झ खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशीला-राजाबेडा-जमुनियाटांड़-आद्रा-मेदिनीपुर - खड़गपुर होकर चलेगी।

## पोत्तनूर - बरौन स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन संख्या 06055/06056 पोत्तनूर - बरौनी - पोत्तनूर स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची) के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 06055 पोत्तनूर - बरौनी स्पेशल ट्रेन (वाया- रांची) यात्रा प्रारंभ 25 जनवरी तक प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06056 बरौनी - पोत्तनूर स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची), यात्रा प्रारंभ 28 जनवरी तक प्रत्येक मंगलवार को बरौनी से प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों की समय सारणी एवं ठहराव पूर्ववत रहेंगे तथा कोच संयोजन इस प्रकार होंगें। एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 08 कोच एवं वातानुकूलित 3-टियर के 06 कोच, कुल 17 कोच होंगे।

## हैदराबाद- रक्सौल के परिचालन का हुआ विस्तार

**रांची।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 07051/07052 हैदराबाद - रक्सौल - सिकंदराबाद स्पेशल (वाया - रांची) के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 07051 हैदराबाद - रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची), यात्रा प्रारम्भ 04 जनवरी से 29 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल - सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची), यात्रा प्रारम्भ 07 जनवरी से 01 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों की समय सारणी एवं ठहराव पूर्ववत रहेंगे तथा कोच संयोजन इस प्रकार होंगें एसएलआर के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 08 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 06 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 02 कोच एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त कोच का 01 कोच, कुल 23 कोच होंगे।

## अग्रसेन पथ : श्री श्याम मंदिर में सफला एकादशी पर्व श्रद्धा भाव से मना

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को सफला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा - फल - खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढणनीयां, गौरव परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा।



# स्वर्णरेखा महोत्सव के लिए ग्रामीणों ने संचालन समिति गठित की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● 12 से 14 जनवरी तक तीन दिनी स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा

स्वर्णरेखा महोत्सव 2025 को लेकर ग्रामीणों की बैठक तपेश्वर केशरी की अध्यक्षता में सत्संग भवन नगड़ी में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वर्णरेखा नदी की उद्‌गम स्थली रानीचुआं मेला टिकरा में 12 से 14 जनवरी 2025 तक तीन दिनी स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच (पर्यावरण स्वच्छता में युवाओं की भूमिका) विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। 13 जनवरी को किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी, किसान संगोष्ठी तथा पुरस्कार वितरण और 14 जनवरी को नदी पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से संचालन समिति गठित की गई। इसमें मुख्य संरक्षक सरयू राय (विधायक), लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, मुख्य संयोजक जिला परिषद सदस्य पूनम देवी और संरक्षक अंशुल शरण, दौलत राम केशरी, केशव भगत, शशिभूषण भगत, प्रेम सागर महतो, विजय धान और शाकिर अहमद आदि का चयन किया गया।

## आरयू के डॉ नीरज सभी अतिरिक्त 12 पदों से हटे

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ नीरज विश्वविद्यालय की ओर से दिए गए सभी अतिरिक्त 12 पदों से हट गए हैं। डॉ नीरज ओएसडी परीक्षा विभाग, सदस्य वेतन निर्धारण समिति, सदस्य पीएचडी इंक्रीमेंट कमेटी, स्थायी सदस्य आईटी सेल, सदस्य आईक्यूएसी, सदस्य सिलेबस कमेटी, राज्य स्तरीय नई शिक्षा नीति अनुपालन कमेटी, सदस्य रिसर्च एडवाइजरी कमेटी, सदस्य एमएमसीआरसी, नोडल पदाधिकारी एनईपी, नोडल पदाधिकारी समर्थ और नोडल पदाधिकारी एआईएसएचई प्रभार पद पर सेवा दे रहे थे। उनके आग्रह को आरयू प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है।

# प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी रोगों का होगा उपचार: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● 6 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 7 जनवरी से, रजिस्ट्रेशन तीन तक

पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय-शरीर शुद्धि (विषाक्तता निवारण) प्राकृतिक उपचार शिविर 7 जनवरी से 12 जनवरी तक धनबाद में आयोजित की गई है। झारखंड में पहली बार आयोजित इस शिविर में देश के कई चिकित्सक विशेषज्ञ तथा चिकित्सा टीम उपचार करने हेतु भाग लेंगे। इस 6 दिवसीय आवासीय उपचार शिविर का उदेश्य आहार, जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना है। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया जाएगा। शिविर मे भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस शिविर में चिकित्सा हेतु कुल 80 महिला एवं पुरुषों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतिदिन ओपीडी की भी व्यवस्था रखी गई है बाकी लोग ओपीडी के माध्यम से लाभ ले सकेंगे,जो निःशुल्क रहेगा, शिविर के प्रेरणा के मुख्य स्रोत संस्था के संयोजक अजय भरतिया है। इस शिविर मे प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार मधुमेह, मोटापा, कब्ज, गैस, एसिडिटी, रक्तचाप, हृदय रोग, दमा, जोड़ो का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, आंखों में जलन, त्वचा रोग, सर दर्द, अनिद्रा, तनाव, चिंता, मानसिक रोग आदि अनेक रोगों में स्थाई लाभ होता है। शिविर में भाग लेने हेतु रांची के लोग 3 जनवरी तक संजय सर्राफ से भी संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# हरमू रोड़ स्थित श्रीश्याम मंदिर में हुआ सायंकालीन विशेष श्रृंगार दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में गुरुवार को सफला एकादशी के अवसर पर सुबह से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खोलकर मंगला आरती करके बाल भोग लगाया गया। एकादशी के अवसर प्रातः कालीन श्रृंगार करके श्रृंगार आरती की गयी, भोग अर्पित किया गया। प्रातः से ही भक्तजनो का बड़ी संख्या में आगमन होता रहा। सफला एकादशी के अवसर पर सायंकालीन विशेष भव्य श्रृंगार किया गया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं नवीन पौशाक (बागा) पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए विभिन्न फूलों डच पीला गुलाब, रजनीगंधा, लाल गुलाब, लाल गेंदा, पीला गेंदा, तुलसीदल की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी,राजा रामचंद्र, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सायं 4.30 बजे विशेष श्रृंगारित गर्भगृहों के कपाट खुलते ही भक्तजनो का सैलाब दर्शन हेतु उमड़ पड़ा। खाटूनरेश की जयकारो से मंदिर परिसर गूंज उठा। सफला एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9.30 बजे से प्रारंभ हुआ। गौरीशंकर - मीना सरावगी, अभिषेक -सुची सरावगी व आशीष सरावगी ने खाटूनरेश की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया पेड़ा, केशरिया रबड़ी, फल पंचमेवा, नारियल, मगही पान का भोग अर्पित कर खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेका खुशहाली की प्रार्थना की।

## स्कूटी चोर को पीट-पीटकर मार डाला

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम में स्कूटी के चोरी करने के मामले में एक चोर को पीट-पीटकर मार डाला। लक्ष्मण मिस्त्री की 24 दिसंबर को स्कूटी चोरी हुई थी। लक्ष्मण अपने परिजनों और दोस्तों के साथ स्कूटी को खूंटी के कर्रा से बरामद किया। पूछताछ के क्रम में लक्ष्मण और उसके दोस्तों ने स्कूटी चोर समीर आइंड के साथ मारपीट की। मारपीट में वह बुरी तरह से घायल हो गया। इसके बाद लक्ष्मण मिस्त्री ने ही रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात बताया कि स्कूटी चोरी की घटना में लक्ष्मण मिस्त्री और उसके अज्ञात दोस्तों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गो सेवा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने गुरुवार को हरमु रोड गौशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा करवाई गईं। रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हर एकादशी निरंतर गो सेवा किया जा रहा है। 26 दिसंबर महीने की दूसरी ग्यारस पर यह सेवा की गई। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गो माता को हरी सब्जियां, पालक एवं अन्य सामाग्री खिलाई गई। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारू रूप से की। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, आशा संथोलिया, कोमल पोद्दार समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## आज / कल




### राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव

# स्थानीय ऑर्गेनिक और प्राकृतिक उत्पादों की खूब हो रही खरीदारी, लोगों ने सराहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




● ऑर्गेनिक स्टॉलों पर रासायनिक मुक्त और स्वस्थ उत्पादों से भरा हुआ है, खजूर गुड़, बेसन, मडुआ, बाजरा, सत्तू, हल्दी, पापड, आचार आदि है।

राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव मेले में स्थानीय ऑर्गेनिक और प्राकृतिक उत्पादों की खूब खरीददारी हो रही है। जिले के बुंडू ब्लॉक निवासी बीना देवी एक प्रेरणादायक उद्यमिता हैं। जय गुरुदेव समूह की सदस्य, बीना देवी एक लखपति दीदी हैं और उन्होंने हाथ से बने, रासायनिक मुक्त साबुन और अन्य ऑर्गेनिक उत्पादों का एक सफल व्यवसाय स्थापित किया है। इनका स्टॉल ऐसे प्राकृतिक उत्पादों से सजा हुआ है, जो न केवल रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उपयुक्त है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं। स्नान साबुन, ग्लिसरीन साबुन, मुल्तानी साबुन, हल्दी साबुन, चंदन साबुन, पंचगव्य साबुन आदि सभी साबुन पूरी तरह से ऑर्गेनिक सामग्री से बनाए गए हैं, जो रासायनिक तत्वों से मुक्त है और त्वचा के लिए नर्म और सुरक्षित हैं। इसके अलावा आचार और हल्दी पाउडर भी बेचती है, जो उन्होंने अपने घर पर और स्थानीय उत्पादों से बनाए हैं। इस वर्ष के सरस मेला में बीना देवी ने अब तक 25,000 की बिक्री की है। ऑर्गेनिक खेती भी करती हैं, जिसमें धान, गेंहू और मौसमी फसले शामिल हैं। इससे उनकी आय को भी समर्थन मिलता है और वे सतत कृषि को बढ़ावा देती है। वहीं जामताड़ा निवासी किरण झा राधा सखी मंडल की सदस्य है और इस साल के सरस मेला में पहली बार भाग ले रही है। उनका स्टॉल विभिन्न ऑर्गेनिक, रासायनिक मुक्त और स्वस्थ उत्पादों से भरा हुआ है, जो उनके खुद के बनाए हुए है। खजूर गुड़, बेसन,मडुआ,बाजरा,सत्तू,हल्दी,पापड, आचार आदि है। उन्होंने बताया कि उनका हल्दी उत्पाद बहुत ज्यादा मांग में है, और उनका स्टॉक अब सीमित हो गया है। छह दिनों में उन्होंने 30,000 रुपए से 40,000 रुपए तक की बिक्री की है।

# सफला एकादशी पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गुरुवार को पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी व्रत के अवसर पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। सुबह साढ़े चार बजे भगवान श्रीमन्नारायण का महाभिषेक कराया गया। दूध, दही, शहद, गंगाजल और डाभयुक्त जल से क्रमबद्ध अभिषेक हुआ। फिर हरिद्राचूर्ण और चंदन से अनुलेपन कर पुनः-पुनः वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए महाभिषेक किया गया। इसके बाद शंख चक्र अभय एवं वर धारण करने वाले भगवान जो किरीट की प्रभा से प्रकाशित मुख वाले हैं, उनके विग्रह के पूरे अंग पर वस्त्र से आक्षादित कर आभूषणों से अलंकार समर्पण किया और सुगंधित फूलराशियों से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। इसके बाद महामंत्र से भगवान की महास्तुति की गई । फलाहारी व्यंजनों का बालभोग निवेदन हुआ। दोपहर एवं रात्रि के राजभोग में द्वादश प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा। आज के उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक के यजमान : पुलक - आयुषी सिंघानिया जबकि दिन भरका भोग निवेदन किया मनोज - सुलक्षणा तिवारी एवं विवेक कुमार गुप्ता ने किया।

**अर्चक :** सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिन भर के सारे अनुष्ठान को विधिवत्त संपन्न कराया।

**इनकी रही सहभागिता :** रामअवतार नरसरिया अनूप अग्रवाल प्रदीप नरसरिया गौरी शंकर साबू घनश्या दास शर्मा रंजन सिंह ओमप्रकाश गाड़ोदिया शंभू नाथ पोद्दार शंभू नाथ मिश्र प्रभास मित्तल दीपू श्रीवास्तव रामवृक्ष साहू के अतिरिक्त भारी संख्या में दिनभर कतारवध हो श्रद्धालुओं ने अपने-अपने मनोवाञ्छित वरों के लिए कूपन प्राप्त कर कुमकुम से लक्ष्म्यष्टोत्तर अर्चना पुष्प से वेंकटेश स्टोत्तर अर्चना और सहस्त्रनाम अर्चना कराते रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नागपुरी कलाकार लक्ष्मी नाथ महतो को पत्नी शोक

**बुढ़मू।** बुढ़मू कोराबार गांव निवासी नागपुरी के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार सह सिविल कोर्ट के अधिवक्ता लक्ष्मीनाथ महतो की पत्नी रीता देवी का आसामयिक निधन गुरुवार को अहले सुवह हो गया। परिवारिक सूत्रों के मुताविक उसकी मृत्यु हृदय गति के रुकने से हुइ है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। गुरुवार को ही गांव के मुक्ति धाम मे दाह संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए। रीता देवी के निधन लोगों ने गहरी सवेदना व्यक्त किया है। संवेदना व्यकत करने वालों में डॉ मदन कुमार प्रसाद, सुनील कुमार, हाई कोर्ट के अधिवक्ता बलराम महतो, अविनाश कुमार, पालकोट गुमला निवासी मांदर वादक राजेश बड़ाईक, बालेश्वर महतो, रुपलाल महतो, महावीर कौसिक, मनोज महतो सहित कई लोग शामिल थे।

### रातू में आर्मी सूबेदार के बंद घर से लाखों की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा निवासी और पठानकोट में तैनात आर्मी के सूबेदार शिवमुनि तिवारी के बंद घर से चोरों ने बुधवार की रात लाखों रुपये का सामान चुराकर फरार हो गए। बताया जाता है कि शिवमुनी तिवारी पठानकोट में कार्यरत हैं उनकी पत्नी प्रतिमा तिवारी बिहार के कैमूर में शिक्षिका हैं। उन्होंने अपने घर में एक किरायेदार आरसी त्रिपाठी को रखा है जो घर में रहते हैं। आरसी त्रिपाठी पिछले 15 दिन से किसी काम से कोलकाता गए हैं। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया। चोरी की सूचना गुरुवार की सुबह पड़ोसियों से मिली। इसके बाद पीड़ित शिवमुनि तिवारी ने बताया कि मैंने रातू थाना में घटना की सूचना दे दी है। रातू पुलिस मेरे घर आई और मुझे वीडियो कॉलिंग कर घर की स्थिति दिखाई।

### जमीन देने के नाम पर साढ़े तीन लाख की ठगी, केस दर्ज

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के महिलौंग निवासी डिंपल देवी ने टाटीसिलवे बरटोली निवासी कृष्णा महतो पर जमीन देने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये ठगी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में डिंपल ने बताया है कि उनके पति राजकुमार महतो ने कृष्णा महतो से जमीन लेने के लिए एग्रीमेंट किया था। इसमें साढ़े छह डिसमिल जमीन का सौदा साढ़े आठ लाख रुपये में तय किया गया। तय रकम में राजकुमार ने साढ़े तीन लाख रुपये कृष्णा को देकर जमीन की मापी कराई तब पता चला कि जमीन का पेपर गलत है और उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। उसके बाद जब पीड़ित कृष्णा से पैसा मांगने लगे तो वह धमकी देने लगा। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की मेजबानी को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक

# आयोजन में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जनवरी, 2025 में होने वाले 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेलो की मेजबानी को लेकर गुरुवार को राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग के अलावा खेल आयोजन से जुडी सभी समितियों के पदाधिकारी, खेल कोषांग से जुड़े शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने पदाधिकारियों को आगामी खेल आयोजन में उनकी भूमिका के बारे में मार्गदर्शन दिया। निदेशक श्री शशि रंजन ने पदाधिकारियों को खेल आयोजन की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अब आयोजन में कुछ ही समय शेष रह गया है, ऐसे में हर पदाधिकारी की जवाबदेही तय है। सभी पदाधिकारी खेल आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने अपने स्तर से जो भी कमियां दिखे, उसे समय रहते निष्पादित करे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आयोजन के दौरान अवांछित हलचल एवं गतिविधियों पर सतर्कता से नजर बनाये रखे। यह सुनिश्चित करे कि विभिन्न राज्यों से टीमें अपने टीम मैनेजर और संपर्क अधिकारी के साथ रहे।

### आयोजन को लेकर बनाया गया कंट्रोल रूम

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंतर्गत होने वाली राष्ट्रीयस्तर की प्रतियोगिताओं और हजारों प्रतिभागियों के आवागमन को ध्यान में रखकर रांची के खेलगांव में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी खेल आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के आवागमन, सुरक्षा, खान पान, पोषण और स्वास्थ्य की निगरानी करेंगे। कंट्रोल रूम में 8-8 घंटे के दो शिफ्ट में पदाधिकारी व कर्मी ड्यूटी करेंगे। कंट्रोल रूम का नंबर भी सार्वजानिक किया जाएगा, जिससे असुविधा होने पर प्रतिभागी शिकायत कर सकेंगे, जिसका त्वरित निपटारा किया जाएगा। सभी समितियों के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया भी बनाई जायेगी।

### तीन जनवरी से शुरू हो जायेगा प्रतिभागियों का आना

खेलो में देशभर से 40 टीमें विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए रांची आएंगी। टीमों का आना तीन जनवरी से ही शुरू हो जाएगा। टीमों को मार्गदर्शित करते के लिए 40 पदाधिकारियों के कंधो पर जिम्मेदारी होगी। ये पदाधिकारी संपर्क अधिकारी बनकर इन टीमों को गंतव्यों तक पहुंचाएंगे। टीमों के रहने के लिए रांची में कई होटलो को बुक किया गया है। बालिकाओ के लिए अलग से विशेष आवासन का प्रबंध किया गया है। जहां उन्हें पूरी सुरक्षा में रखा जाएगा। प्रतिभागियों को खेल आयोजनस्थल तक लाने और ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गयी है।

**दो जनवरी को होगी अगली बैठक :** 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेलो को दृष्टिपथ रखते हुए दिनांक 2 जनवरी, 2025 को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में खेल आयोजन से पूर्व महत्वपूर्ण व निर्णायक बैठक होगी। इस बैठक में तैयारियों को मूर्त रूप देते हुए खेल आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समितियों से पदाधिकारी रांची आएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### शिवराम साधु स्मृति मेला संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत स्वर्गीय शिवराम साधु स्मृति मेला का आयोजन उरंगढ़ा नदी तट पर किया गया। यह मेला हर वर्ष की भांति लगातार 24 सालों से नव वर्ष आने का आगमन पर लगाया जाता है। इस मेला में चार्ट, पुचका, वेदाम आदि बच्चों का खिलौना भी बेचा जाता है। दूर दराज से आए हुए ग्रामीण एवं महिलाओं ने मेले का लुफ्त उठाया। वहीं पश्चिम बंगाल से पाता नाच के कलाकार पूर्णिमा सिंह ठाकुर ने मेले में एक से बढ़कर एक गीत गाकर तथा पाता नाच से ग्रामीणों का मन मोह लिया। इस मेले का आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गणेश करमाली एवं अन्य सदस्य के द्वारा किया जाता है।

### दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**सिल्ली।** लोटा स्कूल मैदान में मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से आयोजित दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता एवं विराट मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें फाइनल मैच तुलिन स्पोर्ट क्लब तुलिन एवं हरेला बेला जी एफ सी के बीच खेला गया। जिसमें प्लेंटी में 2-0 से विजय रहा। वहीं विजयी प्रतिभागियों को विधायक अमित महतो के द्वारा खस्सी एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विधायक अमित महतो ने कहा कि हारे हुए खिलाड़ियों को कभी निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि हारने के बाद ही जीत होती है। मेहनत करें सफलता आपको जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं सिर्फ उन्हें निखारने की जरूरत है। साथ ही साथ ग्रामीणों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। दूसरी और जिला परिषद लक्ष्मी देवी ने भी उपविजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक राधिका महतो, पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, भागीरथ महतो, मुकुंद चंद्र महतो, भूपेंद्र महतो, भृगुराम महतो, गुहीराम महतो, फलारी महतो, गोकुल महतो आदि कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### 3 एकड़ का धान जलकर राख



**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के साड़म में 25 दिसंबर की रात को एक भयावह घटना घटी। सरारती तत्वों ने लालदेव पहान के खेत में रखे 3 एकड़ के धान को आग लगा दी। इस घटना से किसान को लगभग 30 क्विंटल धान जलकर राख हो गया, जिसका मूल्य लगभग 72 हजार रुपये है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और गुरूवार सुबह 9 बजे किसान ने थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है। इस घटना से किसान और उसके परिवार के सदस्यों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है, क्योंकि उनके पास अब खाने के लिए अनाज नहीं है। ग्रामीणों ने भी इस घटना की निंदा की है।

### पोस्ता की खेती रोकने के लिए एसडीएम ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**बुंडू।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को एसडीएम क्रिस्टो कुमार बेसरा ने अनुमंडल क्षेत्र के सीओ, बीडीओ, खनन विभाग के अधिकारी और सभी थानेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने पोस्ता की खेती रोकने, बालू और पत्थर खनन पर रोक लगाने और ट्रैफिक वाहनों की चेकिंग करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने सरकार के निर्देश पर अनुमंडल क्षेत्र में पोस्ता की खेती पर लगाम लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करने, अवैध खनन पर रोक लगाने और अनुमंडल क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों के अनुपालन के लिए लगातार वाहनों का चेकिंग करने का निर्देश दिया।

लापुंग प्रखंड से तीन गांवों को काटकर बेड़ो प्रखंड में शामिल करने की मांग

# तत्कालीन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधानसभा में उठाया था मामला



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के तीन गांवों क्रमशः शाहेदा, काला ताबेर एवं ताबेर खुर्द गांव को प्रखंड मुख्यालय से दूरी के आधार पर बेड़ो प्रखंड से जोड़ने की मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई। पिछले वर्ष झारखंड विधानसभा में 31 जूलाई 2023 को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शून्यकाल के दौरान शाहेदा, काला ताबेर एवं ताबेर खुर्द गांव को बेड़ो प्रखंड से जोड़ने की मांग उठायी थीं। लेकिन लगभग डेढ़ साल के बाद भी इस संबंध में झारखंड सरकार के द्वारा किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया गया। जिस समय विधानसभा में विधायक ने आवाज उठाई थी और जोरदार तरीके से अपनी मांग रखी थी लापुंग प्रखंड के इन गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लेकिन अब लोग निराश एवं हताश हो गए हैं। हालांकि देवगांव पंचायत के पूर्व मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने भरोसा जताया है कि विधायक अब मंत्री बन चूकी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि अब जरूर इस दिशा में सकारात्मक पहल उठाए जाएंगे। शाहेदा गांव के महावीर महली, बांदे सिंह दिलीप दास, दिलीप उरांव, राजेन्द्र सिंह, विश्वनाथ उरांव तथा अरविंद तिवारी सहित अन्य लोगों ने कहा कि विधायक सह माननीय कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में बखूबी जानकारी है। वहीं दशरथ तिर्की ने कहा कि माननीय मंत्री महोदया ग्रामीणों की समस्याओं को समझती हैं और आनेवाले दिनों में लापुंग प्रखंड के तीन गांव को बेडो. प्रखंड से जोड़ने की मांग रखेंगी। महावीर महली ने कहा कि इन तीनों गांव की दूरी लापुंग प्रखंड से 28 से 29 किलोमीटर है। यहां के ग्रामीणों को लापुंग आने-जाने की किसी तरह की कोई सुविधा नहीं है।

# संगठित होकर जनजाति समाज को सशक्त करने की आवश्यकता है: मुसाफिर विश्वकर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में संघ भवन में गुरुवार को कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा जनजाति संगठन वनवासी कल्याण आश्रम है, जो जनजातियों के बीच में कार्यरत है। कल्याण आश्रम के 14 आयाम के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को राष्ट्रहित में कार्यरत है। इस कार्यक्रम को जनजातियों में परंपरा रूढ़िवादिता को सुरक्षित तथा संरक्षण करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने में लगे है। आज प्रखर और संगठित होकर जनजाति समाज को सशक्त करने की आवश्यकता है। तभी उनकी संस्कृति और सभ्यता बचेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष नौरी पूर्ति, नगर अध्यक्ष गौरा कुमारी देवी, जिला महामंत्री योगेश मिश्र, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश भगत, प्रदीप कुमार गुप्ता, संच प्रमुख लक्ष्मी नारायण नाग आदि उपस्थित थे।

### स्कूल-कॉलेजों में पुलिस पिकेट बने : एनएसयूआई

**रांची।** स्कूल-कॉलेजों में पुलिस पिकेट बनाने के लिए एनएसयूआई के राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने गुरुवार को रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि शिक्षण संस्थानों के बाहर छात्राओं से छेड़खानी की घटना बढ़ती जा रही हैं। छात्रों के साथ आसामाजिक तत्व मारपीट करते हैं। ऐसे में जवानों को लगाकर प्रतिदिन पेट्रोलिंग कराई जाए और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# गणतंत्र दिवस की झांकी में सरसा लापुंग की सांस्कृतिक टीम लेगी भाग



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
लापुंग प्रखंड के सांस्कृतिक संगीत सरगम सरसा की टीम संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के तत्वाधान में 27 दिसंबर से 26 जनवरी तक कर्तव्य पथ पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम जय मां भारती के अभ्यास के लिए रवाना हो गई है। टीम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पैरेड के दौरान झांकी में हिस्सा लेगी। टीम के अध्यक्ष शिव कुमार तिर्की एवं टीम लीडर कृष्णा भगत के नेतृत्व में सरसा गांव से 20 सदस्यीय टीम गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गई। शिव कुमार तिर्की ने बताया कि टीम पिछले साल भी गणतंत्र दिवस के पैरेड के दौरान झांकी में झारखंड की ओर से हिस्सा लिया था। इस वर्ष उनके साथ चंद्रदेव लोहरा, कृष्णा उरांव, सोमनाथ मिंज, अजय उरांव, महादेव उरांव, सुमित उरांव, जलेश्वर उरांव, एकलव्य भगत, कमला भगत, अंजली बाड़ा, अनिता कुमारी, सोनिया कुमारी, सुनीमा कुमारी, राजकुमारी, हेमंती कुमारी, ललिता कुमारी, अनिमा कुमारी एवं रेखा कुमारी शामिल हैं। टीम के सभी सदस्यों ने साइन मंदिर में साइन बाबा का दर्शन किया और यहीं से टीम रवाना हो गई। टीम 27 की शाम नई दिल्ली पहुंचेगी।

# अफीम की खेती की सूचना प्रशासन को दें जन प्रतिनिधि : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बैठक कर अफीम की खेती और इससे होनेवाले दुष्प्रभावों के प्रति लागों को सचेत किया। बैठक के दौरान अफीम की खेती के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी प्रभावों पर चर्चा की गई। एसडीओ ने कहा कि अफीम की खेती न केवल अवैध है, बल्कि यह समाज के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि वे ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों और अपने परिवार एवं समुदाय को इससे बचाने में सहयोग करें। अधिकारियों ने आम जनता से अनुरोध किया कि यदि किसी को अफीम की खेती और इस संबंध में कोई गतिविधि की जानकारी हो, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन के जरिये ऐसे मामलों में गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी और सूचना देने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मुहिम के तहत प्रशासन ने अवैध अफीम की खेती को जड़ से खत्म करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई रणनीतियां तैयार की हैं।

### अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत खूंटी प्रखंड के चिकोर सहित अन्य क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन को लेकर पुंदाग स्टेशन पर ट्रेनों का होगा अस्थाई ठहराव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के लिए 27 दिसंबर से 4 जनवरी तक कई ट्रेनों का पुंदाग स्टेशन पर 01 मिनट के लिए ठहराव दिया गया है। जिन ट्रेनों का 01 मिनट के लिए ठहराव दिया गया है उसमें ट्रेन संख्या 18603 रांची- गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 28 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 16:56 बजे तथा प्रस्थान 16:57 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18604 गोड्डा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 27 दिसंबर से पुनदाग स्टेशन पर आगमन 03:30 बजे तथा प्रस्थान 03:31 बजे होगा। ट्रेन संख्या 13403 रांची - भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 27 दिसंबर से पुनदाग स्टेशन पर आगमन 21:18 बजे तथा प्रस्थान 21:19 बजे होगा। ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 26 दिसंबर से पुनदाग स्टेशन पर आगमन 06:23 बजे तथा प्रस्थान 06:24 बजे होगा। ट्रेन संख्या 15027 सम्बलपुर - गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 27 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 19:18 बजे तथा प्रस्थान 19:19 बजे होगा। ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर - सम्बलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 26 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 04:32 बजे तथा प्रस्थान 04:33 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला - जयनगर एक्स्प्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 28 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 22:21 बजे तथा प्रस्थान 22:22 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18106 जयनगर - राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 27 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 08:05 बजे तथा प्रस्थान 08:06 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 20:15 बजे तथा प्रस्थान 20:16 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18628 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 07:20 बजे तथा प्रस्थान 07:21 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18619 रांची - दुमका एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा प्रारंभ 27 दिसंबर से पुंदाग स्टेशन पर आगमन 23:26 बजे तथा प्रस्थान 23:27 बजे होगा।

# वाटरफॉल के डेंजर जोन को रेखांकित करने की निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नव वर्ष पर रांची जिला के मुख्य वाटरफॉल एवं विभिन्न डैमों तथा पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए अत्यधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होते हैं। इसे लेकर सभी वाटरफॉल के डेंजर एरिया को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से मार्किंग करना और झंडे लगवाना आवश्यक है। सभी वाटरफॉल के डेंजर एरिया को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से मार्किंग करना और झंडे लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वाटरफॉल और संबंधित एरिया में डैम वगैरह में गस्ती बढ़ाये और सतत एवं कड़ी निगरानी रखे, ताकि कोई भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / सभी अंचल अधिकारी / सभी थाना प्रभारी,पर्यटन मित्र, सदर अनुमंडल, रांची को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वाटरफॉल एवं पर्यटन स्थलों पर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सतत एवं कड़ी निगरानी रखना सुनिश्चित करें।

साल के अंतिम गुरुवार को लापुंग के प्रसिद्ध साईं मंदिर में उमड़ी भीड़

# धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में साउथ 2024 के अंतिम गुरूवार को साईं भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शीतकालीन अवकाश के बहाने हजारों सैलानी लापुंग प्रखंड के सरसा स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और साईं बाबा से नववर्ष के मंगलमय होने का आशीर्वाद मांगा। एटीएस के डीएसपी संजय कुमार के सौजन्य से गुरूवार के भंडारा का आयोजन किया गया। साईं बाबा को पूड़ी सब्जी एवं खिचड़ी के प्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर साईं बाबा के दरबार में आयोजित भंडारा के दौरान पूड़ी सब्जी एवं खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। एटीएस के डीएसपी संजय कुमार ने कहा कि लोगों को अपने काम से छुट्टी बहुत मुश्किल से मिलती है। इसलिए छुट्टी के दौरान जब भी सैलानी यहां आते हैं, परिवार के साथ खूब मस्ती करते हैं। वहीं लेखापाल राजेन्द्र राम ने कहा कि साईं मंदिर में गुरूवार का दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु पीले रंग या गेरुआ रंग के कपड़े पहनते हैं। साईं बाबा का श्रृंगार भी पीले वस्त्रों से की जाती है। इसी के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साल के अंतिम गुरूवार को साईं मंदिर में सुबह 5:15 बजे काकड़ आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया गया। 5:30 बजे बाबा को दूध दही घी पंचामृत एवं पवित्र जल से मंगल स्नान कराया और फिर उनका श्रृंगार किया गया। 12 बजे मध्याह्न आरती का भव्य आयोजन किया गया। ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जैसे मंत्रोच्चार के बीच मुख्य पुजारी विभिषण पांडेय, पंच्याक्षरी पांडेय एवं जगेश्वर भगत ने आरती का सामुहिक आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर के सचिव सत्येंद्र भगत, प्रबंधक मनोज उरांव, रामपाल भगत, नाथुराम भगत, अजय भगत, कृपा उरांव, राम उरांव, सुभाष उरांव, कार्तिक उरांव सहित कई अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में सैलानी साईं मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना के साथ-साथ पिकनिक भी मनाई।

# एक नजर

## 9 दिवसीय श्री श्री 108 शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत लग्नवां में 20 फरवरी 2025 से 9 दिवसीय श्री श्री 108 शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी अध्यक्ष जयप्रकाश मोदी और सचिव लोकनाथ राणा ने देते हुए बताया कि यज्ञ को यज्ञाचार्य पंडित शंकर शरण शास्त्री वाराणसी तथा कथा वाचक पंडित पंकज शास्त्री जी के द्वारा महायज्ञ का समापन कराया जाएगा। 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ और 28 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। वहीं प्रत्येक दिन संध्या 7:00 बजे से कथा एवं प्रवचन और आरती का आयोजन के बाद श्रद्धालु रासलीला प्रोग्राम का भी आनंद ले सकेंगे। वहीं यज्ञ की तैयारी को लेकर समिति अपने अपने कार्यों में जुट गई है।

## बड़कागांव और मांडू सीट हारने पर झामुमो ने किया मंथन

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। रामगढ़ जिले में एक सीट पर गठबंधन की जीत हुई और दो सीट पर हार मिली है। बड़कागांव और मांडू विधानसभा सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार की हार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंथन किया है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गई। साथ ही पार्टी की सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। यहां पंचायत और बूथ स्तर की कमेटी की मजबूती पर बल दिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अभी से ही सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। सभी आनुषंगिक इकाई मिलकर ऐतिहासिक सदस्य बनाने का काम करेंगे।

## इचाक में जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग।** इचाक में जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विधायक मनोज यादव, अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और बटेश्वर प्रसाद मेहता ने जैविक खेती पर अपने विचार रखे. वक्ताओं ने कार्यशाला में मौजूद किसानों को जैविक प्रणाली खेती करने की सलाह दी. कहा कि जैविक प्रणाली अपनाने से स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण सहजता से हो सकेगा.अमित कुमार ने कहा कि फसल में गुणवत्ता की वृद्धि के लिए जैविक खेती अपनाना जरूरी है. इससे समाज के साथ-साथ मानव जीवन और पर्यावरण का संरक्षण संभव है. जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, उसमें जैविक खेती और जरुरी हो जाता है. संजीव कुशवाहा ने कहा कि जैविक खेती से किसान अपने स्वास्थ्य के साथ आर्थिक सुधार ला सकते हैं.

## मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर बंद होगा सिरका लोकल सेल

**रामगढ़।** मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर एक बार फिर सिरका लोकल सेल बंद होगा। 27 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंदी का ऐलान सेल संचालन समिति ने किया है। बंदी से पहले समिति के पदाधिकारियों ने सीसीएल के पदाधिकारी और रामगढ़ जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है। सेल संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश बेदिया ने बताया कि लोकल सेल को शांतिपूर्ण और मजदूर हित में चलाने को लेकर कई महीनो से जारी विवाद खत्म हो गया था। साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में सेल को संचालित करने का फैसला भी हुआ था। इस दौरान यह निर्देश भी जारी किया गया था कि मजदूरों का बकाया मजदूरी लिफ्टर से प्राप्त कर भुगतान कर दिया जाए। लेकिन लिफ्टर अब किसी की बात नहीं मान रहे हैं। इस मुद्दे पर सेल्स संचालन समिति ने यह फैसला किया है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी शीघ्र भुगतान किया जाए।

# स्कूल में मनाया गया बलिदान दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान के लिए विद्यालय ने श्रद्धापूर्वक 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया।इस अवसर पर चंद्रशेखर चौधरी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा हमें सदैव अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए उसके लिए चाहे हमें अपने प्राणों का ही बलिदान क्यों ना करना पड़े। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है, ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। कार्यक्रम में आचार्य बच्चूलाल तिवारी वीर बाल दिवस के महत्व और इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति और बलिदान पर आधारित गीत, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से साहिबजादों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को जीवंत किया। विद्यालय के छात्रों ने वीर बाल दिवस की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उनके रचनात्मक विचार और भावनाएं झलकती रहीं।

## डीसी ने की जिला मत्स्य कार्यालय के कार्यों की समीक्षा

**रामगढ़।** जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई. बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी के द्वारा उपायुक्त को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में स्वीकृत योजनाओं के अधतन प्रगति प्रतिवेदन की जानकारी दी गई. जिसके उपरांत उनके द्वारा केज कल्चर विस्तार एवं केज रिमॉडलिंग, फीड बेस्ड फिशरीज, समेकित मत्स्य पालन, तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार, मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना, मत्स्य विपणन योजना के तहत अब तक हुए कार्य के संबंध में जानकारी दी गई. इस संबंध में उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की वर्तमान में रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बंद पड़े खदानों को चिन्हित किया गया है.

### संगम ने 'वीर बाल दिवस' पर संकल्प सभा का आयोजन

# वीरता और नैतिकता की सीख बालकों को बचपन से ही दी जानी चाहिए : विजय केसरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** वीर बाल दिवस पर सागर भक्ति संगम के तत्वावधान में स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु गोविंद सिंह पर आधारित गीत से हुआ। संगम ने देश के प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को प्रेषित एक पत्र के माध्यम से मांग किया है, कि सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों की शहादत की कहानी को देशभर के स्कूलों के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए। इस अवसर पर संगम के सदस्यों ने अपने-अपने परिवार के बच्चों को वीरता और नैतिकता की सीख देने का संकल्प लिया। संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों क्रमशः अजीत सिंह, जुझार सिंह, फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने हिंदू सनातन धर्म की रक्षार्थ जो शहादत दी थी, सदा याद किया जाता रहेगा। आज के बदली राजनीतिक और सामाजिक परिस्थिति में जिस प्रकार विदेशी शक्तियां देश की एकता और अखंडता को ध्वस्त करने में लगी हुई है, ऐसे में देश के हर परिवार के लोगों को अपने बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत की कहानी होगी।

# न्यूज | बॉक्स

## डीएवी बरकाकाना में हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस



**रामगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीएस बरकाकाना में क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा सांता क्लॉज की वेशभूषा में प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद का गर्मजोशी से स्वागत करके हुई, जिससे पूरे आयोजन में उत्सव का माहौल बन गया. कार्यक्रम की शुरूआत लोकप्रिय क्रिसमस कैरल जिंगल बेल्स की मधुर प्रस्तुति से हुई. इसके बाद ह्लडेक द हॉल्स विद बाऊज ऑफ हॉलीह्व का मनमोहक प्रदर्शन स्कूल के बच्चों ने किया. जिसने सभी दर्शकों को क्रिसमस की उमंग से भर दिया. कक्षा नवम आ (मार्स) की श्रेयशी सौम्या ने क्रिसमस के महत्व और इसके प्रेम, शांति और सद्भाव के संदेश पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसे सभी ने बड़े ध्यान से सुना और सराहा. इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा तीसरा से पांचवे के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लॉन्ग टाइम अगो नामक एक सुंदर नाटक था, जो यीशु मसीह के जन्म की कहानी पर आधारित था. इस नाटक ने दया और करुणा के मूल्यों को खूबसूरती से उजागर किया.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया वीर बलिदान दिवस



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में वीर बलिदानी दिवस पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह एवं उनके बेटे वीर बलिदानी जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम में वीर बलिदानी गुरु गोविंद सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन आचार्य अनिल कुमार, आचार्य तारकेश्वर राय एवं नरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर आचार्य तारकेश्वर राय ने कहा गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की वीरता की गाथा बताते हुए उन्हें सच्चे राष्ट्रभक्त एवं वीर योद्धा बताया। उन्होंने मुगलों को अपनी वीरता का लोहा मनवाया। धर्म एवं देश की रक्षा के लिए दोनों ने अपने आप को बलिदान कर दिया। आप सभी भैया- बहन उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लें। कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा ने कहा- गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्र देश की रक्षा के लिए एवं धर्म की रक्षा के लिए अपने आप को देश के लिए बलिदान कर दिया। गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह भारतीय संस्कृति के रक्षक के साथ-साथ एक सच्चे देशभक्त थे। आप सभी भैया-बहन उनके पद चिन्हों पर चलकर देश भक्ति का संकल्प लें।

## स्कूल के छात्रों ने किया भद्रकाली पारसनाथ व बोधगया का शैक्षणिक भ्रमण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित +2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भद्रकाली, पारसनाथ और बोधगया का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्या स्वाति रंजन ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति हमेशा छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है। बच्चे आंखों देखी घटनाओं को जीवन पर्यंत याद रखते हैं। हमारी शिक्षण पद्धति कुछ इस प्रकार से होनी चाहिए कि हम अपने जड़ों से जुड़ें और सदैव समाज के विकास के लिए प्रेरित होकर ही कार्य करें। उन्होंने ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का अभिन्न अंग है। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में उत्सुकता तो बनती ही है ।साथ ही साथ एक नए वातावरण में शिक्षा ग्रहण करना उनके लिए आसान हो जाता है। आंखों देखी शिक्षा को आत्मसात करना और भी सरल हो जाता है। बच्चों ने कहा कि इस प्रकार से हम अपने इतिहास, भूगोल, विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था से रूबरू हो पाते हैं और उन्हें समझने में आसानी होती है। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### भीम आर्मी ने गृहमंत्री के बयान के विरोध में किया पुतला दहन

# आमर्यादित बयान को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है : राव

*बाबा साहब ने मनुस्मृतियों को समाप्त कर हम दलितों को सम्मान दिलाने का काम किया है*




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बुधवार की देर संध्या भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने बरही चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर मनुस्मृति जलाने का काम किया. कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अध्यक्षता व सुरेश चौधरी के संचालन में किया गया. जिसमें मुख्य रूप से एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सह बरही विस प्रभारी सूरज दास आदि शामिल हुए. पुतला दहन कार्यक्रम बीते सप्ताह गृह मंत्री श्री शाह के द्वारा राज्य सभा में बाबा साहब के प्रति दिए बयान को लेकर आयोजित किया गया था. पुतला दहन कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित लोगों ने जुलूस की शक्ल में गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर का मार्च किया और अंत में बरही चौक पर पुतला व मनुस्मृति का दहन किया. कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राव ने कहा कि गृह मंत्री शायद यह भूल गए हैं कि आज वह जिस पद पर हैं वह बाबा साहब की ही देन है. श्री राव ने कहा कि बाबा अंबेदकर आमर्यादित बयान को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। बाबा साहब ने मनुस्मृतियों को समाप्त कर हम दलितों को सम्मान दिलाने का काम किया है. जो कुछ लोगों को नागवार लग रहा है. वह हमारे मसीहा हैं. एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री ने बाबा साहब के अनुयायियों को ठेस पहुंचाया है. हम सभी डॉ अम्बेदकर के कृतज्ञ हैं जिन्होंने जिल्लत भरी जिंदगी से उबारने हुए एक सम्मानपूर्ण समानता का अधिकार दिलाने का काम किया है.

# भगवान पार्श्वनाथ के बताए सिद्धांतों का अनुसरण करना जरूरी : मानिक चंद जैन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर माने जाते हैं। इनका जन्म अरिष्टनेमि के एक हजार वर्ष बाद इक्ष्वाकु वंश में पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को हुआ था। इन्हें तीस वर्ष की अवस्था में एक दिन राजसभा में ऋषभदेव चरित सुनकर वैराग्य हो गया। यह बातें श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने 26 दिसंबर को कही। उन्होंने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ क्षमा के प्रतीक और सामाजिक क्रांति के प्रणेता हैं। उन्होंने अहिंसा की व्याप्ति को व्यक्ति तक विस्तृत कर सामाजिक जीवन में प्रवेश दिया, जो अभूतपूर्व क्रांति थी। उनका कहना था कि हर व्यक्ति के प्रति सहज करुणा और कल्याण की भावना रखें। भगवान पार्श्वनाथ के गणधरों की संख्या 10 थी। इनमें आर्यदत्त स्वामी प्रथम गणधर हुए। श्री पार्श्वनाथ ने ही जैन धर्म के पंच मुख्य व्रत की शिक्षा दी, जिनमें सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य आते हैं। यह भी ध्यान रखने योग्य है कि उनके समय में अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का समावेश एक ही व्रत में होता था। श्री पार्श्वनाथ ने ही चतुर्विध संघ की स्थापना की, जिनमें मुनि, आर्यिका, श्रावक व श्राविका होते हैं। आज भी जैन समाज में यही परम्परा कायम है। श्री जैन ने कहा कि मैं भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आहवान करता हूं।

## रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत







**रामगढ़।** गुरूवार को रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना उस दौरान हुई जब स्कूटी नंबर जेएच01ई 1943 पर एक युवक जा रहा था और एक ट्रेलर नम्बर जेएच05डीभी 3568 ने उसे चपेट में ले लिया । बताया गया की दुर्घटना में मृत युवक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। जब दुर्घटना हुई उस वक्त युवक अपनी दुकान खोलने के लिए जा रहा था। मृतक की पहचान पतरातू डीजल कॉलोनी निवासी सद्दाम के रूप में की गई है। उसके पिता पतरातू रेलवे में कार्य करते हैं। युवक पतरातू से रामगढ़ अपनी मोबाइल दुकान खोलने के लिये आ रहा था। उसी दौरान सुभाष चौक कैंटोनमेंट ऑफिस के निकट पटेल चौक की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रेलर को कब्जे में ले लिया। वहीं, चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## हाई स्कूल के बच्चों ने खंडोली डैम का किया शैक्षणिक भ्रमण, पिकनिक का उठाया आनंद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेडोकला के बरसोती टांड़ स्थित एसवीएम हाई स्कूल के बच्चों ने गिरीडीह के खंडोली डैम का शैक्षणिक भ्रमण किया। साथ ही पार्क में लगे झुला,ब्रेक डांस और बड़ा झुला झुलकर आंनद उठाया। विद्यालय निदेशक महेंद्र कुमार यादव ने बच्चों को खंडोली डैम से वाटर फिल्टर और पूरे गिरीडीह जिले में होने वाले सप्लाई के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। वहीं उप निदेशक विनोद कुमार यादव ने कहा कि एसवीएम हाई स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से मानसिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय निदेशक महेंद्र कुमार यादव,उप निदेशक विनोद कुमार यादव, प्रिंसिपल रमेश राणा, शिक्षक जितेन्द्र यादव, सुरेश हजाम,सुरज ठाकुर, लक्ष्मण साव, सोनी यादव,पुनम यादव, ग्रुप लिडर आदिति यादव, अंशु कुमारी,प्रिंस मोदी, सन्नी ठाकुर समेत आदि लोग शामिल थे।

## भाजपा एससी मोर्चा की बैठक, सदस्यता बढ़ाने पर जोर

**हजारीबाग।** भाजपा की अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी ने की. बैठक सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय में हुई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास मौजूद थे. किशुन दास ने कहा कि 15 जनवरी तक अधिक से अधिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है. कार्यक्रम में विशाल वाल्मीकि एवं कमलेश राम प्रदेश सूरज राज प्रभारी बिनोद राम ने भी अपने विचार रखे. वहीं विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज राज, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम के अलावा सदस्यता के प्रभारी बिनोद राम मौजूद थे.

# जब तक गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : राजीव रंजन प्रसाद




*भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के उपर अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध गलत एफआइआर के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के असमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी । अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मुल्यों की प्रतिबध्दता दिलाई। समता समानता और न्याय के डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नहीं आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की । यही नहीं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा के मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा अभी एक फैशन हो गया है। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था। बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मुल्यों का पाठ पढ़ाया था ।

### घर-घर योग को लेकर पतंजलि परिवार की बैठक आयोजित

# नियमित योग सभी रोगों से मुक्ति पाने की एक मात्र दवा : योगाचार्य अनिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** घर-घर योग को लेकर योगाचार्य अनिल कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अब्दुल कलाम आजाद पार्क में जिलास्तरीय बैठक संपन्न हुआ. जिसमें मुख्य रूप से पतंजलि के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे एवं जिला प्रभारी राम लखन साहू उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार करते हुए घर-घर तक योग पहुंचाने के लिए पतंजलि के सभी प्रभारी एवं कार्यकर्ताओ को जागरूक करना था. जिलाध्यक्ष ने योग के विभिन्न लाभ को चर्चा करते हुए योग के लिए लोगो को प्रेरित किया. मौके पर योगसेवा में बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओ को मुख्यालय हरिद्वार से आए हुए जैकेट व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. सबों ने एकजुट होकर योग को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प भी लाया. बैठक में भाग लेने वाले बरही प्रखंड प्रभारी नरेश यादव, इचाक प्रखंड प्रभारी दुर्गा प्रसाद, बरकट्ठा प्रखंड प्रभारी महेंद्र प्रसाद, कटकमसांडी प्रखंड प्रभारी अजीत कुमार, चौपारण प्रखंड प्रभारी अजीत कुमार, विष्णुगढ़ प्रखंड प्रभारी सुनील कुमार अकेला, चौपारण किसान प्रभारी जानकी यादव, योग विस्तारक इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, युवा प्रभारी रविशंकर साहू योग शिक्षक शशि कुमार, ललिता कुमारी, हरिकांत सहाय, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अकेला, उमेश दास, गोपाल कुमार मिश्र आदि सहित कई योग शिक्षकों ने भाग लिया.

### कलश वेंकटेश के प्रांगण में रावा के तत्वावधान में तीसरे दिन का हुआ कार्यक्रम

# कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागियों को नृत्य व गायन की दी गयी जानकारी

**मृणाल पाठक द्वारा प्रभात संगीत अलग अलग रागों पर आधारित बंदिश बताई गई तथा भाषा के लिए प्रीति पाठक ने संस्कृत में बात कैसे की जाए इसके बारे में बताया।**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कलश वेंकटेश रामगढ़ रांची में रावा (रीनेसंस आर्टिस्ट एंड राइटरर्स एसोसिएशन) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप का तीसरा दिन गुरुवार को शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई से दीपक तोंबरे और अनुकृति मैंम द्वारा क्लासिकल नृत्य और अरविंदर सिंह ध्वनि के बारे में बताया गया। सब गुणों से संपूर्ण मृणाल पाठक बीआईटी मेसरा से पहुंचे और आज की क्लास के बारे में जानकारी दी। वाणी राजमोहन मैम द्वारा भरत नाट्यम के व्याकरण में अम्बर बजे डमरू बजे प्रभात संगीत पे नृत्य के बारे में बताया गया। अनुकृति आनंद मैम ने कथक नृत्य कि जानकारी दी तथा तोमाय अमी भालो बाशी पे प्रभात संगीत सिखाया। अरविंदर सिंह द्वारा म्यूजिक ध्वनि पर विश्लेषण किया गया। रोहित पाठक ने भैरवी राग में अखियां तुमि को चाहती हैं सिखाया। मृणाल पाठक द्वारा प्रभात संगीत अलग अलग रागों पर आधारित बंदिश बताया गया तथा भाषा के लिए प्रीति पाठक संस्कृत में बात कैसे किया जाए इसके बारे में बताया गया। अंकुर जैन ने नाट्यशास्त्र के बारे में बताया की शारीरिक परीक्षण स्टेज पर कोपार्टनर के साथ स्टेज कैसे होता है। संध्या संस्कृति कार्यक्रम में आज भाव टीम द्वारा गायन में खुशी कुमारी और डांस में चन्दन द्वारा प्रोग्राम पेश किया गया। अलग-अलग राज्यों से दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया और शाम में परफॉर्म भी किया जो गायन व नृत्य का कार्यक्रम चला।

# सड़क हादसे में 3 युवकों की दर्दनाक मौत एक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जहां एक और पूरा सिमडेगा जिला क्रिसमस का उत्सव मना रहा था वहीं दूसरी ओर तेज रफ्तार की वजह से क्रिसमस की खुशी गम में बदल गई ।बोलबा थाना क्षेत्र के मालसाड़ा वनदुर्गा के पास बीती देर रात सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कर्रा मुंडा ब्रिंगा टोली गांव निवासी गुलशन कुल्लू एवं कोमल डुंगडुंग सड़क किनारे खड़े थे ।इसी दौरान उड़ीसा टांगर गांव निवासी विशाल डुंगडुंग तथा प्रिंस लकड़ा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से सिमडेगा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कोमल एवं गुलशन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा चालक विशाल डुंगडुंग एवं पीछे बैठे प्रिंस लकड़ा भी गंभीर रूप से घायल हो गया ।सभी को प्राथमिक इलाज के बाद सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया ।जहां पर इलाज के क्रम में कोमल डुंगडुंग, गुलशन कुल्लु एवं विशाल डुंगडुंग की मौत हो गई ।वहीं जबकि पीछे बैठे प्रिंस लकड़ाकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी को मिली। जिसके बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचा और मामले की जानकारी ली एवं मृतक के परिजनों का ढांढस से बढ़ते हुए हर संभव मदद देने की बात कही वहीं इसके अलावा घायल प्रिंस लकड़ा का भी हाल-चाल जाना तथा उपस्थित सिविल सर्जन को उन्होंने बेहतर इलाज करने से संबंधित निर्देश दिए। इधर गुरुवार की सुबह सभी मृतक के परिजन पहुंचे इसके बाद उनके रोने की आवाज से पूरा सदर अस्पताल सिमडेगा में हाहाकार मच गया ।मौके पर पुलिस पहुंची और सभी मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम करवाते हुए तीनों युवक के मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## जन जागरूकता अभियान:

# स्कूल ने स्वर्ण जयंती वर्ष में समाज के लिए खोला खजाना

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल सिमडेगा के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मरोमडेगा गांव में गुरुवार को जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक अभिभावकों को किताबें वितरित की गईं और विभिन्न सामाजिक व शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ "एकता की शक्ति" और "मातृशक्ति का आवाहन" के नारे के साथ किया गया। इसके बाद संस्कारयुक्त शिक्षा और बच्चों को घर पर संभालने के सुझाव दिए गए और बताया कि कैसे बच्चों को स्नेहपूर्ण और अनुशासित माहौल में ढाला जा सकता है ।किसान समुदाय की सहायता के लिए "कोल्ड स्टोरेज सिस्टम" की आवश्यकता और इसके फायदों पर विस्तार से चर्चा की गई और बताया कि यह सुविधा न केवल फसलों की बर्बादी रोक सकती है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से भी मजबूत बनाएगी।"युवा हमारे गांव की रीढ़ हैं" विषय पर चर्चा करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया ।नशा मुक्त गांव अभियान पर जोर देते हुए, युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान देने की अपील की गई। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की घोषणा भी की गई। स्कूल प्रशासन ने संस्कारयुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का वादा करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल में नामांकित कराने की अपील की। जन जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से जूनियर कैंब्रिज स्कूल के कोऑर्डिनेटर राहुल कुमार, विद्यालय के अभिभावक निराला कुमारी, अजय लाल, छोटकू मेहर और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संजय कुमार राव का निधन ,पटेल समाज ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** संजय कुमार राव ( पूर्व उपायुक्त, वाणिज्यकर,झारखण्ड) देवघर देवघर निवासी का निधन दिल के दौरा पड़ने के कारण गुरुवार सुबह हो गया। उनको 21 दिसंबर से ही उनका इलाज अपने आवास के निकट डिवाइन हॉस्पिटल में चल रहा था। स्थिति में सुधार नहीं होने के पर 25 दिसम्बर को संध्या 6:00 बजे ऑकिड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहा इलाज के क्रम में मौत हो गई। राव एक जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता थे। देवघर, राँची के साथ- साथ देश के कई राज्यों के सामाजिक संस्थाओं से जुड़ कर सामाजिक कार्य कर रहे थे। कई संस्थाओं के साथ सामाजिक व्यक्तियो को अर्थिक मदद किया करते थे। उनके निधन पर पटेल समाज सिमडेगा ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, सुनील कुमार, सुधीर कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, भरत भूषण प्रसाद, प्रभु महतो सहित पटेल समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने पर हुआ सम्मान कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। वहीं इसके अलावा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक के रूप में दयामणि बदला उपस्थिति रही। जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला मौके पर दयामणि बदला ने कहा गोडसे के दौर में आज महात्मा गांधी की अहिंसा शक्ति दी गई है ।जो सबसे मूलवान एवं स्थायी सिख में से अहिंसा सबसे बड़ी शक्ति है जिससे हम आगे बढ़ रहे हैं। गांधी जी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नेतृत्व संभालते हुए गरीबी को कम धार्मिक और जाति एकता बनाने महिलाओं को अधिकार का विस्तार करने छुआछूत के नाम से लोगों को जागरूक करने एवं स्वराज प्राप्त करने संबंधित कई कार्य किया जिससे कि हम संविधान बचा सकें ।जीप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया। और आज उनकी देने की कांग्रेस एक विशाल बड़ी पार्टी बनकर लोगों के बीच सेवा काम कर रही है। उपाध्यक्ष समी आलम ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यों की चर्चा की ।कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू , पीसीसी डेलिगेट्स प्रदीप केशरी,सामरोम पॉल तोपनो,कौशल किशोर रोहिल्ला,फुलजेन्सिया बिलुंग, रणधीर रंजन ,लीला नाग,जमीर खान ,जमीर हसन, नील प्रभा तिग्गा उपस्थित थे।

# वीर बाल दिवस राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान का प्रतीक : गोरखनाथ

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** भाजपा कार्यालय में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पुत्रों के बलिदान दिवस 26 दिसंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर ब्रिलिएंट स्कूल के प्रिंसिपल गोरखनाथ सिंह ने कहा की गुरु गोविंद सिंह के चारों साहब जादों के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस के अवसर पर उन्हें कोटि-कोटि नमन वीर बाल दिवस राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है ।चारों साहब जादों का सर्वोच्च बलिदान मातृभूमि और सर्वधर्म की रक्षा हेतु हम सभी को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ,प्रदेश कोर समिति सदस्य ,शशि भूषण भगत वीर बाल दिवस के जिला संयोजक अनूप केसरी ,सहसंयोजक रवि वर्मा हंसा रानी, दीप नारायण दास ,संटू गुप्ता ,कमला देवी रूनी देवी, रामकृष्ण महतो ,विद्या बड़ाईक ,महावीर बड़ाईक ,पिंकी प्रसाद ,जयंती देवी ,सुभाष महतो, आलोक श्रीवास्तव ,नवीन सिंह, संजय शर्मा ,अनिरुद्ध सिंह ,रमेश साहू ,दिलीप साहू ,घनश्याम सिंह, मनोज केसरी उपस्थित थे।

# गिरदा ओपी प्रभारी की पहल पर 1.5 किलोमीटर सड़क का श्रमदान से मरम्मत



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के जमतई मोड़ से उड़ीसा सीमान तक श्रमदान के माध्यम से 1.5 किलोमीटर सड़क का मरम्मत किया गया। मालूम हो कि जमतई मोड़ से उड़ीसा सीमान तक लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क काफी जर्जर हो गया था ।इसको देखते हुए ग्रामीणों ने गिर्दा ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह से मुलाकात कर सड़क मरम्मत को लेकर चर्चा किया। इसके बाद ओपी प्रभारी ने पहल करते हुए ग्रामीणों के साथ एक बैठक की,इसके बाद गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से 1.5 किलोमीटर सड़क का मरम्मत किया गया। श्रमदान में ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह,अमित साहू, प्रवीण साहू,जसबीर सिंह, वीरेंद्र साहू,संजय साहू के अलावा पुलिस जवान और आम ग्रामीण उपस्थित थे।

# शंख नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति की शव जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा शंख नदी से पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। मामले की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस वहां पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव को पहचान हेतु सदर अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखा है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह आसपास मवेशी चला रहे लोगों को दूर से ही नदी में किसी व्यक्ति की शव होने की आशंका हुई ।जिसके बाद नजदीक आकर देखा तो वहां पर शव था जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है इधर मृदा की पहचान नहीं हो पाई है।

# नाबालिक किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो पुलिस के द्वारा नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में गुरुवार को राजा बड़ाईक सोड़ा बानो जो वर्तमान में आज़ाद बस्ती, गोपाबंधु पल्ली, वार्ड - 03, सेक्टर - 20, राउरकेला में रहता उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया ।उक्त अभियुक्त के विरुद्ध बानो थाना में नाबालिक लड़की के अपहरण के आरोप में कांड दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त ने पूर्व में भी पीड़िता का अपहरण किया था जिसमे पकडे जाने पर वह जेल गया था। करीब 10 माह जेल में रहने के बाद ज़मानत पर जेल से बाहर आया था उसके बाद पुनः इस घटना को अंजाम दिया।

# बाइक और स्कूटी में भिड़ंत, एक घायल

**कोलेबिरा ।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ चुटिया नाला के समीप बाइक और स्कूटी में सीधे भिड़ंत होने से एक युवक घायल हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार कोम्बाकेरा से लचरागढ़ की ओर आ रहा था वहीं स्कूटी सवार लचरागढ़ से कोम्बाकेरा की ओर जा रहा था ।इसी क्रम में दोनों में आपसी भिड़ंत होने से मनीष टेटे घायल हो गया ।ग्रामीणों के सहयोग से घायल को बानो अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# मछली फंसाने में हो रहा है आधुनिक तकनीक का प्रयोग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा छोटू बड़ाईक जिले के दुरस्त् ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने आधुनिक युग में तकनीक और विज्ञान से दोस्ती कर नदी-नालों में मछली मारने में नये-नये प्रयोग करने लगे हैं। यह थोड़ा जोखिम भरा तो है, पर इसका रोमांच भी अलग ही है। जिले के सुदूरवर्ती गांवों में लोग अब पारंपरिक व पौराणिक तरीके से मछली नहीं मारते। इन्होंने मछली मारने के लिए वैज्ञानिक तरीके से जनरेटर अथवा बैट्री के करंट या सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। ग्रामीण जनरेटर अथवा बैट्री को कंधे में ढोकर दो लंबे तार को नदी-नालों के किनारे ले जाते हैं। करंट प्रवाहित तार को दो पतले बांस के डंडे की मदद से नदी-नालों के पानी में करंट प्रवाहित करते हैं। बिजली का झटका लगते ही मछली बेहोश होकर पानी के ऊपर आ जाती है। इसके बाद वहां मौजूद अन्य लोग आसानी से उसे पकड़ लेते हैं। इस प्रक्रिया से काफी संख्या में मछलियां पकड़ लेते हैं। इस तकनीक में करंट के झटके लगने का जोखिम रहता है, लेकिन राहत की बात यह है कि पानी में जहां तार डाला जाता है, वहीं कुछ क्षेत्रों में करंट का हल्का असर रहता है।

# बिजली की अनियमित आपूर्ति से साल भर परेशान रहे लोग

**सिमडेगा।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति से पूरे साल लोग परेशान रहे। इस साल भी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। खराब ट्रांसफार्मर के मरम्मत के लिए आज भी लोगों को मशक्कत करना पड़ता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी लगातार दावे करते है लेकिन हकीकत इससे कोसो दूर है। जिले के कई गांवो में बिजली खंभा नहीं लगने के कारण बांस एवं बल्ली के सहारे बिजली तार लाया गया है। जिसके कारण हमेशा खतरे की आशंका बनी रहती है। जिले में फिलहाल स्माअर् मीटर कहीं नहीं लगा है ।विभाग के ईई मनीष चंद्र पूर्ति ने कहा कि सभी गांव में बिजली खंभा लगाने के लिए सर्वे चल रहा है जल्द ही सभी जगह खंभे लग जाएगें। स्मार्ट मीटर के लिए विभाग से कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर के मरम्मत के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

# रेंगारिह के पास ऑटो पलटने से एक कि मौत कई घायल

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठाईटांगर।** प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगारिह के पास बुधवार की देर शाम ऑटो पलटने से ऑटो में सवार लेटाबेड़ा गांव निवासी कलेश्वर प्रधान नामक युवक की मौत हो गई ,जबकि ऑटो में सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गरजा खरवागढ़ा में खरवार भोगता समाज की ओर से आयोजित पांच दिवसीय हॉकी क्रिकेट प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद बुधवार देर शाम ऑटो में कलेश्वर एवं अन्य लोग अपने घर की ओर जा रहे थे ।इसी दौरान रेंगारिह के पास मोड़ में नियंत्रण खोकर ऑटो पलट गई ,जिसके बाद कलेश्वर को गंभीर चोट लगी, इसके अलावा अन्य तीन लड़कियों को भी चोट लगी। इधर सदर अस्पताल लाने के बाद चिकित्सक के द्वारा कामलेश्वर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज किया गया ।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद सिमडेगा पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


# पैसे के लिए मां से झगड़ा कर नशे में धुत बेटे ने खाया जहरीली कीटनाशक, हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के टैसेरा में नशे में धुत एक बेटे ने पैसे के लिए अपनी मां से झगड़ा करने के बाद खाया जहरीली कीटनाशक। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि टैसेरा निवासी रितेश तिर्की कहीं से क्रिसमस की पार्टी मना कर देर रात नशे में धुत अपने घर लौटा। इसके बाद वह अपनी मां से पैसे मांगते हुए झगड़ा करने लगा। इसपर उसकी मां ने उसे पैसे देने से इनकार करते हुए उसे शराब पीने के लिए डांटा। जिससे गुस्सा कर वह जहरीली कीटनाशक खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। तब उसके परिजन उसे गुरुवार को अहले सुबह सदर अस्पताल लेकर आए। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

# नए साल में बानो कोयल नदी सैलानियों के इंतजार में बाहें फैलाए हैं खड़ी





नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखण्ड के पिकनिक स्पॉट लोगो के इंतजार में बाहें फैलाए हुए है,यूं तो प्रखण्ड में काफी खूबरसूरती बिखरा पड़ा है जंगलों पहाड़ो के बीच बानो प्रखण्ड शुद्ध वातावरण के बीच है। प्रखण्ड का मुख्य पिकनिक स्थल है कोयल नदी ,पहाड़ो को चिर कर आगे कलकल कर बह रही है ।कोयल नदी का पैरवां घाघ क्षेत्र लोगो को बरबस खिंच लाती है। पेरवां घाघ का डाडिंग दह ,चटानों के ऊपर गिरता पानी लोगो को आकर्षित करती रही हैं ।ऊंचे ऊंचे पहाड़ों के बीच नदी का सोर ,प्राकृतिक सौंदर्य लोगो को खूब भाता है ।इसी नदी पर सोदे घाट के पास बानो मनोहर पुर पथ से सटे होने के कारण काफी संख्या में पिकनिक मनाने के लिये लोग आते हैं ।यहाँ पर नजदीक बाजार होने के कारण लोगो का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है ।बच्चे भी नदी तट का विस्तृत बलुवाही मैदान में खूब आनन्द लेते हैं। प्रखण्ड के हुरदा के कुछ दूरी पर स्थित रायकेरा डेम ,कांटा डेम ,चंदसाय डेम के पास आस पास के लोग पिकनिक के लिये पहुँचते हैं ।प्रखण्ड मुख्यालय से मात्र 4किलोमीटर की दूरी पर स्थित उकौली डेम भी लोगो को खूब भाता है। बानो वासियों पसंदीदा पिकनिक स्पॉट देवनदी स्थित पम्प हाउस में काफी संख्या लोग पिकनिक मनाने के लिये पहुंचते है। नजदीक होने कारण लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए आते हैं ।प्रखण्ड का ऐतिहासिक केतुङ्गा धाम में पूजा अर्चना के साथ पिकनिक मनाने वाले मंदिर से कुछ ही दूरी से गुजरने वाली देवनदी पिकनिक का आनंद उठाते हैं। यूं तो प्रखण्ड के बांकी नदी तट पिकनिक मनाने वालों पसन्दीदा जगह माना जाता है ।नव वर्ष के अवसर पर बानो रेलवे स्टेशन के समीप स्थित हनुमान पहाड़ी से लोग पूरे बानो का दीदार करने साथ साथ पिकनिक मनाते हैं। हनुमान पहाड़ी से लोग रेलवे स्टेशन, पावर हाउस सहित दूर दूर का खूबसूरत नजारे आनंद लेते हैं।

# अखिल भारतीय रौतिया समाज के बानो प्रखण्ड की हुई बैठक

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज के बानो प्रखण्ड समिति की बैठक ब्रजराज सिंह की अध्यक्षता में हुई ।मालूम हो कि प्रदेश व जिला कमिटी द्वारा लेटर जारी कर महेश सिंह को प्रखण्ड अध्यक्ष से पद मुक्त किया गया था। इसी सम्बंध में डाक बंगला बानो में समाज के बुद्धिजीवियों की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि महेश सिंह प्रखण्ड अध्यक्ष पद बने रहेंगे । मौके पर जय प्रकाश सिंह ,रंजीत सिंह,धर्मजीत सिंह ,शिशुपाल सिंह, कल्याणी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

# फसलों के साथ साथ जान माल को नुकसान पहुंचा रहे हैं हाथी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** वैसे तो जिले के बोलबा, ठेठईटांगर, केरसई, कुरडेग, बांसजोर, बानो, जलडेगा प्रखंड में हाथियों का आतंक सालों भर जारी रहता है। लेकिन धान कटनी के समय हाथियों का प्रकोप बढ़ जाता है। हाथी न सिर्फ खेतों में लगी फसलों को बर्बाद करते हैं, बल्कि जान माल को भी भारी नुकसान पहुंचाते हैं। प्रखंडों से आए दिन हाथियों द्वारा फसल बर्बाद करने, घर तोड़ने सहित जान माल को नुकसान पहुंचाने की खबर मिलते रहती है। धान कटनी के समय हाथियों का आतंक बढ़ जाने के बाद कई किसानों ने तो अधपक्के धान को ही काटने की विवशता दिखाई। बोलबा प्रखंड में हाथियों का उत्पात दिन प्रतिदिन जारी है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष हाथियों के कारण तीन लोगों की जान गई है। वहीं दस लोग घायल हुए है। 107 किसानों के खेतो में लगे फसल बर्बाद हुए है जबकि 224 मकान क्षतिग्रस्त हुए है। इसके अलावे 188 ग्रामीणों के घर में रखे अनाज को भी हाथियों के द्वारा चट किया गया है। इस वर्ष हाथी प्रभावित लोगों के बीच वन विभाग के द्वारा लगभग 80 लाख रुपए राशि का भी वितरण मुआवजा के रुप में किया गया है।

# नव वर्ष में सीमावर्ती राज्य से भी लोग पहुंचते है राजाडेरा

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** अरुण कुमार प्रखंड मुख्यालय से करीब पांच किमी दक्षिण पश्चिम में छिन्दा नदी पर छोटा जलप्रपात राजाडेरा पर्यटकों के आर्कषण का केंद्र है। जहां वर्ष भर लोग पिकनिक मनाने आते हैं। लेकिन एक जनवरी को पड़ोसी राज्य उड़ीसा सहित जिले के अन्य भाग से काफी संख्या में लोग वनभोज का आनन्द उठाने पूरे परिवार के साथ पहुंचते हैं। छिन्दा नदी के तट पर वन क्षेत्र से घिरे सपाट चटान युक्त नदी का मनमोहक स्थल का प्राकृतिक सौन्दर्य बरबस पर्यटकों के मन को मोहित कर लेता है। वन क्षेत्र से आच्छादित चटान केबीच स्वच्छ जल का प्रवाह मन को जहां एक अजीब सुकून देता है। वहीं चटानयुक्त ढलान के बीच बहते इस जल की ध्वनि से एक मनमोहक संगीत का एहसास दिल को एक मधुर संगीत का एहसास कराता है। पर्यटक यहां सिमडेगा राउरकेला पथ एनएच 143 के जोराम हाईस्कूल के निकट से राईबहार मसनिया जाने वाले कच्चे पथ से करीब तीन किमी का यात्रा कर पहुंच सकते हैं। परन्तु आबादी से दुर होने के कारण यहां कोई दुकान नहीं है। इस कारण अपने जरूरत का सभी समान साथ लाना आवश्यक है। वहीं निर्जन स्थान होने के कारण सुरक्षा के ख्याल से सुर्यास्त से पहले वापस जाना बेहतर माना जाता है। प्रखंड क्षेत्र में और भी अनेक स्थल शंख नदी का तट, पण्डरीपानी के निकट छिन्दा नदी के घुमरी से लेकर इस नदी के तट पर छुरिया गांव तक नव वर्ष को पर्यटकों का काफी भीड़ रहता है। प्रखंड मुख्यालय से मात्र चा किमी की दूरी पर राजाडेरा है। जहां अपने वाहन से जाया जा सकता है।

बड़ा दिन के अवसर पर प्रेरणायुक्त आदर्श परंपरा की हुई शुरूआत

# औषधियुक्त तुलसी जीवन दायिनी पौधा है पूजा संरक्षण का बेहतर विकल्प : निदेशक

*बच्चों ने न केवल तुलसी का पूजन किया बल्कि उसे संरक्षित और विकसित करने का संकल्प भी लिया*




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** 25 दिसंबर जहां कई स्कूलों में क्रिसमस और चरनी सजाने का दौर लगा रहा. वहीं पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल सहित इसके विभिन्न शाखाओं में आदर्श परंपरा की शुरआत की गई. इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने औषधियुक्त पौधे के संरक्षण व महत्ता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को तुलसी पूजन के लिए प्रेरित किया. जिससे प्रेरित होकर कई बच्चों ने न केवल तुलसी का पूजन किया बल्कि उसे संरक्षित और विकसित करने का संकल्प भी लिया. विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार का मानना है कि स्वास्थ्यवर्धक पौधे तुलसी के गुणों से सबों को अवगत होना चाहिए. यह मात्र पौधा ही नहीं अपितु गुणों से भरा पड़ा है. जिसके पत्ते से लेकर जड़ और फल तक विभिन्न रोगों के निदान के लिए उपयोग में लाए जाते है. यह एक औषधीय पौधा है जिसका आयुर्वेद में विशेष महत्व है. उन्होंने बताया कि धार्मिक दृष्टि से भी यह पूजनीय है. ऐसे औषधियुक्त पौधों के संरक्षण के लिए ही तुलसी पूजन आवश्यक है. इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को 25 दिसंबर को तुलसी की पूजा अवश्य करनी चाहिए. बच्चों को भी इस संबंध में जानकारी देने के लिए प्लास्टिक के पौधे के स्थान पर तुलसी जैसे औषधीय पौधे की पूजा करने के लिए प्रेरित करनी चाहिए, क्योंकि पूजा संरक्षण का बेहतर विकल्प है.

# सरकार की मंशा, हर परिवार का हो पक्का मकान : मंत्री दीपिका पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार की मंशा है कि हर परिवार का अपना पक्का मकान हो. इसके लिए आबुआ आवास योजना शुरू की गई है. इसमें फंड का कोई अभाव नहीं है. मंत्री गिरिडीह परिसदन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रही थीं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास किसी को छतविहीन न रखने की है. इस प्रयास में सरकार जुटी हुई है. ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना को लेकर विपक्षी दल आम लोगों के बीच भ्रांतियां फैला रहे हैं. उन्होंने कहा कि पहले की सूची के अनुरूप इस माह मंईयां योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेजी जाएगी. इसके लिए रांची में भव्य समारोह का आयोजन होगा. 28 दिसंबर को सभी बहनों के खाते में ढाई हजार रुपए भेजे जाएंगे. इसमें कोई कटौती नहीं की गई है. मंत्री ने कहा कि यदि केंद्र से राज्य का बकाया मिल जाए, तो विकास के नए रास्ते खुलेंगे. लेकिन केंद्र राज्य सरकार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है.

बगोदर में दुष्कर्म का लगातार दूसरा मामला सामने आया

# बच्ची से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, पुलिस ने किया दूसरे गांव से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बगोदर में एक बार फिर बच्ची संग दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। इस बार 51 साल के अधेड़ ने 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई। यह घटना विगत बुधवार शाम बगोदर के एक गांव की है, जिसके बाद गुरुवार को मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पा कर थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव, महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ घटना स्थल पर टीम पहुंची। जिसके बाद घटना की जानकारी लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच व इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। खोजबीन में थानेदार को यह पता चला कि आरोपी गांव से भाग गया है। जिसके बाद पूरी टीम छानबीन में जुट गई और कुछ घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, पुलिस के समक्ष पीड़िता और उसकी मां ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार की शाम को मां दूसरे घर में काम करने गई थी। इस बीच अधेड़ आया और बच्ची को चॉकलेट खरीदने के लिए 20 रुपया देने के बहाने अपने घर के कमरे में गया और यहीं पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया 'घटना के बाद आरोपी फरार हो गया ' वहीं, जब देर शाम को मां घर पहुंची तो पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी.

# तीन दिवसीय पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शुरू



**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में गुरुवार से तीन दिवसीय ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि पंचायत में चल रही या प्रस्तावित विकास योजनाओं की सही जानकारी रखी जाए और इसे ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए। साथ ही पंचायत में सबसे आवश्यक योजनाओं को ग्राम सभा के रजिस्टर में दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजना चयन में लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक कुंदन कुमार और पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा ने किया। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बिरनी प्रखंड की 14 पंचायतों के वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस की महिलाएं, आंगनवाड़ी सेविकाएं और स्वास्थ्य सहिया शामिल हुईं। प्रत्येक पंचायत से छह प्रतिनिधियों ने भाग लिया है।

# अवैध माइका कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, दो मालवाहक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** अवैध माइका कारोबार के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई की गई है. मनसाडीह ओपी अंतर्गत तिसरो गांव के पास से अवैध माइका लदे दो वाहनों को पुलिस, वन विभाग और एसएसबी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर जब्त किया है. बताया जाता है कि वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग,एसएसबी और मनसाडीह ओपी पुलिस के द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई. जिसमें माइका लदे एक पिकअप और एक टाटा 407 ट्रक जब्त किया गया. फिलहाल विभाग अपराधियों की पहचान करने में जुटी है,जिसके बाद वनवाद दायर किया जाएगा. कार्रवाई में मुख्य रूप से तिसरो एसएसबी कैंप के इंस्पेक्टर विजय पाल,मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार,प्रभारी वनपाल अभीमीत राज,वन उप परिसर पदाधिकारी रंजीत प्रभाकर, अक्षय सिन्हा, सूर्यकांत कुमार,शशि कुमार, रवीश कुमार, गौतम दास व अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित है अवैध क्रशर

# सरकारी राजस्व के साथ-साथ पर्यावरण का भी हो रहा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** गावां प्रखंड में अवैध क्रशरों की भरमार है। जहां प्रतिदिन इन अवैध क्रशरों में 10 हजार घनफुट से अधिक बॉल्डर खपाया जा रहा है। बता दें कि इन अवैध क्रशरों में बॉल्डर की आपूर्ति के लिए गावां व तिसरी इलाकों के वन क्षेत्र समेत कई जगहों पर अवैध माइनिंग कर किया जाता है। गावां में जिसकदर दिन के उजाले में ही अवैध बोल्डरों को इन क्रशरों में बेरोकटोक पहुंचाया जाता है और जिम्मेवार अधिकारी सब कुछ जान कर बभी आंखे बंद किये हुए है कि यह कहा जा सकता है कि क्रशर एवं खनन के इस अवैध कारोबार में संबंधित अधिकारियों की मौन स्वीकृति प्राप्त है। तभी तो दिन के उजाले में भी गावां थाना और प्रखंड कार्यालय से सटे सड़कों पर अवैध बॉल्डर और गिट्टी का परिवहन होता है और कोई कार्रवाई नहीं होती है। गावां के केंदुआडीह, हड़हड़ा, गदर, गणपतबागी कई जगहों पर वर्षों से अवैध क्रशर का संचालन धड़ल्ले से हो बेरोकटोक रहा है। वहीं गावां के गनपतबगी में एक क्रशर को माइनिंग विभाग से लाइसेंस भी मिला है, तो वहां विभाग से आंकड़ो की हेराफेरी कर राजस्व की चोरी हो रही है। इन अवैध क्रशरों के संचालन से जहां एक ओर सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, तो इलाके में अवैध खनन को भी बढ़ावा मिल रहा। इससे पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है। पत्थरों का लगातार दोहन होने से आसपास के पहाड़ों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है, पत्थरों के उत्खनन से पेड़ पौधे भी नष्ट हो रहे हैं जिससे पर्यावरण पर भारी खतरा भी मंडरा रहा है।



गावां में अवैध क्रशरों की भरमार, जहां प्रतिदिन खपाया जा रहा है अवैध खनन 10 हजार सीएफटी से ज्यादा बॉल्डर

## गिरिडीह : कवि भीम कुमार को मिला खोरठा प्रबुद्ध सम्मान

**गिरिडीह।** गावां के शिक्षक और कवि भीम कुमार को खोरठा साहित्य का प्रतिष्ठित सम्मान 'श्रीनिवास पानुरी खोरठा प्रबुद्ध सम्मान' से सम्मानित किया गया. यह सम्मान खोरठा भाषा साहित्य विकास मंच बरवाअड्डा, धनबाद तथा परास फूल के संपादक महेन्द्र प्रबुद्ध द्वारा खोरठा भाषा साहित्य में उल्लेखनीय कार्य व विशिष्ट योगदान के लिए हर वर्ष दिया जाता है. श्रीनिवास पानुरी की 104वीं जयंती पर आयोजित समारोह में टुंडी विधायक मथुरा महतो ने भीम कुमार को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व मेडल देकर सम्मानित गया. उन्हें यह सम्मान खोरठा साहित्य में अमूल्य योगदान व उनकी दूसरी स्वरचित व पहले खोरठा कविता संग्रह 'हमर सोना झारखंड' के लिए दिया गया. इस तरह का सम्मान मिलने से खारेठा भाषा और लोकप्रियता मिलेगी। इस भाषा के जानने वालों की संख्या में आएगी वृद्धि।

# मनरेगा तालाब में बिना खोदाई का आरोप 3 लाख 44 हजार की निकासी

*जिस जगह तालाब निर्माण का जियो टैक किया गया है , उक्त स्थल से तालाब गायब है*



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मनरेगा योजना में अनियमितता थामने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन गांडेय प्रखंड में कई मामले प्रकाश में आया है। इसी तरह का मामला गांडेय प्रखंड के बरमसिया वन पंचायत के बरमसिया गांव के अंतर्गत कंचनपुरा टोला में मनरेगा एक्ट के तहत निर्माणधीन एक तालाब स्थल से गायब मिला है । सिर्फ कागज कलमों में तालाब बनकर तैयार संबंधित विभाग के द्वारा सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर अवैध निकासी कर ली गई है लेकिन सूद लेने वाला कोई नहीं।बता दें कि बरमसिया वन पंचायत के कंचनपुरा टोला में वित्तीय वर्ष 2021-22 में किस्टू टुडू के नाम से तालाब निर्माण की स्वीकृति होती है। तालाब निर्माण में मजदूरी मद से 3 लाख 18 हजार 234 रुपये से व स्कैल मद से 26 हजार 250 रुपये की निकासी कर ली गई है। तालाब निर्माण में कुल 3 लाख 44 हजार 484 की अवैध निकासी कर ली जाती है। जिस जगह तालाब निर्माण का जियो टैक किया गया है , उक्त स्थल से तालाब गायब है। उक्त मामले की पुछताछ करने पर तालाब निर्माण के ठीकेदार ने जीओ टैग स्थल से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर एक निमार्णाधीन तालाब को किस्टू टुडू का तालाब दिखाया, जब कि जिस तालाब निर्माण को ठीकेदार द्वारा दिखाया जा रहा है उक्त स्थल में पूर्व में ही आलम अंसारी का डोभा निर्माण किया गया है। उक्त डोभा निर्माण से 1 लाख 28 हजार 298 रुपये की निकासी वित्तीय वर्ष 2020-21 में कर ली गई है। मामले में मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी , मामला उजागर होने पर पैसे की वसूली के साथ ही संबंधित लोगों पर मनरेगा एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी। इधर पंचायत की मुखिया पति मो अलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि तालाब का एम बी बुक के अनुसार पेमेंट हुआ है।

## पंचायत समिति की बैठक में पारित प्रस्तावों पर अमल नहीं होने पर होगी कार्रवाई : मंत्री

**बोकारो।** राज्य के पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत समिति की बैठकों में पारित प्रस्तावों पर अमल नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी. मंत्री गुरुवार को कसमार प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि पंचायत समिति बैठक में अधिकतर सदस्यों ने जो बातें रखीं, उससे यह स्पष्ट है कि बैठक के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है. अब ऐसा नहीं चलेगा. बैठक में जो मुद्दे उठाए जाते हैं या प्रस्ताव पारित किए जाते हैं, उस पर अमल होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर किसी विभाग से तीन बैठकों में कोई अधिकारी अनुपस्थित रहता है, तो उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए. प्रखंड प्रमुख नियोति डे ने कहा कि पिछले तीन साल से पंचायत समिति की बैठकों को अधिकारी सिर्फ मजाक में लेते रहे हैं.


**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़**

Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक–1259 दिनांक 23.12.2024के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **WRD /MID/RAMGARH F2 - 17/2024-25** को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ ।योजना का नाम–नावाडीह पंचायत के ग्राम जमुनदाहा में कालीकरण रोड से आनन्द किस्कू के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण, ग्राम/पंचायत– नावाडीह, प्रखण्ड–माण्डू, जिला– रामगढ़ कोअपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

एवं ग्राम पिण्डरा के बसबनवा टोला में शिवलाल मांझी के घर से लेकर सरकारी कूप तक नाली का निर्माण, ग्राम/ पंचायत– पिण्डरा, प्रखण्ड–माण्डू, जिला– रामगढ,जिसका पी०आर० नम्बर–342701(Minor Irrigation) 2024-25_D वर्ष 2024–25 है को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाताहै।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.342950 Minor Irrigation(24-25):D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
CIN No. U40108JH2013SGC001702
Office of the Deputy General Manager,
Electric Supply Circle, Sahibganj

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial and Part –II price part) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.: -

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimate Cost (In Rs.) | Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **257/PR/ JBVNL /2024-25** | R/M of QTR no.-SBG/E/28 at Sahibganj Electric Colony under ESC Sahibganj. | 133100.00/- | 590.00/- (GST included) | 2700.00/- | 60 Days |
| 02 | **258/PR/ JBVNL /2024-25** | R/M of QTR no.- SBG/F/19 & SBG/E/25 at Sahibganj Electric Colony under ESC Sahibganj. | 146500.00/- | 590.00/- (GST included) | 3000.00/- | 60 Days |
| 03 | **259/PR/ JBVNL /2024-25** | R/M of damaged East side boundary wall at TRW Sahibganj under ESC Sahibganj. | 149460.00/- | 590.00/- (GST included) | 3000.00/- | 60 Days |

01. Last date for sale of tender documents **16/01/2025 up to 05:00 P.M.**
02. Last date & time for submission of Tender **17/01/2025 up to 01:30 P.M.**
**03.** Date & time for opening of Tender (Part-1) **17/01/2025 at 02:00 P.M.**

**Terms & Conditions**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Sahibganj in shape of Demand Draft.
2. The tenderer should submit financial soundness certificate. Average annual financial turn over from construction activities during the last 03 (Three) years ending 31st March of the year should be at least 30% of estimated cost for financial soundness. Annual financial turn over must be duly certified by Chartered Accountant.
3. The tender must be accompanied with earnest money with tender Part-I (Technical and Commercial part) in shape of Bank Draft payable in favour of Accounts Officer, Electric Supply Circle, Sahibganj payable at Sahibganj otherwise it will be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Sahibganj

PR 342943 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D



**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची।**
**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 101/24–25.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 08/01/2025 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 09/01/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 09/01/2025 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोरण्डा, रॉची स्थित न्यायाधीश क्वाटर सं0 6 में 02 अदद् 2300वी0ए0 इन्वर्टर बैट्री सहित, जज बंगला सं0 1/19 में 1 अदद् 2300 वी0ए0 इन्वर्टर बैट्री सहित एवं न्यायधीश स्टाफ क्वाटर नं0 18 में 1 अदद् 2300 वी0ए0 इन्वर्टर बैट्री सहित के अधिष्ठापन का कार्य। | 3,67,427=00 | 750=00 | 8,000=00 | 28 दिन |
| 2. | आई0आर0 बी0–5 धुर्वा रॉची के परिसर में क्यूबिकल पैनल एवं केबल के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,90,938=00 | 750=00 | 10,000=00 | 28 दिन |
| 3. | छतरमाण्डू, रामगढ़ स्थित ई0वी0एम0 वाटर हाउस के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 3,95,872=00 | 750=00 | 8,000=00 | 28 दिन |
| 4. | डिविजनल कमिशनर, नार्थ छोटानागपूर डिविजन, हजारीबाग के कार्यालय में 2.0 टन स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,63,514=00 | 1250=00 | 16,000=00 | 28 दिन |
| 5. | दिनदयाल नगर, मोरहाबादी रॉची स्थित आवास सं0– PS 03 एवं 04 के परिसर में बगीचा लाईट, सर्विस केबल एवं पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,83,222=00 | 1250=00 | 20,000=00 | 28 दिन |
| 6. | व्यवहार न्यायालय, रॉची, एन्टी क्रपसन ब्यूरो, झारखण्ड विधान सभा अध्यक्ष आवास एवं कमिशनर कार्यालय में 1 .5/2.2 टन क्षमता के 12 अदद् वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,99,923=00 | 1250=00 | 20,000=00 | 28 दिन |
| 7. | व्यवहार न्यायालय रॉची परिसर स्थित नवनिर्मित फास्ट ट्रैक भवन के मेडिकल डिस्पेंसरी में 03 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,46,609=00 | 500=00 | 5,000=00 | 21 दिन |
| 8. | व्यवहार न्यायालय, रॉची के सी0सी0टी0वी0 रूम में 02 अदद् 2.0 टन क्षमता के स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,90,084=00 | 500=00 | 4,000=00 | 21 दिन |
| 9. | ज्यूडिशियल एकेडमी, धुर्वा रॉची के निदेश के कार्यालय कक्ष में 01 अदद् एवं स्वर्णरेखा हॉस्टल में 02 अदद् 1 .5 टन क्षमता के स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,77,036=00 | 500=00 | 6,000=00 | 21 दिन |
| 10. | सरकूलर रोड, रॉची स्थित सी0जी0एम0 आवास के परिसर में सुरक्षा लाईट, पाथ लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,88,342=00 | 1250=00 | 14,000=00 | 28 दिन |
| 11. | सिमडेगा स्थित डी0डी0सी0 के आवासीय परिसर में पाथ लाईट एवं बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,64,669=00 | 1250=00 | 20,000=00 | 28 दिन |

PR 342948 Energy(24-25)D
विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।


मोदी सेवा ट्रस्ट ने वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन

# जयकारों और भव्य आरती के साथ कार्यक्रम का हुआ आरंभ

*राजकिशोर मोदी और अन्य वक्ताओं ने समाज और नई पीढ़ियों के बीच संस्कार, शिक्षा और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह** बिरनी प्रखंड के पलौंजिया तलहटी पहाड़ के पास गुरुवार को मोदी सेवा ट्रस्ट बिरनी द्वारा आयोजित अहिवरन जयंती सह वनभोज कार्यक्रम में उत्साह और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अहिवरन जी की शोभा यात्रा से हुई, जो पलौंजिया ठाकुरबाड़ी से ध्वनि यंत्रों के साथ पद यात्रा करते हुए तलहटी कार्यस्थल तक पहुंची। जयकारों और भव्य आरती के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि संतोष रंजन और विशिष्ट अतिथि सूरज मोदी सहित अन्य अतिथियों का माला और शॉल देकर सम्मान किया गया। छात्रा सेल्वी राज द्वारा महाराजा अहिवरन जी की हस्तनिर्मित तस्वीर भेंट करना और जगदीश मोदी द्वारा महाराजा की जीवनी पर प्रकाश डालना कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण पर आधारित नाटक, बच्चों के लिए डांस और क्विज प्रतियोगिता तथा महिलाओं के खेलकूद आयोजन ने समां बांध दिया। राजकिशोर मोदी और अन्य वक्ताओं ने समाज और नई पीढ़ियों के बीच संस्कार, शिक्षा और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। अरविंद कुमार ने समाज को बाहरी खतरों से सतर्क रहने का संदेश दिया। अध्यक्ष मुकुल प्रसाद और अन्य समिति सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बनाया। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा भी दी।

# तिसरी में जीपीडीपी की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत



**तिसरी (गिरिडीह)। तिसरी** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बताया गया कि जीपीडीपी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना तथा ग्राम सभा के माध्यम से आवश्यक योजनाओं को रजिस्टर में दर्ज करना है ताकि योजना चयन में लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हों. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायती राज मास्टर ट्रेनर द्वारा रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस, पंचायत सचिव, वॉर्ड सदस्य सहित छह इकाई सदस्य को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इन सभी को प्रशिक्षण लेकर गांव की समस्याओं को आकलन करना है प्राकृतिक और मानवरशिद क्या है इसी विषय पर एक साल तक क्षेत्र में काम करना है. इस बैठक में उप प्रमुख बैजू मरांडी मुखिया हसीमुद्दीन अंसारी, रोजगार सेवक, सेविका ने भाग लिया.

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायती राज मास्टर ट्रेनर द्वारा रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस, पंचायत सचिव, वॉर्ड सदस्य सहित छह इकाई सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है**

जब व्यक्ति को अपने गुरु मिल गये हों, तो उनके प्रति निशर्त भक्ति रखनी चाहिये, क्योंकि वे ईश्वर का माध्यम हैं। गुरु का एकमात्र उद्देश्य शिष्य को आत्म - साक्षात्कार प्रदान करना है; गुरु जो प्रेम शिष्य से प्राप्त करते हैं, उसे वे ईश्वर को दे देते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'



संपादकीय

# डिजिटल कचरा से दोतरफा प्रदूषण

आज जब हम अपने मोबाइल की स्क्रीन को अंगुलियों से ऊपर-नीचे कर रहे हैं। इसी दौरान हमें स्क्रीन पर एक मैसेज आता है कि आपका क्लाउड स्टोरेज लगभग भर गया है। फिर, हम अपने डाटा को सुरक्षित रखने के लिए स्टोरेज खरीद लेते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि वास्तव में यह सारा 'क्लाउड' डाटा कहां रहता है? यह आसमान में तो तैरता नहीं है, बल्कि इसे विशाल डाटा केंद्रों में संगृहीत किया जाता है, जो बहुत ज्यादा बिजली की खपत करते हैं, जिससे 'डिजिटल प्रदूषण' को बढ़ावा मिलता है।आज हम घर बैठे मोबाइल पर एक क्लिक से मनचाही चीज ऑर्डर कर मंगवा सकते हैं। हालांकि डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व सुविधाएं मुहैया कराईं हैं। लेकिन डिजिटल प्रदूषण का खतरा भी पैदा किया है। एक लैपटॉप बनाने के लिए दुनिया भर के देशों से दर्जनों धातुओं की आवश्यकता होती है। उनके निष्कर्षण के लिए बहुत अधिक (जीवाश्म) ऊर्जा, पानी और संसाधनों की आवश्यकता होती है। ई-मेल भेजने, ऑनलाइन वीडियो देखने या वीडियो कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए आपका डिवाइस दुनिया भर में स्थित सर्वर से जुड़ता है, जो संचालन और ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में ऊर्जा की खपत करते हैं। एक ई-मेल चार ग्राम कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन करता है। यदि आप ई-मेल में एक अटैचमेंट जोड़ते हैं, तो यह उत्सर्जन 50 ग्राम कार्बन डाईऑक्साइड तक पहुंच सकता है। इसी तरह एक गूगल सर्च की ऊर्जा खपत 60 वाट के बल्ब को 17 सेकंड तक जलाए रखने के बराबर होती है। फाइनल स्ट्रॉ फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 60 सेकंड में 19 करोड़ ई-मेल किए जाते हैं। सोशल मीडिया मैसेंजर व्हाट्सएप पर करीब छह करोड़ मैसेज भेजे जाते हैं। सर्च इंजन गूगल पर 41 लाख लोग सर्च करते हैं। यू-ट्यूब पर 60 सेकंड में 43 लाख वीडियो देखे जाते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में दावा किया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से हो रहे कार्बन उत्सर्जन के कारण 2030 तक अमेरिका में 1,300 लोग हर साल अकाल मौत का शिकार होंगे। भारत की संसद में हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टेलीविजन सेट और रेफ्रिजरेटर जैसे इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से उत्पन्न ई-कचरे में 72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसे में चुपके से पांव पसार रहा डिजिटल प्रदूषण हमारे समाने नई चुनौती बनकर खड़ा हो रहा है। इस नए प्रदूषण से निपटने की हमारी क्या तैयारी होनी चाहिए, इस पर हर एक डिजिटल नागरिक को चिंतन-मंथन करने की जरूरत है। बहुत बार हम मोबाइल सहित इलेक्ट्रॉनिक गजट में अनावश्यक या डुप्लिकेट डेटा के रूप में फोटो वीडियो या अन्य सामग्री स्टोर कर रखते हैं जिससे यह समस्या और बढ़ती जा रही है। इसका बड़ा कारण अज्ञानता या जानकारी की कमी है। हमें इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सही इस्तेमाल करना नहीं आता। आजकल एआई तकनीक से इन्हें हटाना आसान हो गया है। इसके लिए हम सभी को जागरूक करना और जागरूक होना जरूरी है।

आज की बात

# स्वामित्व संपत्ति कार्ड : ग्रामीण संपदाओं के आर्थिक लाभ का माध्यम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल, 2020 को स्वामित्व योजना शुरू की गई। यह योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक ऐतिहासिक पहल है।



डॉ. बिजय कुमार बेहरा
आर्थिक सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय।

इसका उद्देश्य देश के सभी बसावट वालेक्षेत्रों में प्रत्येक ग्रामीण घर के मालिक को 'अधिकार पत्र' प्रदान करना था। यह परिवर्तनकारी योजना ग्रामीण संपदाओं से आर्थिक लाभ प्रापति के द्वार खोल रही है और व्यापक तौर पर ग्राम-स्तरीय योजना को बढ़ावा दे रही है। अपने चरणबद्ध कार्यान्वयनद्वारा यह योजनाभूमि प्रशासन में क्रांति ला रही है और ग्रामीण समुदायों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। भूमि अधिकांश आर्थिक गतिविधियों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है।यह विकास और समृद्धि का आधार भी बनती है। ग्रामीण भारत के बसावट वाले क्षेत्र (आबादी वाली भूमि) लंबे समय से महत्वपूर्ण सुधारों से अछूते रहे हैं। सीमित सर्वेक्षण किए जाने और सटीक मानचित्र उपलब्ध न होने के कारण, इन क्षेत्रों में संभावित संपत्ति स्वामित्व, अनसुलझे विवाद और संस्थागत ऋण तक पहुंच की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। भूमि प्रशासन में इस कमीके कारण ग्रामीण लोग गैर-संस्थागत ऋणदाताओं पर निर्भर होते थे। ऐसे ऋणदाता अत्यधिक ब्याज दर पर वसूली करते थे।इससे गरीबी और वित्तीय असुरक्षा बढ़ती गई। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, राज्य राजस्व या पंचायती राज अधिनियमों द्वारा समर्थित संपत्ति कार्ड जारी करने के लिए स्वामित्व योजना की अवधारणा बनाई गई थी। ये कार्ड स्वामित्व का औपचारिक दस्तावेजीकरण प्रदान करते हैं। इसके द्वारा वित्तीय समावेशन और सतत ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। स्वामित्व योजना को पहले छह राज्यों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पायलट चरण में शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर, 2020 को 763 गांवों में लगभग एक लाख संपत्ति मालिकों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। शुरूआती सफलता के बादइस योजना को 24 अप्रैल, 2021 को पूरे देश में लागू किया गया। आज तक 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों के सर्वेक्षण में समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण




विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्नत ड्रोन तकनीक को अपनाना इस योजना की सफलता का आधार है। आबादी क्षेत्रों के हाई-रिजॉल्यूशन वाले नक्शे तैयार किए जाते हैं, जिससे संपत्ति का सटीक चित्रण संभव होता है। यह तकनीकी क्रियाकलाप ग्रामीण संपत्तियों के दस्तावेजीकरण में सटीकता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करता है। संपत्ति कार्ड जारी करने से ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रयुक्त आर्थिक क्षमता का लाभ मिल रहा है। संपत्ति के मालिक अब व्यवसाय का विस्तार करने, बेहतर आवास में निवेश करने या कृषि उत्पादकता में सुधार करने के लिए बैंक ऋण प्राप्त करके अपनी संपत्ति का आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह बदलाव अनौपचारिक ऋणदाताओं पर निर्भरता को कम करने के साथ ही वित्तीय स्वतंत्रता की संस्कृति को बढ़ावा भी दे रहा है। इसके अलावा, सटीक भूमि रिकॉर्ड की उपलब्धता संपत्ति विवादों को कम कर रही है। ऐसे विवादों ने ग्रामीण समुदायों पर अत्यधिक बोझ डाला है और न्यायिक प्रणालियों को अवरुद्ध किया है। स्वामित्व योजना संघर्ष को कम करकेसामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दे रही है और सामुदायिक संबंधों को सुचारू बना रही है। वित्तीय सशक्तिकरण के अलावा,स्वामित्व योजना एक सुव्यवस्थित ग्राम विकास को आगे बढ़ा रही है। विस्तृत मानचित्रों का निर्माण संभव होने से स्थानिक नियोजन और पंचायतों में विकास नियंत्रण विनियमन (डीसीआर) की शुरूआत को बल मिला है। ये उपाय असंगठित विकास को औपचारिक बनाते हैं और भूमि का मनोनुकूल इस्तेमाल सुनिश्चित करते हैं। बिल्डिंग परमिशन सिस्टम कायम होने से सुरक्षा मानक और भी अधिक बढ़े हैं और सौंदर्य तथा संरचनात्मक रूप से सशक्त निर्माण को बढ़ावा भी मिला है। योजना से मिलने वाला योगदान सतत विकास लक्ष्य 11 के अनुकूल है। यह 'स्थायी शहरों और समुदायों' पर जोर देता है। नियोजित विकास और टिकाऊ प्रणालियों को प्रोत्साहित करके, स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक गतिविधि के केंद्र बनाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर जीवन स्तर के रूप में विकसित कर रही है। स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करती है। सटीक भूमि रिकॉर्ड बेहतर शासन के लिए आधार के रूप में काम करते हैं। इससे डेटा-संचालित निर्णय लेने और सरकारी योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन को सक्षम बनाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, बिल्डिंग परमिशन सिस्टम और अन्य पहलों के माध्यम से उत्पन्न राजस्व पंचायतों के स्वयं के स्रोत राजस्व (ओएसआर) में योगदान मिलता है और उनकी वित्तीय स्वायत्तता बढ़ती है। अब तकदेश भर में लाखों स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। यह इस योजना के व्यापक प्रभाव को दशार्ता है। ये प्रयास आर्थिक विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को चिन्हित करते हैं। प्रधानमंत्री 27 दिसम्बर, 2024 को एक ही दिन में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में 58 लाख स्वामित्व कार्डों के ई-वितरण का शुभारंभ करके इतिहास रचेंगे औरइस योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्डों के निर्माण और वितरण का एक और मील का पत्थर हासिल होगा। यह प्रधानमंत्री के विजन को साकार करता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है और वित्तीय समावेशन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत में उद्यमिता, रोजगार और व्यवसाय की स्थापना के अवसरों के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता (संकल्प) को प्रदर्शित करता है। स्वामित्व योजनाग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने केतकनीकी क्रियाकलापों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाती है और विकसित भारत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी मजबूत करती है। स्वामित्व एक योजना से कहीं अधिक है। यह एक आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के लिए एक विजन है। ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों को भुनाने के लिए उपकरण प्रदान करके, यह उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक रूप से अधिक जीवंत होते जाते हैं, वे राष्ट्र के समग्र विकास पथ में योगदान करते हैं। स्वामित्व योजना की सफलता इसके निरंतर विकास की मांग करती है। जागरूकता अभियानों का विस्तार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार संपत्ति कार्ड से लाभान्वित हो। वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग द्वारा ऋण तक पहुंचना और सरल बन सकता है। वहीं,कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी नई तकनीकों को आपस में जोड़कर ग्रामीण नियोजन के लिए डेटा विश्लेषण को बढ़ाया जा सकता है।

अलग बात

## क्या कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल की नई राजनीति होगी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है, जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा' में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। वहीं, एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है, लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी-सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं? **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



कमलेश पांडेय

देश की बात

# हर घर में नल जल योजना में भारी लूट

जल जीवन मिशन, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह योजना भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की पर्याय बन गई है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों मे इस योजना की खामियों और भ्रष्टाचार की लूट को उजागर किया है। जिससे स्पष्ट है, इस महत्वाकांक्षी योजना के पीछे सरकारी तंत्र का प्रचार-प्रपंच और कर्ज के धन मे भारी लूट और आम लोगों की बबार्दी छिपी हुई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने राज्यों को 8,957.50 करोड़ रुपये जारी किए। इसके बावजूद परियोजना आधी अधूरी है। राज्यों ने केंद्र सरकार से अतिरिक्त 3,200 करोड़ रुपये की मांग की है। पूर्व में आवंटित धन का सही उपयोग नहीं हो पाया। पानी नहीं है लेकिन पाइपलाइन डल गई। खेतों में पाइप लाइन डाल दी गई ठेकेदार और अधिकारियों ने जल जीवन मिशन में भारी लूट की है। जहां हर घर में पानी देने की बात कही जा रही थी। जहां योजना लागू कर दी गई है। वहां 50 फीसदी घरों में भी नल जल के कनेक्शन नहीं किए जा सके हैं। यह इस बात का संकेत करता है, कि सरकारी विभागों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से योजना के सरकारी धन का भ्रष्टाचार के रूप में दुरुपयोग हुआ है। योजना की धीमी प्रगति और असफलता के पीछे कई कारण हैं। गांवों में सही सर्वेक्षण न होना, पाइपलाइन बिछाने में देरी, जलश्रोतों की अनुपलब्धता जैसी कई समस्याओं ने इस योजना को जटिल बना दिया। जहां पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, वहां गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से स्पष्ट है, 5,546 योजनाओं की डीपीआर तैयार है, इनमें अधिकांश योजनाओं को शुरू करने में देरी हो रही है। इस देरी के पीछे प्रशासनिक औपचारिकताएं और भ्रष्टाचार प्रमुख कारण है। यह स्थिति सिर्फ वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा नहीं करती, बल्कि यह भी दिखाती है कि सरकार की प्राथमिकताएं प्रचार और दिखावे तक ही सीमित हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव सरकारी लूट का सबसे बड़ा उदाहरण है। सरकार को चाहिए कि वह इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की गहन जांच कराए। भ्रष्टाचार और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना चाहिए। जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित हो। विश्व बैंक और अन्य योजनाओं से कर्ज लेकर जल जीवन मिशन की योजना शुरू की गई थी। इसमें गांव-गांव में हर नागरिक तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया गया था। लेकिन यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। अब ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों को बोला जा रहा है वह अपने आर्थिक संसाधनों से इस योजना को चालू करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



सनत जैन



बोधि वृक्ष

मरते हुए मनुष्य की चेतना अचानक भौतिक शरीर के भार से, श्वास की आवश्यकता से, और शारीरिक कष्ट से मुक्ति का अनुभव करती है। आत्मा एक अत्यधिक शान्तिपूर्ण, अस्पष्ट, धुँधले प्रकाश वाली सुंरग में से ऊपर जाने के भाव का अनुभव करती है।

## मृत्यु को समझना

इसलिए उस व्यक्ति के लिए खेद मत व्यक्त करो जो मृत्यु के भ्रम से गुजर रहा हो, क्योंकि कुछ ही क्षणों में वह स्वतन्त्र हो जाएगा। एक बार वह इस भ्रम से बाहर हो जाता है, तब वह अनुभव करता है कि फिर भी मृत्यु इतनी बुरी नहीं थी। वह अनुभव करता है कि उसकी नश्वरता केवल एक स्वप्न थी और यह जान कर हर्षित होता है कि अब कोई अग्नि उसे जला नहीं सकती, जल उसे डुबो नहीं सकता; वह स्वतन्त्र और सुरक्षित है। मरते हुए मनुष्य की चेतना अचानक भौतिक शरीर के भार से, श्वास की आवश्यकता से, और शारीरिक कष्ट से मुक्ति का अनुभव करती है। आत्मा एक अत्यधिक शान्तिपूर्ण, अस्पष्ट, धुँधले प्रकाश वाली सुंरग में से ऊपर जाने के भाव का अनुभव करती है। उसके पश्चात आत्मा एक विस्मरणशील निद्रा की अवस्था में चली जाती है, जो कि भौतिक शरीर में अत्यधिक गहरी निद्रा के अनुभव से लाखों गुणा गहरी और आनन्दप्रद होती है।... मृत्यु के बाद की अवस्था को भिन्न-भिन्न लोग, पृथ्वी पर रहते हुए अपने जीवन जीने के ढंग के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार से अनुभव करते हैं। जिस प्रकार विभिन्न लोगों की निद्रा की अवधि और गहराई भिन्न होती है, उसी प्रकार उनके मृत्यु के उपरान्त के अनुभव भी भिन्न होते हैं। एक अच्छा व्यक्ति जो जीवन रूपी उद्योगशाला में कड़ी मेहनत करता है, थोड़े समय के लिए गहरी, अचेतन, आरामदायक निद्रा में चला जाता है। **(क्रमशः)**




श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**जो हलाक होकर गये, पहुंचे लेकर ताज।**
**हूरों ने देखा मगर, बदल लिये अंदाज।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

# कौन बनेगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष साक्षात रघुवर या कोई दलित धनुर्धर?

भाजपा का सांगठनिक चुनाव इन दिनों काफी चर्चा में है। हाल के वर्षों में भाजपा चौंकाने वाले निर्णयों को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर भी कयासों का बाजार काफी गर्म है। इन कयासों के लपेट में ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जैसे नाम भी सामने आ रहे हैं और इस चुनाव को लेकर पूरे देश की निगाहें भाजपा की ओर टिक गई है। भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी पार्टी है। देश के सुदूरवर्ती चौपालों तक इसकी पैठ है और इस दल से संबंधित कयासों के पसरने को एक स्वाभाविक तथ्य माना जा रहा है। गत जुलाई 2024 में ही बीजेपी को अपना नया अध्यक्ष चुनना था परन्तु सांगठनिक विवशता के कारण जून में जे.पी. नड्डा के कार्यकाल को छः महीने के लिए बढ़ा दिया गया और अब तमाम कयासों के बीच भाजपा की राज्य इकाइयां अपने बूथ, मंडल और जिला मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर व्यस्त हैं। इसके बाद राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी और कम से कम आधे राज्यों को नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। इन सबके बाद ही भाजपा अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह सर्वविदित है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के पहले भाजपा को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना पड़ेगा। सबसे पहली चुनौती संघ से आएगी और उसे अपने मातृ संगठन आरएसएस की इच्छा को ध्यान में रखना ही पड़ेगा। इस बार इसे अधिक प्रासंगिक माना जा रहा है क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने गत लोकसभा चुनावों से पहले संघ से किसी के सहयोग की जरूरत को नकार कर एक नयी लकीर खींचने का प्रयास किया था। इस बयान के बाद आए चुनावी नतीजे ने अंततः भाजपा को आईना दिखा दिया और आरएसएस को दरकिनार करने की उनकी घोषणा की एक तरह से हवा निकल गई।नए अध्यक्ष के चुनाव में दूसरी चुनौती के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी के मुहर की होगी। वस्तुतः साल 2014 से मोदी-शाह की जोड़ी भाजपा की सबसे कामयाब जोड़ी रही है। इससे पहले, बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व हर अहम फैसले से पहले आरएसएस की ओर रुख करने के लिए जाना जाता था परन्तु अब ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। गत लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाने के बाद बने राजनैतिक परिदृश्य के आलोक में इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी-शाह की यह जोड़ी किसी ऐसे व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी जिसकी संगठनात्मक पृष्ठभूमि मजबूत हो, शाह-मोदी के प्रति वफादार हो और उसे आरएसएस का भी समर्थन प्राप्त हो। नए अध्यक्ष के चुनाव का फॉर्मूला तय करने के पहले भाजपा के समक्ष राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के द्वारा सेट किए जा रहे अवधारणा को कुंद करने की भी बड़ी चुनौती है। 2014 से 2024 तक लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारने वाली कांग्रेस व उसके सहयोगी अब भाजपा की नैतिकता पर पहले से अधिक आक्रामक है। बाबा साहेब अंबेडकर के नाम को एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल करने वाले इन विपक्षी दलों का एजेंडा बहुत साफ है। गत लोकसभा चुनाव में इसकी बानगी तब देखने को मिली जब भाजपा के 'चार सौ पार' की काट में उन्होंने ऐसा माहौल बनाया कि यदि इतने अधिक बहुमत से भाजपा चुनाव जीत गई तो आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्ष का यह दांव कुछ हद तक कामयाब भी रहा और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व ओबीसी वोटों में अच्छा खासा डेंट लगता नजर आया। भाजपा हर जाति धर्म को साथ लेकर चलने का दावा करते हुए एक समावेशी पार्टी होने का भी दावा करती है। इस संदर्भ में यह डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविंद और अब वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मिसाल देने से ने चुकती। अब यह बातें सामने आ रही हैं कि ये मिसालें पुरानी हो चुकी हैं और पार्टी को कुछ नया करने जरूरत है। ऐसे में, दलित अध्यक्ष की थ्योरी को मूर्त्त रूप देने की चचाएं भी खूब हो रही है। संसद के शीतकालीन सत्र में कुछ ऐसे घटनाक्रम भी सामने आए जब विपक्ष एक बार फिर से भाजपा को दलित विरोधी बताने में लगी हुई है। दलित थ्योरी की अटकलों का एक पहलू यह भी है कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद दलित समुदाय से हैं। ऐसे में हिसाब किताब बराबर करने और विपक्ष के इन दावों को कुंद करने के लिए भाजपा यदि अपने ब्राह्मण अध्यक्ष श्री नड्डा के मुकाबले किसी दलित नेता का नाम सामने कर दे तो इससे किसी को कोई आश्चर्य नहीं होगा। यह एक ऐसा विषय है जिसे लेकर कोई खुलकर कुछ नहीं कहता। हाल के राजनैतिक घटनाक्रमों का जायजा लें तो केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम और उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य के नामों को भाजपा के भावी राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर देखा जा सकता है। इसी तरह यदि ओबीसी की थ्योरी काम कर गई तो राष्ट्रीय फलक पर कोई रघुवर नहीं बल्कि संघ की पृष्ठभूमि के साथ मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, विनोद तावड़े और धर्मेंद्र प्रधान जैसा कोई नाम सामने आएगा।



केदारनाथ दास
बसिया।



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# धूमधाम से मनाई जाएगी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ




**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया है कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ मंडप में शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों के साथ अग्निहोत्र का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे और फिर दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा।इसके अलावा, 6 लाख श्री राम मंत्रों का जप और राम रक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा सहित अन्य धार्मिक मंत्रों का उच्चारण भी किया जाएगा। मंदिर के भूतल पर 3 से 5 बजे तक राग सेवा 6-9 बजे तक बधाई गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद, यात्री सुविधा केंद्र की पहली मंजिल पर रामचरितमानस का संगीतबद्ध पाठ होगा। अंगद टीला पर राम कथा (2 से साढ़े तीन बजे तक), रामचरितमानस पर प्रवचन (साढ़े तीन से 5 बजे तक), साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुबह से श्री राम के प्रसाद का वितरण होगा।

### इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी श्रद्धालु और भक्त आमंत्रित

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों को इस ऐतिहासिक अवसर पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह दिन अयोध्या और भारत के लिए एक विशेष धार्मिक महत्व का दिन होगा, जिसमें भक्तगण श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को व्यक्त करेंगे। बता दें कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया था। 22 जनवरी को 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

# महाकुंभ में भारत की संस्कृति की झलक दिखेगी : गजेंद्र सिंह

**एजेंसी। जोधपुर**



केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि इस बार का महाकुंभ दिव्य और भव्य होगा। इस दौरान भारत की सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वैदिक सभ्यता से लेकर के महाभारत काल में गुप्त शासन काल में चालुक्य वंश के समय में और उसके बाद पूरे मध्यकालीन भारत इतिहास में कुंभ का उल्लेख मिलता है। पिछले कुंभ में लगभग 20 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। इस बार लगभग 45 करोड़ लोग महाकुंभ का गवाह बनेंगे। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार मिलकर व्यापक स्तर पर काम कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वहां डेढ़ लाख से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। कुंभ में आने वाले कल्पवासी जो पूरे समय में रहकर के वहां पर कल्प साधना करते हैं, उनकी संख्या 10 लाख की बजाय 20 लाख के आसपास रहने वाली है। जो पूरे समय में एक स्थान पर रहेंगे। उन सबके लिए कुंभ एक अच्छा अनुभव देने वाला ऐसा कुंभ बने, इसको लेकर के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय कम कर रहा है। वहीं 20 लाख विदेशी सैलानी महाकुंभ में आने वाले है। इस बार का कुंभ दुनिया के लिए ऐसा अवसर होगा, जहां भारत की सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी। हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 को प्रयागराज में समाप्त होने वाला है।

# सफलता के भ्रामक दावे करने वाले तीन कोचिंग इंस्टीट्यूट पर गिरी गाज

## सीसीपीए ने लगाया जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022 और 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट और स्टडीआईक्यू आईएएस पर 7-7 लाख रुपये और एज आईएएस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए यह जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सीसीपीए ने तत्काल प्रभाव से वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट, स्टडीआईक्यू आईएएस स्टडी और एज आईएएस को भ्रामक विज्ञापन बंद करने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए यह कार्रवाई की है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी सामान या सेवा के लिए कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए। सीसीपीए की जांच के अनुसार वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने अपने विज्ञापन में निम्नलिखित दावे किए हैं।

### दावे

- यूपीएससी सीएसई 2022 में 933 में से 617 चयन
- टॉप 10 एआईआर में 7, टॉप 20 एआईआर में 16
- टॉप 50 एआईआर में 39
- टॉप 100 एआईआर में 72

### विज्ञापन में कहा, शीर्ष यूपीएससी कोचिंग संस्थानों की सूची में हम पहले स्थान पर हैं




सीसीपीए ने जांच में पाया कि वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने सफल उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरें प्रमुखता से प्रदर्शित की हैं। इसके साथ ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न प्रकार के सशुल्क पाठ्यक्रमों का विज्ञापन भी किया। हालांकि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में उक्त सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी उपर्युक्त विज्ञापन में जारी नहीं की गई थी। सीसीपीए ने जांच में पाया कि दावा किए गए सभी 617 सफल उम्मीदवार साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकित थे। यह उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे इस बारे में जानकारी मिले कि सफल उम्मीदवारों ने सीएसई के अंतिम चयन में जगह बनाने के लिए कोचिंग संस्थान से कौन सा विशिष्ट पाठ्यक्रम लिया था। संभावित उपभोक्ताओं के लिए यह जानकारी सीएसई में उनकी सफलता के लिए चुने जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में निर्णय लेने में सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देने के खिलाफ सीसीपीए ने इससे पहले कार्रवाई की थी। इस संबंध में सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापन देने के लिए 45 नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा सीसीपीए ने 22 कोचिंग संस्थानों पर 71 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है, उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने के निर्देश भी दिए हैं।

## वीर बाल दिवस प्रेरणा का दिन

# गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को नमन : सीएम साय

**एजेंसी। रायपुर**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को वीर बाल दिवस की प्रदेश वासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। सीएम साय ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि 26 दिसम्बर को हम सभी वीर बाल दिवस मना रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मैं उनकी शहादत को शत शत नमन करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन हमें उनके साहस और वीरता को याद करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और अपनी संस्कृति, धर्म और देश के रक्षा के लिए जीवन का त्याग दिया। उनका आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह हमें राह दिखाएंगे। वहीं पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आज वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और बलिदान को याद करते हैं। छोटी उम्र में वे अपने विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहे और पीढ़ियों को अपने साहस से प्रेरित किया। उनका बलिदान वीरता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है। हम माता गुजरी जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की बहादुरी को भी याद करते हैं। वे हमेशा हमें एक अधिक न्यायपूर्ण और दयालु समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करें। वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से सिख गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। इन दोनों साहिबजादों ने छोटी उम्र में मुगल साम्राज्य के अत्याचारों का सामना करते हुए शहादत दी थी।

# रेवाड़ी के नरेंद्र ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

**एजेंसी। रेवाड़ी**

रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ के पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने हरियाणा का नाम रोशन किया है। नरेंद्र यादव ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर तिरंगा लहराया है। नरेंद्र की इस उपलब्धि पर परिजन ही नहीं, समूचा रेवाड़ी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

नरेंद्र ने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ पर पहुंचकर तिरंगा लहराया, इस समय पर्वत का तापमान लगभग -52 डिग्री था। यह अभियान 6 दिन में पूरा हुआ। इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। इस अभियान में नरेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर विश्व पटल पर भारत का नाम अंकित किया है।

# घरों और पीजी में घुसकर मोबाइल चुराने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-3 पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल, अवैध शस्त्र और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। दोनों घरों और पीजी में घुसकर मोबाइल और अन्य कीमती सामान चुराया करते थे। बताया जाता है कि थाना फेज-3 पुलिस ने सेक्टर-69 के पास खाली पड़े मैदान की सर्विस रोड पर गुलशन और रंजन को गिरफ्तार किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर डटे छात्र

**एजेंसी। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर गुरुवार को भी अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बीपीएससी प्रश्न पत्र लीक को 'अफवाह' तो धरने पर बैठे छात्र अपनी मांगों को 'जायज' बता रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और जन सुराज पार्टी छात्रों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके समर्थन में हैं। इस बीच, बुधवार को बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे छात्रों पर हुए पुलिस के लाठी चार्ज को लेकर भी सियासत शुरू हो गयी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा कि मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है उन्हें खोज-खबर ही नहीं बिहार में क्या हो रहा है? चंद माह पूर्व तक एनडीए के नेता नीतीश कुमार को किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बता उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते नहीं थकते थे अब वही।

**● 'अफवाह' और 'जायज' के बीच फंसा निर्णय**

# बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, लालू यादव बोले ये गलत

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राजनीति गर्म हो गयी है। विपक्ष के नेता इसे लेकर सरकार को घेरने में जुटे हैं। इस बीच, राजद के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने छात्रों पर लाठी चार्ज को गलत बताया है। पत्रकारों ने गुरुवार को जब बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर राजद अध्यक्ष लालू यादव से सवाल किया तब उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठी चार्ज नहीं करना चाहिए। गलत बात है। इससे पहले, पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे थे।

## माकन की टिप्पणी पर भड़की 'आप', कहा

# कांग्रेस को इंडी गठबंधन से बाहर किया जाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में इंडी गठबंधन न सिर्फ बिखर गया है, बल्कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच तलवारें खिंच गई हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' सांसद संजय सिंह ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर पलटवार किया। 'आप' ने कहा कि कांग्रेस को आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) से बाहर कर दिया जाना चाहिए। 'आप' नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस भाजपा के पक्ष में खड़ी है। अजय माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और 'आप' के नेताओं को कोसते हैं। उन्होंने कल 'आप' के संयोजक केजरीवाल को 'एंटी नेशनल' कहा। क्या आज तक अजय माकन ने भाजपा के किसी नेता को ऐसा कहा? ये कैसा बयान है? जिस केजरीवाल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रचार किया, संसद में हम कांग्रेस के साथ खड़े रहे, उसी पार्टी (यूथ कांग्रेस) के नेता केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर करा रहे हैं। उनहोंने कहा, हरियाणा चुनाव में हम कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस के कारण गठबंधन नहीं हुआ। इसके बावजूद हमारे किसी नेता ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। आज कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची देखकर साफ पता चल रहा कि जैसे वह भाजपा के दफ्तर से बन कर आ रही है। संजय सिंह ने अत्यंत तल्ख लहजे में कहा, अजय माकन और उनकी पार्टी ने जो दुस्साहस किया है, उसके लिए कांग्रेस से बात करूंगा।

**● कांग्रेस की भाजपा से साठगांठ हो गई है**

# अजमेर : दरगाह क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ निगम की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी। अजमेर**



अजमेर के ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स की तैयारियां जोरों पर है। इसी बीच दरगाह क्षेत्र में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब नगर निगम की टीम ने दरगाह थाना पुलिस के साथ मिलकर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य नालियों और सड़कों पर हुए अवैध कब्जे को हटाना था, ताकि उर्स के मौके पर क्षेत्र में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनी रहे। नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध अतिक्रमण के कारण आम लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। इस दौरान, जिन इलाकों में कार्रवाई की गई, उनमें दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट, अढ़ाई दिन का झोपड़ा, दिल्ली गेट और अन्य प्रमुख इलाके शामिल थे। हालांकि, इस अभियान के दौरान कई दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके चलते पुलिस और लोगों के बीच झड़प भी हुई। विरोध बढ़ने पर पुलिस को हालात पर काबू पाने के लिए कड़ा रुख अपनाना पड़ा।

निगम अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उर्स से पहले क्षेत्र को व्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए यह कदम उठाया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उर्स की तैयारियां सही तरीके से की जा सकें। अजमेर नगर निगम एक्सईएन धर्मेंद्र आनंद ने कहा कि उर्स मेला क्षेत्र के अंतर्गत दरगाह, बाजार, नाला बाजार, अंदरकोट, लंगर गाना, और दिल्ली गेट से लेकर दरगाह के पूरे इलाके में जो भी नालियां, चबूतरे और रैंप बने हुए थे, उन सभी पर अतिक्रमण किया गया था।

आज इन अतिक्रमणों को हटाने का कार्य शुरू किया गया है। यह कार्रवाई पूरे दिन चलती रहेगी। लोगों को पहले ही सूचित कर दिया गया है कि वे स्वयं अपने अतिक्रमण हटाएं। अगर कोई इन अतिक्रमणों को नहीं हटाता है, तो फिर प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीनों के जरिए यह अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसके बाद यह इलाका फिर से अवैध कब्जे से मुक्त किया जाएगा। इसके बावजूद यदि भविष्य में इन अतिक्रमणों को फिर से बनाने की कोशिश की जाती है, तो उन्हें पुनः हटाया जाएगा और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस इलाके में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## संभल में मिला कूप

# स्थानीय लोगों का दावा, 'स्नान कर लोग हरिहर मंदिर जाते थे'

**एजेंसी। संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल में गुरुवार को जामा मस्जिद से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक कूप (कुआं) मिला है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इसी कूप में स्नान करके लोग हरिहर मंदिर में पूजा करने जाते थे। एक स्थानीय व्यक्ति योगेश्वर का कहना है कि इस कूप का नाम मृत्यु कूप है। इसका वर्णन पुराणों में भी मिलता है। इसका जिक्र संभल के इतिहास में आता है। ये ब्रह्मा जी द्वारा बनाया गया कूप है। यह भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित 19 कुओं में से एक है। इसमें लगभग 20 साल पहले तक पानी था। लोग पहले स्नान करने हरिहर मंदिर में पूजा करने जाते थे और इसका स्वच्छ और निर्मल जल भगवान को चढ़ाया करते थे। हमारे पूर्वजों ने बताया है कि यहां पर महादेव का मंदिर है। अगर इस क्षेत्र की खुदाई कराई जाए तो सब सच सामने आ जाएंगे। वेद प्रकाश चहल ने बताया कि पहले हम यहां आते थे और कुएं से पानी लाते थे।

### मंदिरों पर बनाई गई मस्जिदों को स्वयं तोड़ें मुसलमान : उदयराजे

**लखनऊ।** आक्रांताओं द्वारा नष्ट-भ्रष्ट किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार इस देश की शांति के लिए परम आवश्यक है। इसलिए देशभर में मंदिरों को ध्वस्त कर बनायी गई मस्जिदों को मुस्लिमों को स्वयं तोड़ देना चाहिए। देश में विकास को लेकर सकारात्मक वातावरण है और इस नाते जहां भी कोई विधर्मी आक्रांताओं द्वारा मंदिरों को ध्वस्त किया गया है और उस पर खुद की मान्यता के अनुसार पूजा स्थल बना लिए। उस भयंकर गलती के परिमार्जन के लिए उनके मजहबी नेताओं को आगे आकर उन स्थलों को स्वयं हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। इसी से देश में स्वस्थ वातावरण बनेगा, जो विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

महज 14 साल की उम्र में भारतीय स्क्वैश टीम में जगह बनाने वाली अनिका ने कहा-

# भारत के लिए खेलना एक सपना सच होने जैसा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** महज 14 साल की उम्र में, अनिका दुबे, जिन्हें प्यार से ₹पुणे की गोल्डन गर्ल₹ के नाम से जाना जाता है, ने फरवरी 2025 में हांगकांग में होने वाली आगामी एशियाई टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाकर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उन्हें इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनाती है। अपनी इस उपलब्धि पर अनिका ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान अपनी अब तक की यात्रा पर विस्तार से बताया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व



करने को लेकर अनिका ने कहा,भारत का प्रतिनिधित्व करना न केवल एक शानदार अवसर है, बल्कि एक रोमांचक अनुभव भी है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। स्क्वैश को अब ओलंपिक 2028 में शामिल कर लिया गया है, इसलिए खिलाड़ियों के लिए तैयारी शुरू करने और एक मजबूत टीम बनाने का यह एक रोमांचक समय है। मेरा मानना है कि दृढ़ता और समर्पण रास्ते में आने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने में मदद कर सकता है। अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए अनिका ने कहा, ₹शुरू में, पढ़ाई और खेल के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती थी। मुझे कई रातें देर से पढ़ाई और सुबह जल्दी प्रशिक्षण सत्र की याद है। हालांकि, मैंने आखिरी क्षण तक इंतजार करने के बजाय पहले से अच्छी तरह से अध्ययन करके अपने समय प्रबंधन कौशल में सुधार किया। इससे मुझे आगे रहने और दोनों प्रतिबद्धताओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिली। एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर परिवार की क्या प्रतिक्रिया थी? इस सवाल पर अनिका ने कहा, मेरा परिवार, खासकर मेरा छोटा भाई, सिर्फ.सहायक ही नहीं रहा है। वह हर मैच में मेरा उत्साहवर्धन करता है, और मैदान के किनारे से अपने परिवार का प्रोत्साहन देखकर मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए गर्मजोशी और प्रेरणा की भावना से भर देता है। मेरे माता-पिता दोनों ही समान रूप से सहायक और खुले विचारों वाले रहे हैं। उन्होंने मुझे पूरे दिल से प्रोत्साहित किया है, जो मेरी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। स्क्वैश को करियर के रूप में चुनने को लेकर उन्होंने कहा, स्क्वैश में मेरी रुचि तब शुरू हुई जब मैं पाँच साल की थी, मैंने एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी से प्रेरित होकर, जिसे मैं अपने घर के पास देखा करती थी, मैंने स्क्वैश को कैरियर के रुप में चुना।

## जूनियर फ्यूचर क्रिकेट अकादमी दो विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट सुकुरहुट्टू ग्राउंड में मांडर क्रिकेट अकादमी बनाम जूनियर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मांडर क्रिकेट अकादमी ने 31.1 ओवर में 10 विकेट पर 210 रन बनाया। अयान राजा ने 31, अतुल ने 37 रन बनाया। वहीं सजल पांडे ने चार विकेट लेकर 28 रन दिया। करण कुमार सिंह ने तीन विकेट लेकर 32 रन बनाया। जूनियर.फ्यूचर क्रिकेट अकादमी ने 23 ओवर में आठ विकेट पर 211 रन बनाया।

## पावर क्लब ने तीन विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में पावर क्लब बनाम खलारी सीसी के बीच खेला गया। खलारी सीसी ने 31.4 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाया। नरेश कुमार ने 53 व अमित कुमार यादव ने 20 रन बनाया। राजा शर्मा ने तीन विकेट लेकर 26 रन, सौरव ने दो विकेट लेकर 25 रन दिया।

## हेहल स्पोर्टिंग का वार्षिकोत्सव मना

**रांची।** हेहल स्पोर्टिंग का वार्षिकोत्सव 2024 सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। क्लब में दो नए कंक्रीट पिच खिलाड़ियों के लिए सौंप दिया गया। उदीयमान क्रिकेट एवं फुटबॉल खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सीनियर्स द्वारा सांझा किया गया अनुभव, सुझाव एवं आशीर्वचन युवा खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने बड़े ध्यान से सुना और ग्रहण किया।

## झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन 30 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (जेएसआरए) 38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 दिसंबर को स्क्वैश खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित करेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार बनर्जी ने बताया कि चयन ट्रायल 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक क्रॉस कोर्ट फिरयालाल रांची में होगा। चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला वर्ग के लिए ओपन और सीनियर इवेंट में नॉकआउट आधार पर होगी। इसके बाद झारखंड स्क्वैश टीम की घोषणा की जाएगी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल होंगे।

## एचआईएल ने हमें नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : हरमनप्रीत सिंह

**राउरकेला(हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन में सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व करने की तैयारी के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की है, जो 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाला है।

## जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 51 रन से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में जगरनाथ स्पोर्टिंग बनाम जूनियर तरुण संगम के बीच खेला गया। जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 35 ओवर में पांच विकेट पर 276 रन बनाया। बबलू ने 116, अविनाश ने 36 रन बनाया। वहीं संतोष, सागर, सौरव, अमर और उस्तात ने 1-1 विकेट लिए। जूनियर तरुण संगम ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 225 रन बनाया। कौशल ने 59, जीवन ने 62 रन बनाया। वहीं अविनाश ने तीन विकेट लेकर 43 रन दिया। विवेक और पवन ने 2-2 विकेट लिए। जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 51 रन से जीत दर्ज की।

## शूटिंग में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 17 बालक वर्ग शूटिंग प्रतियोगिता में झारखंड के तीन खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता है। इंदौर में संपन्न हुए शूटिंग प्रतियोगिता में रांची के अवतार आनंद सिंह, दिव्यांश यादव और रचित रंजन प्रसाद ने रजत पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है।

तीनों खिलाड़ियों की जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, पदक विजेता टीम की कोच स्निग्धा सिंह समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 117 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में वाईबीएन क्रिकेट अकादमी बनाम तरुण संगम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। वाईबीएन सीए ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाया। ईशान ने 30 व बिकाश ने 50 रन बनाया। विशाल ने तीन विकेट लेकर 23 रन, गर्व ने दो विकेट लेकर 23 रन व मानस ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। तरुण सीए टीम ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 65 रन बनाया। अभिनव ने दो विकेट लेकर 17 रन व बिकाश ने चार विकेट लिया। वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 117 रन से जीती।

विजय हजारे ट्रॉफी

## हरियाणा ने झारखंड को हराया

**रांची।** दिनेश, अंकित एवं एसपी कुमार के अर्धशतक की बदौलत जयपुर में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी के तहत हरियाणा ने झारखंड को 64 रनों से हरा दिया। इस मैच में हरियाणा ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट पर 295 रन बनाए। अंकित ने 67, दिनेश ने 72, एसपी कुमार ने 56 , राणा ने 38 एवं पार्थ ने 27 रन बनाए। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह ने 22 रन लेकर तीन खिलाड़ियों का आउट किया। जवाब में झारखंड की टीम 231 रन ही बना सकी ।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईशान किशन ने दो छक्के और 5 चौके की मदद से 36, उत्कर्ष ने 27, विराट सिंह ने 34 , अनुकूल राय ने 32 एवं सरवर ने 49 रन बनाए।


## आईसीसी ने बतौर मैच रेफरी 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर पाइक्रॉफ्ट को दी बधाई

**दुबई, ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रेफरी के रूप में 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

मेलबर्न टेस्ट : पहले दिन का खेल खत्म

# ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर बनाए 311 रन चार बल्लेबाजों ने लगाया अर्द्धशतक

**मेलबर्न (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। खेल खत्म होने पर स्टीव स्मिथ 68 और कप्तान पैट कमिंस 8 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चार बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ (नाबाद 68) उस्मान ख्वाजा (57), मार्नस लाबुशेन (72) और सैम कोंस्टास (60) ने अर्धशतक लगाए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सैम कोंस्टास और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। विशेषकर कोंस्टास ने टी-20 प्रारुप की तरह बल्लेबाजी करनी शुरू की। उन्होंने खासकर बुमराह पर निशाना साधा और उनकी जमकर खबर ली। देखते ही देखते उन्होने अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया। ख्वाजा और कोंस्टास ने 19.1 ओवर में 89 रन जोड़ लिये। रवींद्र जडेजा ने इसी स्कोर पर कोंस्टास को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। कोंस्टास ने 65 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की बदौलत 60 रन बनाए।







अपना पहला मैच खेल रहे सैम कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया को दिलाई तूफानी शुरुआत जड़ा अर्द्धशतक

## विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन




**नई दिल्ली(हि.स.)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि कोहली को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। इसके अलावा, कोहली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना पहले दिन के 10वें ओवर के बाद हुई, जब कोहली को एमसीजी पर 90,000 दर्शकों के सामने डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को कंधे से धक्का देते हुए देखा गया। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच बहस हुई और दूसरे ओपनर उस्मान ख्वाजा ने मामले को शांत करने की कोशिश की। कोहली ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने कोंस्टास

**मेलबर्न (हि.स.)।** युवा बल्लेबाजी सनसनी सैम कोंस्टास ने गुरुवार को इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। इसी के साथ वह आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से बैगी ग्रीन कैप प्राप्त की। इयान क्रेग इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 1953 में 17 वर्ष 239 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। कप्तान पैट कमिंस इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2011 में 18 वर्ष और 193 दिन की उम्र में पदार्पण किया था। टॉम गैरेट तीसरे स्थान पर हैं और क्लेम हिल इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पर्थ टेस्ट के बाद भारत दौरे पर आई भारतीय टीम के खिलाफ दो दिवसीय मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए कोंस्टास ने मेहमान टीम के खिलाफ शतक बनाकर सुर्खियां बटोरीं।

कोंस्टास ने अपने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने सात पारियों में 27.28 की औसत से 191 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो मैचों की श्रृंखला में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने चार पारियों में 92 रन बनाए।

- आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।
- 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से बैगी ग्रीन कैप प्राप्त की।
- कप्तान पैट कमिंस इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2011 में 18 वर्ष और 193 दिन की उम्र में पदार्पण किया था।
- कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी



प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का असर

# इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की बढ़ रही भारत के निर्यात में हिस्सेदारी

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2024-25 के अप्रैल-नवंबर में 22.5 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स सेगमेंट की हिस्सेदारी में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसकी वजह केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से देश में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का लगना है। देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2024-25 के अप्रैल-नवंबर में 27.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 17.66 अरब डॉलर था।



भारत के कुल निर्यात में इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स और पेट्रोलियम के बाद इलेक्ट्रॉनिक गुड्स तीसरे स्थान पर है और पिछले साल यह छठवें स्थान पर था। इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट में स्मार्टफोन निर्यात में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह एप्पल और सैमसंग जैसी प्रमुख ग्लोबल कंपनियों की ओर से देश में उत्पादन बढ़ाना हैं। पीएलआई योजना और सरकार द्वारा त्वरित मंजूरी एक बड़ी सफलता साबित हो रही है, क्योंकि वैश्विक दिग्गज कंपनियां अलग-थलग पड़े चीन के अलावा अन्य देशों में वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के अवसर तलाश रही हैं। फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के समर्थन से भारत में एप्पल के प्रवेश ने इस साल स्मार्टफोन निर्यात को बढ़ावा दिया है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर मॉड्यूल, डेस्कटॉप और राउटर के निर्यात में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है।

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद अदाणी पोर्ट्स रहा टॉप गेनर

**मुंबई (आईएएनएस)।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को सपाट बंद हुए। कारोबार के अंत में निफ्टी पर आईटी, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स की लिस्ट में सबसे आगे रहा। अदाणी पोर्ट्स का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 1,243.90 रुपये पर बंद हुआ। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 33.20 रुपये की बढ़त के साथ 1,064.30 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स 0.39 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 78,472.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 22.55 अंकों या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 पर बंद हुआ।

## आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप और वेबसाइट हुई डाउन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप दोनों गुरुवार को डाउन हो गए। इस महीने में यह दूसरा मौका है, जब आईआरसीटीसी का मोबाइल ऐप डाउन हुआ है। मोबाइल ऐप और वेबसाइट डाउन होने के कारण यूजर्स टिकट नहीं बुक कर पा रहे हैं। साथ ही, बुकिंग के लिए वेबाइसट पर लॉग-इन करने के साथ ही लिखा आ रहा है कि 'रखरखाव गतिविधियों के कारण कार्रवाई करने में असमर्थ' है। आईआरसीटीसी ऐप और वेबसाइट के डाउन होने के कारण कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर निराशा व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने आईआरसीटीसी वेबसाइट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, छुट्टियों के मौसम में तत्काल बुकिंग रेलवे यात्रियों के लिए एक खराब सपना है। बुकिंग खुलते ही सर्वर क्रैश हो जाता है।

## इस साल देश के वर्कफोर्स में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

### सीनियर और मैनेजर भूमिकाओं के लिए आवेदनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इस साल देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में जबरदस्त उछाल दिखा। आधी आबादी के साथ ही युवाओं की तादाद भी बढ़ी है। नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए हैं, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, युवाओं ने नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2024 में कुल 7 करोड़ में से महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। फ्लेक्सिबल काम के अवसर, जेंडर-फोक्स्ड पहल और महिलाओं के नेतृत्व वाले क्षेत्र जैसे ई-कॉमर्स और हेल्थकेयर का विस्तार होने की वजह से यह उछाल देखा गया है। महिलाओं ने हेल्थकेयर, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और ई-कॉमर्स जैसे सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है और फील्ड सेल्स, लॉजिस्टिक्स और सिक्योरिटी सर्विस जैसी भूमिकाओं को अपनाया है। सीनियर और मैनेजर भूमिकाओं के लिए आवेदनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो भारत के नए युग के वर्कफोर्स को आकार देने में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे टियर 1 शहरों ने 1.52 करोड़ आवेदनों के साथ इस उछाल का नेतृत्व किया, जबकि जयपुर, लखनऊ और भोपाल जैसे टियर 2 और टियर 3 शहरों ने 1.28 करोड़ आवेदनों का योगदान दिया, जो मेट्रो हब से परे अवसरों में शानदार वृद्धि को दिखाता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का फ्रेशर जॉब मार्केट भी फल-फूल रहा है, जिसमें नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2 करोड़ को पार कर गया है। आईटी, मोबिलिटी, रिटेल, बीएफएसआई और सेवाओं जैसे हाई-ग्रोथ सेक्टर इस मांग को बढ़ा रहे हैं, क्योंकि युवा प्रोफेशनल इनोवेशन और विस्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरी केंद्रों ने 60 लाख आवेदनों का योगदान दिया, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे क्षेत्रों ने 82 लाख आवेदन जोड़े।



# सुरकई फॉल से गिर रहा पानी, पर्यटकों की उमड़ रही भीड़

## जर्जर सड़क के कारण यहां पहुंचना काफी मुश्किल, सफर बोझिल हो जा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** जंगल, पहाड़ और नदियों से आच्छादित महुआडांड़ को प्रकृति ने तमाम प्रकृति के उपहारों से नवाजा है। प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत अंतर्गत जलप्रपात सुरकई फॉल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। तो जलप्रपात को घेरे हरियाली समेटे पहाड़ भी खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं। जंगलों में हो रही बारिश से फॉल का जलस्तर बढ़ गया है, और पानी का बहाव तेज हो गया है। वहीं इसकी सुंदरता देखने स्थानीय पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुरकई फॉल सरकारी उपेक्षा के कारण विकसित होने से वंचित है। ओरसापाठ वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत संघन जंगलों के बीच जलप्रपात चारो ओर जंगल से घिरा हुआ है। सुर्कई घाघरी जलप्रपात एक ही धारा में गिरने वाले जल प्रपातों में




अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी धारा अनुमानतः 250-300 फिट की उच्चाई से गिर कर एक छोटे जलाशय का निर्माण करती हुई आगे नदी के रूप में बहती हुई बुढ़ा नदी में मिल जाती है। उच्चाई व सोन्दर्य के दृष्टिकोण से लोध जलप्रपात के पश्चात इस निर्झर का क्षेत्र में संभवतः दूसरा स्थान है। साल, आसन, अर्जुन, करम, करंज, सिरिस जैसे काष्ठिये तथा अन्य फलदार वृक्षों, जंगली पुष्पों व औषधीय वनस्पतियों के द्वारा इस जलप्रपात के चारो ओर एक सुरम्य मिश्रित वन का निर्माण होता है, जहाँ बंदर, जंगली सूअर, भालू, भेड़िया, नेवला, हाथी जैसे पशु तथा मोर, महुकल आदि विभिन्न प्रकार की ज्ञाताज्ञात प्रजातियों के पक्षियों के कलरव एक दुर्लभ जैव-विविधता पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र का दृश्य प्रस्तुत करते हैं दूर से ही झरने की आवाज सुनाई देने लगती है, जो गंतव्य तक जाने के रोमांच व उत्साह को बढ़ाने वाली होती है अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को आकर्षित करता है। लेकिन जर्जर सड़क मिजाज किरकिरा कर दे रही है। पर्यटकों ने कहा कि ये टूरिस्ट प्लेस है, लेकिन यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है।,सैलानियों का कहना है खूबसूरत टूरिस्ट प्लेस है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है। सफर बोझिल हो जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करायी जाए, ताकि यहां आकर लोग नए साल का जश्न मना सकें।

# प्रशासन की सख्ती के बावजूद दोबारा बना मुख्य पथ पर अवैध स्पीड ब्रेकर, हादसे का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक रश्मि रमेशन के निर्देश पर कुछ दिनों पहले ही हैदरनगर के भाई बिगहा क्षेत्र में सड़क पर बने 12 अवैध स्पीड ब्रेकरों को हटवाया गया था। इसके बावजूद कतिपय दबंगों ने प्रशासन की सख्ती के बाद भी दोबारा अवैध स्पीड ब्रेकर बना दिया गया। उनकी हरकत पर प्रशासन के आदेशों की अनदेखी व अवहेलना किए जाने की भी चर्चा गर्म है। इससे आम राहगीरों, वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। भाई बिगहा में अवैध ब्रेकरों की वजह से लगातार दुर्घटनाओं की आशंका और आम लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए सोशल मीडिया पर लोगों ने आवाज उठाना शुरू किया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक रश्मि




रमेशन ने मामले को गंभीरता से लेने के बाद हैदरनगर थाना क्षेत्र से कई अवैध ब्रेकर हटाने का निर्देश दिया। एसपी के आदेश पर 12 ब्रेकर हटाये गये थे। किन्तु यह मामला ठंडा होते ही पुनः दबंगों ने दोबारा इन बेकरों को मुख्य पथ पर स्थापित कर दिया। संबंधित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अवैध ब्रेकरों से सड़क पर चलने वाले वाहनों को न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का भी खतरा बना हुआ है। खासकर रात के समय उक्त ब्रेकर किसी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। ब्रेकर बनाने वालों की यह हरकत न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि एसपी के स्पष्ट आदेश की अवहेलना भी है। यह दशार्ता है कि कुछ दबंग किस तरह प्रशासनिक कार्रवाई के बाद भी अपनी मनमानी करने से नहीं चूकते। एएसआई आदित्य प्रसाद ने बताया कि एसपी के आदेश पर अवैध ब्रेकर हटाये गये थे। उन्होंने बताया कि भाई बिगहा में टीपू अंसारी के घर के समीप पुनः ब्रेकर बना है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को सूचना के बाद ब्रेकर हटाने व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# गढ़वा में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे 3 अपराधी, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला पुलिस ने लूटपाट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से देसी कट्टा और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, गढ़वा जिले के कांडी हरिहरपुर ओपी क्षेत्र और पड़ोसी राज्य बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में लूटपाट की घटना को अंजाम देने के फिराक में था। सूचना के तहत घटना को को अंजाम देने से पहले ही तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गुप्त सूचना दी गई थी कि तीन युवक हथियार के साथ घूम रहा है। मिली जानकारी के बाद बंशीधर नगर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और छापेमारी




के दौरान तीनों अपराधियों को पकड़ लिया गया। अपराधियों की गहनता से छानबीन में देसी कट्टा, मोबाइल फोन के अलावा एक नली गन, एक देसी पिस्टल, एक देसी सिक्सर और गोली भी बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि तीनों अपराधियों की मंशा लूटपाट और बैंक डकैती जैसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में था। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान गढ़वा के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बत्तो गांव निवासी पवन कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता और तीसरा अपराधी राजू कुमार हरिहरपुर ओपी के भंडार टोला का रहने वाला है।

### गढ़वा पुलिस को सड़क लुटेरों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

# लुटेरों के गैंग के नौ सदस्य गिरफ्तार

**पलामू (हि.स.)।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा पुलिस को सड़क लुटेरों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। लुटेरों के गैंग के नौ सदस्य पुलिस के गिरफ्त में आए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में गढ़वा के टंडवा का तैकीर आलम, शिरीया टोंगर का निशार अंसारी उर्फ छोटू, इम्माम अंसारी, परसवान का फिरदौश अंसारी, कदवन का सदरे आलम, पतिहारी का अलताफ अंसारी, बिहार के गया का बुटू यादव, पंकज कुमार यादव और पलामू के चैनपुर का शत्रुधन चौरसिया शामिल है।

गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि 20 दिसंबर की रात अपराधियों ने एक 18 चक्का ट्रॉली गढ़वा थाना क्षेत्र के रंका रोड में ओबरा के पास से



लूट कर फरार हो गए थे। अपराधी ट्रेलर लूटने अशोका लीलैड चेचिस इंजन और बलेनो कार से पहुंचे थे। ओवर टेक कर ट्रेलर को लूट था। इस मामले में गढ़वा थाना में एफआईआर दर्ज हुई थी। एसपी ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। अपराधियों की जानकारी जुटाने में टीम लगी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस टीम की त्वरित कारवाई से घटना में लूटे गए ट्रॉली और इंजन को रंका के जेपीएस लाईन होटल और लरकोरिया में इम्तियाज होटल के पास से बरामद किया गया । छापेमारी टीम ने घटना में शामिल अंतरराज्यीय लुटेरों गैंग के सभी नौ अपराधियो को अलग अलग जगहो से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूट में प्रयोग किया गया बलेनो कार और अशोका लीलैंड के चेचिस इंजन को भी बरामद कर लिया है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरों ने 26 अगस्त की रात रेहला-गढ़वा रोड बेलचम्पा के पास से एक ट्रॉली को लूट लिया था। लूटे गए ट्रॉली को बरामद करने के लिए एक टीम को राज्य से बाहर भेजा गया है। लूटे गए ट्रॉली का पहचान छिपाने के लिए चांडील के पास एक गैरेज में पेन्ट करा दिया गया है। इस कांड में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को भी बरामद किया गया है। 18 चक्का ट्रॉली को लूटकर 17 लाख की ट्रॉली पांच लाख में दूसरे राज्य में बेच देते थे। दोनों ही लूट में प्रयोग किया गया अशोक लीलैंड का चेचिस शेरघाटी के रहने वाले बुटू यादव का है।

# विधायक ने किया 86 लाख की दो योजनाओं का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में करीब 86 लाख की लागत से बनने वाले दो योजनाओं का विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. इनमें जल संसाधन विभाग से कजरू खुर्द उंटवां नाला पर करीब 41 लाख तथा तूरी गांव के बरवादोहरी टोला अंतर्गत मतना नाला पर करीब 45 लाख की लागत से बनने वाले पक्का चेक डैम का निर्माण कार्य शामिल है. मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि चेक डैम के निर्माण से सैकड़ो एकड़ भूमि सिंचित होगी और विकास की नयी द्वारा खुलेगी. साथ ही कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि सभी गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने कोने पुलिस पिकेट का किया

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरूवार को सदर थाना लातेहार थाना क्षेत्र के कोने पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मौजूद पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होने पुलिस जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्यों की तारीफ की। कहा कि क्षेत्र के आम आवाम की सुरक्षा की जिम्मेवारी आपके कंधों पर है। उन्होने किसी भी समस्या या शिकायत ले कर पिकेट में आने वाले ग्रामीणों के साथ शालीनता से पेश आने एवं उनकी समस्याओं का भरसक समाधान करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने पिकेट के बैरेक समेंत अन्य उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया।

### स्कूल बस ने बाइक में मारी टक्कर

**गारू (लातेहार)।** गारू मेदिनीनगर मार्ग पर छिपादोहर थाना क्षेत्र के सतनदिया में टाटा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में आठ पर्यटक बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार चतरा जिले के कुंदा से टाटा मैजिक में सवार होकर आठ लोग नेतरहाट भ्रमण करने जा रहे थे। इस दौरान छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहली सतनडिया में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से दूर खाई की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी को भेजा जेल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस ने आपसी विवाद में हुए मारपीट के मामले में प्राथमिकी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 259 /24, दिनांक 25. 12. 2024, बीएनएस की धारा 126 (2) / 74 / 75 (1) /115 (2) / 117 (2) / 118 (2) /109 (1) / 352 / 351 (2) /3 (5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें ओपी क्षेत्र के बुधवा गांव निवासी स्व. राजेश्वर पाठक के दो पुत्र प्राथमिकी अभियुक्त हैं।

# मनरेगा योजना के दीदी बाड़ी योजनाओं में हड़ताल के दौरान करोड़ों की सरकारी राशि का फर्जी भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार गारू प्रखंड के बारेसाढ़ एवं मायापुर पंचायत में मनरेगा योजना के तहत दर्जनों दीदी बाड़ी योजनायो में मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के दौरान लाखों रुपए सरकारी राशि की बिचौलिए के साठगांठ से बंदरबांट कर लिया गया। प्रखंड के बारेसांढ़ में हड़ताल की अवधि में 18 जुलाई 2024 से आठ अक्टूबर 2024 तक प्रखंड में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ मुकेश कुमार ने मनरेगा के सारे नियमों को ताक पर रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन का कार्य किया। कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने मुखिया एवं मनरेगा कर्मी के हड़ताल के दौरान स्वयं योजनाओं की स्वीकृत के अलावा जियो टैगिंग, मस्टररोल जरनेट एवं पैसे का भुगतान किया। जबकि योजनाओं की स्वीकृत एवं भुगतान पंचायत सचिव, जियो टैगिंग

> *मुखिया,रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मी थे हड़ताल में, मुखिया के सिग्नेचर से हुई भुगतान, मुखिया अनभिज्ञ*

रोजगार सेवक द्वारा की जाती हैं। मगर कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने नियम विरुद्ध योजनाओं की स्वीकृत कर स्वयं जियो टैगिंग व मस्टर रोल जरनेट कर लाखों रुपए बिचौलिए से मिलकर भुगतान कर दी। गौरतलब हो कि मुखिया के हड़ताल के दौरान मुखिया एवं पंचायत सचिव का डोंगल कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ मुकेश ने अपने पास जमा करा रखा था। उन्होंने मुखिया का सिग्नेचुरी लगाकर मनरेगा के दीदी बाड़ी योजनायो समेत अन्य योजनाओं में लाखों रुपए का नियम विरुद्ध भुगतान किया। प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत के डेडगांव में दीदी बाड़ी योजना संख्या 5727/2024 लहसनिया देवी का बारेसाढ़ के संगीता देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 1278, अनुराधा देवी के दीदी बाड़ी योजना संख्या 1283, जहेदा बीबी का योजना संख्या 3512, फातमा खातून का दीदी बाड़ी योजना संख्या 3517, सकीना बीबी के दीदी बाड़ी योजना संख्या 5966, रीना देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6798,मालती देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6819, मूर्ति देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6822, किस्मरिया देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6868, समेत छः पंचायतों के दर्जनों योजनाओं में करीब एक करोड़ से अधिक की सरकारी राशि का भुगतान कर बंदरबांट कर लिया गया। इस मामले में कई प्रश्न खड़े हो रहे है इनमें हड़ताल के समय योजनायो स्वीकृति किसने दी।

# वरिष्ठ पत्रकार को मातृ शोक



**पांकी।** वरिष्ठ पत्रकार विनय पांडेय की माता गुणवती देवी का निधन 25 दिसंबर को अपराह्न एक बजे पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम बांकीखुर्द स्थित आवास पर हो गया। वे लगभग 94 साल की थीं। अंत्येष्टि 26 दिसंबर को पूर्वाह्न 10 बजे अमानत नदी के तट पर हुआ। वे अपने पीछे दो बेटों, बहुओं, तीन बेटियां, दामाद, नाती, पोते-पोतियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं।

### दो पिकअप वाहन से कर ली गई सात चक्के की चोरी

**सिमरिया (चतरा)।** बीते रात सिमरिया और पत्थलगडा थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव में दो पिकअप वाहन से सात चक्को की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। इस बाबत पीड़ित वाहन मालिक द्वारा संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना क्षेत्र के इचाक खुर्द निवासी उमेश कुमार सिंह की पिकअप वाहन घर के पास खड़ी थी। इस दौरान चोरों ने सीसी कैमरे से बचकर पिकअप वाहन के चारों चक्के खोलकर ले गए। पीड़ित वाहन मालिक ने बताया की 2 दिन पूर्व सब्जी ढोने के लिए वाहन में नए टायर लगाए गए थे। इसके अलावे चोरों ने पत्थलगडा थाना के नावाडीह में धरम साउण्ड के पिकअप वाहन से तीन चक्के खोल लिए। इस घटना से वाहन मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# घटिया सामग्री व मानक के अनुसार काम नहीं होने पर विरोध, बंद कराया काम

> *कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा पुलिया कार्य निर्माण में डायवर्सन का प्रावधान नहीं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत गढ़वा चिनियां मुख्य पथ(पेशका ऑफिस) से बगेसर स्कूल तक पथ निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए सड़क निर्माण कार्य में पुलिया के निर्माण कार्य को चार दिनों से बंद किया है। जबकि संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, जेई अभी तक कार्य के प्रति सुध नहीं लिए हैं और मौन साधे हुए हैं। पेंदली गांव के अनेको ग्रामीण के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पेनदली के पास बन रहे नाला पर पुलिया निर्माण कार्य में डायवर्सन नहीं होने से 4 माह से लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक



द्वारा चार माह पूर्व पुलिया कार्य निर्माण के लिए मेन रोड में गढ़ा खोदा गया था जिससे आवा गमन बाधित है। वैकल्पिक डायवर्सन अभी तक नहीं बनाया गया है जिसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चे अस्पताल जाने वाली गर्भवती महिलाओं को 5 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है की पुलिया निर्माण कार्य में बगैर आरसीसी या पीसीसी ढलाई किए पुलिया का निर्माण कार्य कर रहे हैं पुलिया निर्माण कार्य में लगाए जाने वाले घटिया सीमेंट, मिट्टी युक्त बालू, घटिया किस्म के बोलडर लगाया जा रहा है। जिसके चलते पुलिया टिकाऊ नहीं होगा। जेई से शिकायत करने पर कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ आक्रोशित होकर चार दिनों से निर्माण कार्य को बंद कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी पथ का भी संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य किया गया है वह भी पूरी तरह घटिया सामग्री का भेंट चढ़ गया है। खराब सड़क बनाने के कारण ढलाई किया गया पीसीसी पथ से सीमेंट डस्ट के रूप में उड़ रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय मजदूर को रोजगार न देकर बाहरी मजदूरों को लाकर घटिया कार्य कराया जा रहा है जबकि स्थानीय मजदूरों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूर होते तो यह घटिया कार्य नहीं करते इसलिए बाहरी मजदूरों को लगाया जा रहा है। इस संबंध में संवेदक से ग्रामीणों ने मजदूरी करने के लिए बोलने पर, संवेदक द्वारा स्थानीय मजदूरों को 3 महीने बाद मजदूरी देने की बात कही गई।घटिया सड़क निर्माण कार्य के विरोध करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि जगजीवन राम, जन्म पाल, रविंद्र रवि, संतोष चंद्रवंशी, सफीक अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, श्यामसुंदर पाल, संदीप पाल, असलम अंसारी, रामप्रवेश रवि, छोटन रवि, सत्येंद्र पाल, प्रमोद चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, खखनू पाल सहित काफी संख्या में लोग विरोध जाता रहे थे। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार से पूछे जाने पर बताया कि पुलिया किस जगह बन रहा है मुझे इसकी जानकारी नहीं है और बन रहा है तो नीचे आरसीसी या पीसीसी का प्रावधान नहीं है फिर भी हम एस्टीमेट दिखवाते हैं और डायवर्सन का कोई प्रावधान नहीं है।

## पेज एक के शेष

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन...

ऐसे में बताया जा रहा है कि बेलगावी में होने वाली कांग्रेस की रैली को रद्द कर दिया गया है। एम्स ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि उन्हें रात्रि 08.06 बजे एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। इससे पहले उम्र से संबंधित बीमारियों के लिए उनका उपचार चल रहा था। वे आज घर पर अचानक बेहोश हो गए थे। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है। मनमोहन सिंह वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी। मनमोहन सिंह वर्ष 1998 से वर्ष 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी। डॉ मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था। उन्होंने वर्ष 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं। मनमोहन सिंह के निधन पर सभी दलों के नेताओं ने शोक प्रकट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण परिवार से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। संसद में उनका हस्तक्षेप भी व्यावहारिक था। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक प्रकट करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है, आज देश ने अपना एक महान लाल खो दिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्वविख्यात अर्थशास्त्री आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखदायी है। विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा आदरणीय मनमोहन सिंह जी ने निःस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था। आज मनमोहन सिंह जी हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार समेत देशवासियों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे। ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन की दुखद सूचना मिली। महाप्रभु जगन्नाथ जी दिवंगत आत्मा को अपने निज धाम में स्थान दें। उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं।

### मेडिकल कॉलेज, अस्पताल...

मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसी व्यवस्था हो, इस दिशा में भी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक होने से मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर करने से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में अक्सर अव्यवस्था की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिलती रहती है। अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं मिल पाता है, तो किसी को जांच करने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें, ताकि मरीजों को इलाज से संबंधित सारी जानकारियां सहूलियत से मिल सके। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें। मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच नए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों को जल्द से जल्द पूरी तरह फंक्शनल बनाएं, ताकि मरीजों को रिम्स अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने करने की व्यवस्था नियंत्रण में रहे। उन्होंने सुदूर और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाजों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान...

इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर को आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान की चौथी किस्त और 2500 की पहली किस्त देंगे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शहर रांची राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नेतरहाट स्कूल का...

आरोपित ने सूचक को अपने घर बुला लिया और उससे रिश्वत के पैसे लेने लगा। इसी दौरान एसीबी की टीम वहां पहुंची और रिश्वत लेते आरोपित को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पलामू एसीबी एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि प्रशासी पदाधिकारी के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी, इस शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है ।

### राष्ट्रपति ने 17...

अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनमें असीम क्षमताएं हैं और अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब हम भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तब ये पुरस्कार विजेता देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियां ही विकसित भारत के निमार्ता बनेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2022 से आज के दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी देशवासियों की ओर से साहिबजादों की स्मृति को सादर नमन किया। मुर्मू ने कहा, मुझे आप सभी पर गर्व है। मुझे ही नहीं, पूरे देश को, पूरे समाज को आप सभी पर नाज है। आपने जो काम किए हैं, वे असाधारण हैं। आपने जो हासिल किया है, वह आश्चर्यजनक है।

## विहिप पांच जनवरी को विजयवाड़ा से करेगी शुरुआत

# हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति को चलेगा देशव्यापी अभियान

- विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने की घोषणा
- कहा, हिंदू के प्रति भेदभावपूर्ण है राज्य सरकारों का कार्य

**नई दिल्ली (हि.स.)**

हिंदू मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की। मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे। इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित 'हैंदव शंखारावम' नामक लाखों लोगों के विशेष व विराट समागम में होगा। विहिप संगठन महामंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिंदूद्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था। एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं, तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों। अनेक उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट संकेतों के बावजूद सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व संपत्तियों पर कब्जे जमा कर बैठी रहीं। उन्होंने आगे कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विहिप के कार्यकर्ताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण के लिए अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है। इसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी, तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे। इसीलिए कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा पूज्य संतों, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति या जज तथा सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के साथ समाज के वे प्रतिष्ठित लोग, जो हिंदू शास्त्रों और आगम की विधियों के ज्ञाता हैं, ऐसे लोगों को एकत्र कर राज्य स्तर की एक धार्मिक परिषद बनाएंगे। यह राज्य स्तरीय परिषद जिला स्तरीय परिषद व मंदिर के न्यासियों का चुनाव करेगी, जिसमें अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के साथ समाज के विविध वर्गों का सहभाग होगा। विवादों के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया निश्चित की जाएगी। ऐसे प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप गत सप्ताह ही हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलकर उन्हें उनके विचारार्थ सौंपा था। उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी ही चर्चा अन्य राज्य सरकारों तथा विविध राजनैतिक दलों से भी चल रही है।

इससे पूर्व, गत 30 सितंबर को विहिप ने देश के सभी राज्यों के राज्यपालों को ज्ञापन सौंप कर उनकी सरकारों को मंदिरों के प्रबंधन से हट जाने के लिए अपील की थी। मंदिरों की मुक्ति के इस अखिल भारतीय जागरण अभियान के अंतर्गत इन मंदिरों की चल-अचल संपत्तियों की रक्षा तथा उनके योग्य विनियोग, समाज की सेवा तथा धर्म प्रचार के लिए करने के लिए हिंदू समाज का जागरण प्रारंभ हो गया है।




### मंदिर की जमीन से अवैध निर्माण हटाए जाएं : परांडे

परांडे ने कहा कि मंदिरों को हिंदू समाज को सौंपने से पूर्व हमारा आग्रह है कि मंदिरों व ऐंडोमेंट विभाग में नियुक्त सभी गैर हिंदुओं को निकाला जाए। भगवान की पूजा, प्रसाद व सेवा में सिर्फ गहरी आस्था रखने वाले हिंदुओं को ही लगाया जाए। मंदिर के न्यासियों व प्रबंधन में किसी राजनेता या किसी राजनैतिक दलों से जुड़े व्यक्तियों को ना रखा जाए। मंदिर के अंदर और बाहर के हिस्सों में सिर्फ हिंदुओं की ही दुकानें हों। मंदिर की जमीन पर गैर हिंदुओं द्वारा बनाए हुए तथा अन्य सभी अवैध निर्माणों को हटाया जाना चाहिए। मंदिरों की आय को सिर्फ हिंदू धर्म के प्रचार और उससे जुड़े विषयों पर ही खर्च किया जाए।

---

## वीर बाल दिवस पर हुआ 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ

# केवल सर्वश्रेष्ठ ही हमारा मानक होना चाहिए : पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित तीसरे वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए इस दिन की अहमियत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और विकसित भारत की नींव तैयार करना है। प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि अब केवल सर्वश्रेष्ठ ही हमारा मानक होना चाहिए। चाहे वह बुनियादी ढांचे का क्षेत्र हो, विनिर्माण का, खेल का या फिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का, हमें हर क्षेत्र में श्रेष्ठता के मानक स्थापित करने होंगे। पीएम मोदी ने युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में कार्य करें। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन चुका है। इस दिन ने न केवल साहिबजादों की वीरता की गाथाओं को जीवित रखा है, बल्कि यह लाखों बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस और समर्पण के लिए प्रेरित भी करता है। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उन 17 बच्चों की सराहना की, जिन्हें आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहिबजादों की वीरता और बलिदान की गाथा से परिचित कराता है, जो राष्ट्र और आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के साहस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उम्र में छोटे होने के बावजूद इन साहिबजादों ने मुगल सल्तनत के प्रलोभनों को ठुकरा दिया और अपने प्राणों की आहुति दी। इन साहिबजादों ने गुरु गोविंद सिंह की वीरता को अपने जीवन में उतारा और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपनी आस्था के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता गुरुओं की शिक्षाओं, साहिबजादों के बलिदान और राष्ट्रीय एकता के मंत्र पर आधारित है। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है। देश के लिए किया गया हर कार्य बहादुरी का कार्य है और हर बच्चा या युवा, जो देश के लिए कार्य करता है, वह वीर बालक है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारतीय युवाओं की ऊर्जा ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर कुपोषण को समाप्त करना है। इसके अलावा, इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को पोषण के परिणाम सुधारने और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि कुपोषण की समस्या को समग्र रूप से हल किया जा सके। पीएम मोदी ने 'मेरा युवा भारत' अभियान की भी बात की, जिसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा और व्यावहारिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि देश में 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं, जो नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही, सरकार की नीतियों का मुख्य फोकस युवाओं को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के अंत में गुरुओं, वीर साहिबजादों और माता गुजरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान ने हमें प्रेरणा दी है कि हम अपने लक्ष्य को लेकर हमेशा ऊंचे खड़े रहें।

### देश को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना होगा



आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए वैश्विक मंच पर देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय युवा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर सकते हैं, आधुनिक दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए नवाचार कर सकते हैं, देश के विकास में योगदान देंगे। अब यह समय है जब देश के हर युवा को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने 25 वर्षों के इस अमृत काल में युवाओं से तेजी से बढ़ते भारत के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

- युवा अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में करें कार्य
- पीएम ने साहिबजादों की वीरता व बलिदान को किया याद

---

# बैंकों में धोखाधड़ी का बनता जा रहा रिकॉर्ड

**ब्यूरो**



- पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के आए 18,461 मामले
- इसमें शामिल राशि आठ गुना से ज्यादा बढ़कर 21,367 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कहने को तो बहुत मुस्तैद होने का प्रचार करती रही है, लेकिन हालत यह है कि बैंकों में धोखाधड़ी का लगातार रिकार्ड बनता जा रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले उल्लेखनीय रूप से बढ़े हैं। इनकी संख्या 18,461 हो गई है, जबकि इसमें शामिल राशि आठ गुना से अधिक बढ़कर 21,367 करोड़ रुपये हो गई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2023-24 जारी की है। यह रिपोर्ट 2023-24 और 2024-25 के दौरान अब तक वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन के बारे में बताती है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-सितंबर के दौरान बैंकिंग धोखाधड़ी की संख्या 18,461 थी, इसमें शामिल राशि 21,367 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में ऐसे मामलों की संख्या 14,480 थी, जिनमें 2,623 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी।

रिपोर्ट के अनुसार बैंकिंग धोखाधड़ी से वित्तीय प्रणाली के लिए प्रतिष्ठा जोखिम, परिचालन जोखिम, व्यावसायिक जोखिम और वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव के साथ ग्राहक विश्वास में कमी जैसी चुनौतियां पैदा होती है। आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 वित्तीय वर्ष के संबंध में, आरबीआई ने कहा कि बैंकों की ओर से रिपोर्टिंग की तारीख के आधार पर, धोखाधड़ी में शामिल राशि एक दशक में सबसे कम थी, जबकि औसत मूल्य 16 वर्षों में सबसे कम था। धोखाधड़ी की घटना की तारीख के आधार पर, 2023-24 में, कुल में इंटरनेट और कार्ड धोखाधड़ी की हिस्सेदारी राशि के संदर्भ में 44.7 प्रतिशत और मामलों की संख्या के संदर्भ में 85.3 प्रतिशत थी। 2023-24 में, निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के मामलों की संख्या कुल का 67.1 प्रतिशत थी। हालांकि, शामिल राशि के संदर्भ में, 2023-24 में सभी बैंक समूहों के लिए कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी का सबसे अधिक हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का था।

विदेशी बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर सभी बैंक समूहों में 2023-24 के दौरान विनियमित संस्थाओं (आरई) पर लगाए गए जुर्माने की घटनाओं में वृद्धि हुई। वर्ष 2023-24 में कुल जुर्माना राशि दोगुनी से अधिक होकर 86.1 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का योगदान सबसे अधिक रहा। वर्ष के दौरान सहकारी बैंकों पर लगाए गए जुर्माने की राशि में कमी आई, जबकि जुर्माना लगाने के मामलों में वृद्धि हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई रिपोर्टों से पता चलता है कि डिजिटल ऋण क्षेत्र में बेईमान खिलाड़ियों की मौजूदगी जारी है, जो गलत तरीके से विनियमित संस्थाओं के साथ जुड़ाव का दावा करते हैं। किसी विनियमित संस्था के साथ डिजिटल ऋण ऐप (डीएलए) के जुड़ाव के दावों के सत्यापन में ग्राहकों की सहायता के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक विनियमित संस्थाओं की तैनात डीएलए का एक सार्वजनिक संग्रह बनाने की प्रक्रिया में है। इस रिपोजिटरी में भारतीय रिजर्व बैंक के किसी हस्तक्षेप के बिना विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़े शामिल होंगे तथा विनियमित संस्थाओं को, जब भी कोई नया डीएलए जोड़ा जाएगा या कोई मौजूदा डीएलए हटाया जाएगा, उसे अद्यतन करना होगा।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के कई मामले ग्राहकों पर सोशल इंजीनियरिंग हमलों के परिणामस्वरूप होते हैं, लेकिन इस तरह की धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए खच्चर बैंक खातों के उपयोग में भी तेजी से वृद्धि हुई है। आरबीआई ने कहा, इससे बैंकों को न केवल गंभीर वित्तीय और परिचालन जोखिम का सामना करना पड़ता है, बल्कि उनकी प्रतिष्ठा को भी खतरा होता है। इसलिए बैंकों को बेईमान गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने ग्राहकों को जोड़ने और लेनदेन निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के साथ प्रभावी समन्वय की भी आवश्यकता है ताकि प्रणालीगत स्तर पर होने वाली चिंताओं का पता लगाया जा सके और समय रहते उन पर अंकुश लगाया जा सके। रिजर्व बैंक ने आगे कहा कि वह लेनदेन निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने तथा खच्चर खातों को नियंत्रित करने और डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और एलईए के साथ काम कर रहा है।

---

### सीरिया में अपदस्थ राष्ट्रपति के 20 से अधिक समर्थक मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया में अब अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की जान पर बन आई है। सैन्य संचालन विभाग ने राजधानी दमिश्क, ग्रामीण इलाकों, होम्स, लताकिया और टार्टस के कई इलाकों में अभियान चलाकर असद के 20 से अधिक समर्थकों को मार गिराया और कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सीरियाई सैन्य संचालन विभाग असद के इन समर्थकों को आतंकवादी मान रहा है। अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार सैन्य संचालन विभाग के करीबी सूत्र ने बताया कि मेजेह 86, रिपब्लिकन गार्ड के आवासों, दमिश्क के डुम्मर प्रोजेक्ट, कुदसाया, अल-हमा और असल अल में सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है। सैन्य संचालन विभाग ने वांछित व्यक्तियों और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चार दिन का समय दिया था।

### बुशरा बीबी को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गुरुवार को यहां एक स्थानीय अदालत ने बड़ी राहत प्रदान की। अदालत ने उन्हें 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन के संबंधित मामलों में अंतरिम जमानत दे दी। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर में यह जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 21 दिसंबर को रावलपिंडी की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने उन्हें 32 मामलों में 13 जनवरी तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। यह मामले नौ मई की हिंसा से जुड़े हुए हैं।



### जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला उड़ानों में देरी, टिकटों की बिक्री रुकी

**टोक्यो।** जापान एयरलाइंस पर बड़ा साइबर हमला हुआ है। इसका असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ सकता है। जापान एयरलाइंस ने साइबर हमले की पुष्टि की है। द जापान टाइम्स के अनुसार, जापान एयरलाइंस ने गुरुवार को कहा कि सुबह उसके सिस्टम पर साइबर हमला किया गया। सुबह 8:56 बजे इसका पता चला। तकनीकी टीम ने समाधान कर लिया है। साइबर हमले की सूचना के बाद प्रस्थान करने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई।

# 20 वर्ष पहले आई सुनामी को लेकर चेन्नई में निकाली गई 'शांति रैली'

**सुनामी की 20वीं बरसी**

**चेन्नई (आईएएनएस)**



चेन्नई के रोयापुरम कासिमेदु इलाके में वर्ष 2004 की सुनामी की 20वीं बरसी पर गुरुवार को एक शांति रैली और स्मारक सेवा का आयोजन किया गया। शांति रैली में कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन अन्नाद्रमुक के उत्तरी चेन्नई पूर्वोत्तर जिले द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत एक मौन जुलूस से हुई, जिसके बाद एक स्मारक सेवा आयोजित की गई। इसमें मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए फूल चढ़ाए गए और समुद्र में दूध भी डाला गया। इसके साथ ही, गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी, कलैवानी, अचानक बेहोश हो गईं। अन्नाद्रमुक के जिला सचिव आरएस राजेश और महिला विंग के सदस्यों ने उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा। इससे थोड़ी देर के लिए कार्यक्रम में हंगामा भी हुआ। आज से 20 साल पहले 26 दिसंबर 2004 को सुनामी ने चेन्नई के समुद्र तटों पर तबाही मचाकर लोगों की हंसती खेलती जिंदगी तबाह कर दी थी। इस आपदा में लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस भयावह हादसे के दो दशक बीत जाने के बाद भी लोग उस दर्द से नहीं उबर पाए हैं। लेकिन, इस बीच कुछ ऐसे लोग भी रहे, जिन्होंने इस हादसे से उबरकर नई जिंदगी का आगाज किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एमटी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलयालम सिनेमा और साहित्य की सम्मानित हस्तियों में से एक एमटी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एमटी वासुदेवन नायर के कार्यों ने मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, मलयालम सिनेमा और साहित्य की सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक श्री एमटी वासुदेवन नायर जी के निधन से दुःखी हूं। मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ उनके कार्य ने कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

# इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को दी चेतावनी

**यरूशलम (आईएएनएस)**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यमन में हूती बलों को भी इजरायल विरोधी समूहों जैसा ही परिणाम भुगतना पड़ेगा। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हूती विद्रोहियों को भी वही सबक मिलेगा, जो हमास, हिजबुल्लाह, असद सरकार और दूसरों को मिला है। हालांकि, इसमें समय लग सकता है। लेकिन, यह पूरे मध्य पूर्व के लिए एक सबक साबित होगा। इससे पहले, बुधवार को हूती विद्रोहियों ने लगातार दूसरे दिन इजरायल की ओर जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एक ड्रोन दक्षिणी इजरायल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कथित तौर पर हूती बलों द्वारा जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इजरायल यमन में हूती बलों के खिलाफ एक बड़े हमले पर विचार कर रहा है। मंगलवार को इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि सेना एक संभावित ऑपरेशन की तैयारी कर रही है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कान टीवी ने कहा कि इजरायली वायु सेना, सैन्य खुफिया और संचालन निदेशालय पिछले सप्ताह के हमले के बाद यमन में 'काफी आक्रामक योजनाएं बना रहे हैं।

## बना विश्व रिकार्ड, ईसीआई ने जारी की रिपोर्ट

# लोस चुनाव 2024 में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने डाले वोट

**नई दिल्ली (हि.स.)**




- महिलाओं व दिव्यांग मतदाताओं ने भी बनाया रिकॉर्ड
- थर्ड-जेंडर मतदाताओं में हुआ 46.4% का इजाफा



इस साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। वर्ष 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी, जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी। इसी तरह, वर्ष 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा, वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है। महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था। महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी, जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी। वर्ष 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे, वहीं वर्ष 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी। वर्ष 2019 में 540 मतदान केंद्रों की तुलना में वर्ष 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर 42 सांख्यिकीय रिपोर्ट और एक साथ कराए गए चार राज्य विधानसभा चुनावों पर 14-14 रिपोर्ट जारी की हैं। आयोग का कहना है कि ये लगभग 100 सांख्यिकीय रिपोर्ट गहन विश्लेषण और नीतिगत अंतर्दृष्टि के लिए दुनिया भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और चुनाव पर्यवेक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण खजाने की तरह होंगी। आयोग के अनुसार, इस रिपोर्ट में उपलब्ध डाटा सेट संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और राज्यवार मतदाताओं, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता मतदान, पार्टी के आधार पर वोट शेयर, लिंग आधारित मतदान व्यवहार, महिला मतदाताओं की राज्यवार भागीदारी, क्षेत्रीय विविधताएं, निर्वाचन क्षेत्र डाटा सारांश रिपोर्ट, राष्ट्रीय पार्टियों, राज्य स्तरीय पार्टियों, पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) का प्रदर्शन, जीतने वाले उम्मीदवारों का विश्लेषण, निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत परिणाम और बहुत कुछ का विवरण प्रदान करते हैं। यह विस्तृत डाटा सेट हितधारकों को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर पहले से उपलब्ध पिछले चुनावों के डाटा सेट से तुलना के साथ बारीक स्तर के विश्लेषण के लिए डाटा को काटने-छांटने का अधिकार देता है। आयोग का कहना है कि ये रिपोर्ट चुनावी और राजनीतिक परिदृश्य में दीर्घकालिक दृष्टिकोण और बदलावों को ट्रैक करने के लिए समय-श्रृंखला विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगी।

### इस्कॉन ने बांग्लादेशी वकील के संघर्ष की सराहना की



**कोलकाता।** बांग्लादेश की जेल में बंद इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय प्रभु के वकील रवींद्र घोष को कोलकाता इस्कॉन ने अपना समर्थन दिया है। कोलकाता इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट राधारमण दास ने गुरुवार को रवींद्र घोष से उनके घर पर मुलाकात की और उनके संघर्ष की सराहना की। इस दौरान रवींद्र घोष ने बताया कि वह स्वस्थ रहे, तो 2 जनवरी को बांग्लादेश की अदालत में उपस्थित रहेंगे, जहां चिन्मय प्रभु का मामला चल रहा है। रवींद्र घोष, जो इन दिनों इलाज के लिए पश्चिम बंगाल में हैं, चिन्मय प्रभु के लिए अदालत में लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें कई देशों से समर्थन संदेश मिला है। एक मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में उनकी लड़ाई जारी रहेगी। अगर वे स्वस्थ नहीं रहे, किसी अन्य वकील को अदालत में भेजेंगे। लेकिन, इस संघर्ष को रुकने नहीं देंगे। राधारमण दास ने घोष को बहादुर व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष सराहनीय है और जरूरत पड़ी, तो इस्कॉन हरसंभव मदद करेगा।